राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 228 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



पीएम मोदो को इसरो चीफ मोमेंटो देकर अभिनंदन करते हुए।

फास्ट न्यूज

## सीबीडीटी ने आयकर विभाग की नई वेबसाइट लॉन्च की

**नई दिल्ली:** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने शनिवार को आयकर विभाग की नई संशोधित वेबसाइट लॉन्च की। आयकर विभाग ने अपनी वेबसाइट को आयकरदाताओं के अनुकूल इंटरफेस, मूल्य वर्धित सुविधाओं और नए मॉड्यूल के साथ नया रूप दिया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आयकर विभाग की नई संशोधित राष्ट्रीय वेबसाइट उदयपुर में लॉन्च की गई। सीबीडीटी के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने उदयपुर में आयकर निदेशालय (सिस्टम) द्वारा आयोजित 'चिंतन शिविर' में इसे लॉन्च किया। विभाग ने इसे करदाताओं के अनुभव को बढ़ाने और नई तकनीक के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए नया रूप दिया है। यह नई वेबसाइट कर और अन्य संबंधित जानकारी के व्यापक भंडार के रूप में कार्य करती है। साथ ही यह प्रत्यक्ष कर कानूनों, कई अन्य संबद्ध अधिनियमों, नियमों, आयकर परिपत्रों और अधिसूचनाओं तक पहुंच प्रदान करता है, जो सभी क्रॉस-रेफर्ड और हाइपरलिंक्ड है। मंत्रालय के मुताबिक यह साइट एक 'करदाता सेवा मॉड्यूल' भी प्रदान करती है जिसमें करदाताओं को उनके आयकर रिटर्न दाखिल करने में सहायता करने के लिए विभिन्न कर उपकरण शामिल हैं। वेबसाइट पर आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए इन सभी नई सुविधाओं को एक निर्देशित वर्चुअल टूर और नए बटन संकेतकों के माध्यम से समझाया गया है।

## 'देश की प्रगति के लिए जरूरी हैं अभियंता-वैज्ञानिक'

**भोपाल:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश की प्रगति के लिए अभियंता और वैज्ञानिक दोनों आवश्यक हैं। जनजातीय बहुल क्षेत्र झाबुआ में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत करीब आठ वर्ष पूर्व खोला गया इंजीनियरिंग कॉलेज वर्ष 2019 में बंद करने के आदेश दे दिए गए। वर्ष 2020 में पुन: मुख्यमंत्री बनने के बाद मेरे संज्ञान में यह बात आई और मैंने महाविद्यालय पुन: प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आज लगभग 36 एकड़ क्षेत्र में नवनिर्मित कॉलेज भवन का लाभ 500 से अधिक विद्यार्थियों को प्राप्त होगा।

# '23 अगस्त को भारत हर साल मनाएगा 'नेशनल स्पेस डे'

### आपके दर्शन करना चाहता था, चांद पर लैंडर जहां उतरा, वह 'शिवशक्ति पॉइंट' कहलाएगा: पीएम मोदी

गर्व का पल

▶▶ चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पद चिन्ह हैं, उस पॉइंट का नाम 'तिरंगा' होगा: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी शनिवार सुबह इसरो के कमांड सेंटर में चंद्रयान-3 टीम के वैज्ञानिकों से मिले। यहां उन्होंने 3 घोषणाएं कीं। पहली- 23 अगस्त को हर साल भारत नेशनल स्पेस डे मनाएगा। दूसरा- चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, वह जगह शिव-शक्ति पॉइंट कहलाएगी। तीसरी- चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पद चिन्ह हैं, उस पॉइंट का नाम 'तिरंगा' होगा। मोदी ने 45 मिनट के भाषण में कहा, 'मैं साउथ अफ्रीका में था, फिर ग्रीस के कार्यक्रम में चला गया, लेकिन मेरा मन पूरी तरह आपके साथ ही लगा हुआ था। मेरा मन कर रहा था आपको नमन करूं। लेकिन मैं भारत में (रुंधे गले से) भारत में आते ही.. जल्द से जल्द आपके दर्शन करना चाहता था।' मोदी बोले, 'मैं आपको सैल्यूट करना चाहता था। सैल्यूट आपके परिश्रम को.. सैल्यूट आपके धैर्य को.. सैल्यूट आपकी लगन को सैल्यूट आपकी जीवटता को... सैल्यूट आपके जज्बे को।' बाद में शनिवार दोपहर पीएम मोदी बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने पालम एयरपोर्ट पर एक जनसभा को संबोधित किया।



### 'चंद्रयान-3 में महिला वैज्ञानिकों ने बड़ी भूमिका शक्ति'

**पीएम** ने कहा कि हमारे यहां कहा गया है कि निर्माण से प्रलय तक पूरी सृष्टि का आधार नारी शक्ति ही है। आप सब ने देखा है चंद्रयान-3 में देश में हमारी महिला वैज्ञानिकों ने कितनी बड़ी भूमिका निभाई। चंद्रमा का शिव शक्ति पाइंट सदियों तक भारत की इस वैज्ञानिक क्षमता का साक्षी बनेगा। ये शिव शक्ति पाइंट आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा। हमें विज्ञान का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए ही करना है। ये हमारा सुप्रीम कमिटमेंट है।

**भारत दुनिया का चौथा ऐसा देश है जिसने चंद्रमा की सतह को छुआ- पीएम: थर्ड रो से पहली रो तक का सफर:** आज भारत दुनिया का चौथा ऐसा देश है जिसने चंद्रमा की सतह को छुआ है। एक समय था जब भारत के पास जरूरी तकनीक नहीं थी।

**सुबह 7.30 बजे कमांड सेंटर पहुंचे, इसरो चीफ की पीठ थपथपाई:** प्रधानमंत्री सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर बेंगलुरु के इसरो के कमांड सेंटर पहुंचे। यहां वे चंद्रयान-3 की टीम के वैज्ञानिकों से मिले। इसरो कमांड सेंटर पर इसरो चीफ एस सोमनाथ ने पीएम मोदी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पीएम ने सोमनाथ को गले लगाया और पीठ थपथपाई। उन्हें चंद्रयान 3 मिशन के सफल होने पर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने टीम के सभी वैज्ञानिकों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।

**चंद्रयान की सफल लैंडिंग पर:** आप देश को जिस ऊंचाई पर लेकर गए, ये कोई साधारण सफलता नहीं। अनंत अंतरिक्ष में भारत के वैज्ञानिक सामर्थ्य का शंखनाद है। इंडिया इज ऑन द मून, वी हैव अवर नेशनल प्राइड प्लेस्ड ऑन मून। हम वहां पहुंचे जहां कोई नहीं पहुंचा था। हमने वो किया जो पहले कभी किसी ने नहीं किया था। ये आज का भारत है निर्भीक भारत, जुझारू भारत। ये वो भारत है जो नया सोचता है नए तरीके से सोचता है। जो डॉर्क जोन में जाकर भी दुनिया में रोशनी की किरण फैला देता है।

**वैज्ञानिकों की सराहना में:** मेरी आंखों के सामने 23 अगस्त का वो दिन, वो एक-एक सेकेंड बार-बार घूम रहा, जब टचडाउन कन्फर्म हुआ। जिस तरह देश में लोग उछल पड़े वो दृश्य कौन भूल सकता है।



दिल्ली पालम एयरपोर्ट के बाहर समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी।

## पंजाब सीएम मान और गवर्नर के बीच फिर तनातनी

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के सीएम भगवंत मान ने कहा है कि गवर्नर को अगर लगता है कि उनकी चिट्ठी के बाद सीएम की कुर्सी छिनने के डर से मैं कंप्रोमाइज कर लूंगा तो तो जान लें मैं कोई समझौता नहीं करूंगा। मान शनिवार को गवर्नर बीएल पुरोहित को उनके लेटर का जवाब दे रहे थे। मान ने कहा कि गवर्नर की चिट्ठी में उनकी पावर हंगर की झलक मिलती है। उन्हें ऑर्डर देने की आदत है। चिट्ठियां भी शायद ऊपर से लिखवाते होंगे। गवर्नर तो सिर्फ साइन ही करते होंगे। शुक्रवार को गवर्नर बीएल पुरोहित ने मान को चिट्ठी दी थी, इसमें राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत रिपोर्ट भेजने और कानूनी कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी गई थी।

## मदुरै में ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग, 9 की मौत

दर्दनाक

▶▶ यूपी के 63 लोगों ने तीर्थयात्रा के लिए बुक किया था, कॉफी बनाते समय सिलेंडर फटा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**तमिलनाडु** के मदुरै रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग लग गई। शनिवार तड़के हुए हादसे में यूपी के 9 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग झुलस गए। प्राइवेट कोच में यूपी के 63 तीर्थयात्री सफर कर रहे थे। हादसे के वक्त कोच यार्ड में खड़ा था। यह कोच 17 अगस्त को लखनऊ जंक्शन से रवाना हुआ था। कोच को रविवार को चेन्नई से लखनऊ लौटना था। मदुरै कलेक्टर एमएस संगीता ने बताया कि कोच में सभी यूपी के तीर्थयात्री थे। इस कोच को मदुरै में दो दिन तक रुकना था। यात्रियों ने सुबह कॉफी बनाने के लिए स्टोव जलाया, तो सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया।

**मृतकों में लखनऊ, सीतापुर और लखीमपुर के लोग:** मृतकों में छह लोगों का नाम-पता चला है। इनमें शत्रुदमन सिंह निवासी सीतापुर, मिथिलेश कुमारी निवासी सीतापुर, शांति देवी निवासी लखीमपुर, मनोरमा अग्रवाल निवासी लखनऊ, हिमानी बंसल निवासी लखनऊ और परमेश्वर दयाल शामिल हैं। परमेश्वर का पता कन्फर्म नहीं है। सीतापुर के संघ स्वयंसेवक शिव प्रताप सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर लिखा- मैं चार लोगों को लाद कर बाहर निकाल लिया, लेकिन अपनी मिसेज और बहनोई शत्रुदमन सिंह को नहीं निकाल पाया। हार कर गिर गया।

## 'काशी दुनिया का सबसे पुराना जिंदा शहर'

जी0

▶▶ यह वास्तव में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी है: पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**वाराणसी** में शनिवार को जी-20 कल्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 मिनट का वीडियो संदेश दिया। इसमें उन्होंने कहा- मुझे खुशी है कि हम वाराणसी में मिल रहे हैं। जो मेरा संसदीय क्षेत्र है। काशी न केवल दुनिया का सबसे पुराना जिंदा शहर है। बल्कि सारनाथ जहां भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था, वो यहां से दूर नहीं है। यह वास्तव में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी है। पीएम ने कहा, "43... कल्चर, क्रिएटिविटी, कॉमर्स और कॉरपोरेशन से दुनिया आगे बढ़ेगी। मुझे खुशी है कि आपके समूह ने 'कल्चर यूनाइट्स ऑल' अभियान शुरू किया है। यह 'वसुधैव कुटुंबकम'...'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना को ही समाहित करता है।"



**'काशी ज्ञान कर्तव्य और सत्य का खजाना':** "मैं आपके द्वारा जी20 एक्शन प्लान को सॉलिड परिणामों के साथ शेप देने में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना करता हूं। समावेशी और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए सांस्कृतिक शक्ति का इस्तेमाल करने में सक्षम बनाएगा।

## चंद्रयान-3 कामयाब, अब गगनयान का ट्रायल

प्रोजेक्ट

▶▶ इसरो अक्टूबर में अंतरिक्ष में भेजेगा स्पेसक्राफ्ट, फिर महिला रोबोट और बाद में अंतरिक्ष यात्री जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चंद्रयान-3** की सफलता के बाद इसरो गगनयान प्रोजेक्ट पर फोकस कर रहा है। अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में इस मिशन के तहत एक स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसका मकसद यह तय करना है कि मानव मिशन के समय यह स्पेसक्राफ्ट उसी रूट से लौटे जिससे गया है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने 26 अगस्त को यह बात कही।

**व्योममित्र इंसानों जैसी सारी एक्टिविटीज कर सकेगी:** जितेंद्र सिंह ने बताया कि स्पेसक्राफ्ट की टेस्टिंग सफल होने के बाद महिला रोबोट व्योममित्र को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। व्योममित्र इंसानों जैसी सारी एक्टिविटीज कर सकेगी। उन्होंने कहा- अगर सब कुछ ठीक रहा तो हम इससे आगे बढ़ेंगे और मानव मिशन भेजेंगे। उन्होंने कहा- अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना उन्हें भेजना।



## एनसीपी नहीं टूटी: शरद पवार

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**नेशनलिस्ट** कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) चीफ ने शनिवार को लगातार दूसरे दिन अपनी बात दोहराते हुए कहा कि एनसीपी में टूट नहीं हुई है। कोल्हापुर में प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, 'एनसीप में कोई टूट नहीं हुई है, ये सही है। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष हूं और जयंत पाटिल महाराष्ट्र के अध्यक्ष हैं। कुछ लोगों ने अलग राह पकड़ी है।' शरद पवार ने मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक के बारे में बताया।

संवाद — मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से किया संवाद

# सरकार ने प्रदेश को लाल डोरा मुक्त किया: खट्टर

चर्चा

▶▶ पीएम ने की थी स्वामित्व योजना की शुरूआत

▶▶ प्रॉपर्टी की ई रजिस्ट्रेशन करना शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज प्रदेश के सभी गांवों को लाल डोरा मुक्त किया जा चुका है। प्रदेश में अब तक 6,260 गांवों में 25 लाख 17 हजार 266 प्रॉपर्टी कार्डों को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से 24 लाख 51 हजार 613 कार्ड मालिकों को दिए भी जा चुके हैं और उनके परिवार पहचान पत्रों से जोड़े जा चुके हैं। यही नहीं अब तक 3,613 गांवों की 4 लाख 62 हजार सम्पत्तियों की रजिस्ट्री की जा चुकी है मुख्यमंत्री ने यह जानकारी सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के दौरान ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद करने के दौरान दी। एक घंटे के इस कार्यक्रम के तहत 13334 लोग जुड़े। मनोहर लाल ने कहा कि हमने वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के दौरान अपने चुनावी घोषणा पत्र में गाँवों में लाल डोरे के अन्दर की प्रापर्टी का मालिकाना हक प्रॉपर्टी रिकॉर्ड में दर्ज कराने का वायदा किया था। हमने 27 अक्तूबर 2019 को जनसेवा का दायित्व पुनः संभाला और इसके 3 मास बाद ही 25 दिसम्बर को इस वायदे को पूरा कर दिया।





ACTION INDIA
करनाल, 27 अगस्त 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# वोटर चेतना महाअभियान के तहत भाजपा ने कैंपों का किया आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
वोटर चेतना महाअभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न वार्डों में दो दिन तक शिविर लगाकर नवमतदाताओं के वोट बनाने का अभियान चलाया। शिविरों में सैंकड़ो की संख्या में नागरिकों के वोट बनवाये तथा अपने नाम या बूथ की त्रुटियों को ठीक करवाया। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन के नेतृत्व में लगाए गए मुरथल अड्डा, विकास नगर, रॉयल गार्डन ककरोई रोड, आई०टी०आई० चौक, तारा नगर, सैनीपुरा, सिक्का कॉलोनी, अग्रवाल भवन गुड़ मंडी आदि स्थानों पर लगाए गए शिविरों में मतदाताओं को वोट बनवाने एवं चुनाव में मतदान अवश्य करने बारे जागरूक किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने 25 एवं 26 अगस्त को पुरे प्रदेश में वोटर चेतना महा अभियान चलाने के निर्देश कार्यकताओं को दिए थे। राजीव जैन ने शिविरों का दौरा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जब तक सौ फीसदी मतदान का अभियान सफल नहीं होगा तब तक लोकतंत्र मजबूत नहीं होगा।

## सुकन्या समृद्धि योजना कारगर : डीसी

पानीपत, कमाल हुसैनः डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि बेटियां समाज का गौरव है और बेटियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करने में सरकार सजगता से अपना दायित्व निभा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करते हुए क्रियान्वित किया गया है। सरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वरदान है। इस योजना में जमा की गई राशि भविष्य में बेटियों को उच्चतर शिक्षा दिलवाने व उनकी शादी में आर्थिक रूप से मददगार साबित हो रही है। ऐसे में सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना के तहत अपनी बेटी का खाता खुलवाना चाहिए। सुकन्या समृद्धि खाता योजना बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान का ही एक भाग है।

# सेंट जोसेफ स्कूल में पुस्तक प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सेंट जोसेफ स्कूल के प्रांगण में लर्निंग ट्री 'दिल्ली' की ओर से भव्य पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। कक्षा प्रथम से दसवीं कक्षा तक के छात्रों को पुस्तक प्रदर्शनी दिखाई गई। स्कोलर हब द्वारा प्रकाशित पुस्तकों ने छात्रों का मन मोहा।
अर्ली लर्निंग एक्टिविटी, साइंस एंड रेफरेंस, काल्पनिक और अकाल्पनिक, पंचतंत्र कथाएं इत्यादि विभिन्न पुस्तकों में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए विद्यालय ऐसी अनेकों गतिविधियों के लिए सदैव प्रयासरत रहता है।

# भाविप ने सोहनलाल स्कूल में किया प्रतियोगिताओं का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भारत** विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा द्वारा संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद, विवेक गुप्ता, अध्यक्ष अजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में संयोजक राकेश जिन्दल व विवेक सबलोक के नेतृत्व में द्वि-साप्ताहिक सांस्कृतिक पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत आज 12वें दिन महिला एवं बाल विकास संयोजिका रचना गुप्ता के निर्देशन में शहर के सोहनलाल डीएवी स्कूल में रंगोली व बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। परिषद महिला मंडल का स्कूल में पहुंचने पर स्कूल की प्राचार्या नीरू अरोड़ा ने भव्य स्वागत किया। दोनों प्रतियोगिताओं में 80 बच्चों ने भाग लिया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में 6ठी कक्षा की महक ने प्रथम, 12वीं की मोनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में 7वीं के साहिल ने प्रथम, 6ठी के युवराज ने द्वितीय,7वीं की जनेशी ने तृतीय व 6ठी के वंश ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं सीनियर ग्रुप में 10वीं की काजल ने प्रथम, 9वीं के संदीप ने द्वितीय एवं 9वीं के हरमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह दिए गए। इस प्रकल्प की कमान संयोजिका के साथ महिला एवं बाल विकास संयोजिका रचना गुप्ता, मंजू अग्रवाल, आशा जांगड़ा, सुहासिनी गोयल, मिनी गोयल व सरोज अग्रवाल ने संभाली। इसके उपरांत परिषद की महिला मंडल सदस्य मीनू एबट व मीना गर्ग ने छात्राओं को हाईजीन विषय पर शारीरिक स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया व कहा कि हाईजीन पर विशेष ध्यान दें जिससे आप न सिर्फ. आप बीमारियों से बचे रहेंगे अपितु अच्छे स्वास्थ्य के चलते पढ़ाई में भी मन लगने से अव्वल रहेंगे। यह जानकारी शाखा के प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने सांझा करते हुए बताया कि रविवार को महिला मंडल द्वारा शहर के हर्बल पार्क में प्रातः 6 बजे शाखा के सचिव राकेश मक्कड़ द्वारा हास्य योग,सदस्य जतिन मेंहदीरत्ता के सहयोग से बीपी, शूगर व श्वास जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।
सांय काल को सेवा सदन में एक शाम बच्चों के नाम में प्रतिभा एक खोज के तहत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

**पखवाड़ा**
▶▶ परिषद महिला मंडल का स्कूल में पहुंचने पर स्कूल की प्राचार्या नीरू अरोड़ा ने भव्य स्वागत किया

## अधिकारी बोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक 28 अगस्त को

**पानीपत, कमाल हुसैनः** नगराधीश राजेश कुमार सोनी ने बताया कि 28 अगस्त को सुबह 11:30 बजे उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिला में चल रहे विकास कार्यों, भविष्य में करवाए जाने वाले विकास कार्यों और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। उन्होंने बताया कि यह समीक्षा बैठक लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। सीटीएम राजेश कुमार सोनी ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा है कि वे अपने-अपने विभागों की विकास कार्यों तथा कार्यक्रमों से संबंधित प्रगति रिपोर्ट सहित बैठक में सही समय व स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

# बलदेव नगर स्कूल में 10 द्विसीय थिएटर कार्यशाला का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** सैकंडरी शिक्षा विभाग के निदेशक डॉक्टर अशंज सिंह एवम एडिशनल डायरेक्टर एडमिन अमृता सिंह के दिशा निर्देशों और भारतीय रंगमंच विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ एवम नाट्य गृहम द्वारा 10 दिवसीय थिएटर कार्यशाला का आयोजन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर, अंबाला में हो रहा है। आज सातवें दिन वर्कशॉप का निरीक्षण खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह ने किया। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की शिक्षा विभाग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है एवम इस तरह की वर्कशॉप पूरे हरियाणा के हर जिले में चल रही है।
कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। वर्कशॉप में बच्चों को वाइस मॉड्यूलेशन और भाव भंगिमा से रूबरू करवाया गया। इस तरह की क्रियाओं से बच्चों की अवचेतन बुद्धि में विकास होगा। बच्चों को रिलैक्स करने की कुछ एक्सरसाइज भी करवाई गई। इसके साथ साथ बच्चों को नृत्य और संगीत भी करवाया गया। जिला नोडल अधिकारी रविंद्र कुमार जी ने बताया कि थिएटर कार्यशाला से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और साथ ही साथ नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।
कार्यशाला में पंजाब विश्वविद्यालय के इंडियन थिएटर डिपार्टमेंट की चेयरपर्सन डॉ. नवदीप कौर के मार्गदर्शन में विभाग से प्रशिक्षित मनीषा साहू और भानु प्रताप सिंह के द्वारा बहुत अच्छे से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**रंगमंच**
▶▶ बच्चों को रिलैक्स करने की कुछ एक्सरसाइज भी करवाई गई। बच्चों को नृत्य और संगीत भी करवाया गया

# चंद्रयान-3 का हिस्सा रही अंबाला की आरुषि व रामकुमार को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** ब्राह्मण एकता शक्ति संगठन अम्बाला ने भारतीय चंद्रयान-3 की सफलता में अहम भूमिका निभाने वाली टीम में शामिल रही वैज्ञानिक अरुषी शर्मा जोकि डा. सुरेन्द्र शर्मा भारद्वाज वासी थंबड जिला अम्बाला हाल निवासी सैक्टर 9 अम्बाला शहर की पुत्रवधु हैं तथा राम कुमार शर्मा (राष्ट्रपति अर्वाडी) वासी पटेल नगर अम्बाला शहर के पुलिस निरीक्षक एस.एच.ओ पद से सेवानिवृत्त होने पर दोनों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में दी गई प्रसंशनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर जयभगवान शर्मा चेयरमैन, वेद प्रकाश कौशिक सरंक्षक, जोगिंदर पाल कौशल सदस्य, विद्या प्रकाश भारद्वाज वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेन्द्र कौशिक (राष्ट्रपति अवार्डी) मुख्य कोर्डिनेटर, सुरेन्द्र मोहन वत्स, (सेवानिवृत्त बीईओ) महासचिव, सुभाष शर्मा (पत्रकार), रविन्द्र शर्मा उद्योगपति सदस्य, शिव आसरा शर्मा सदस्य, कार्यालय मैनेजर सुभाष चन्द्र शर्मा द्वारा मीठा मुंह करवा कर एवं स्मृति चिन्ह देकर तथा उनके गले में भगवान परशुराम के नाम का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया तथा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# विधायक ने किया अल्ट्रा मॉडल लैब का उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**विधायक** असीम गोयल ने नागरिक अस्पताल अम्बाला शहर में मेरा आसमान संस्था व जिला स्वास्थ्य सलाहकार समिति द्वारा क्रियान्वित अन्नपूर्णा रसोई का भी शुभारम्भ किया। उन्होंने संस्था द्वारा क्रियान्वित इस प्रोजैक्ट की सराहना करते हुए कहा कि यहां से डाईट के मुताबिक मरीज को भोजन उपलब्ध करवाया जायेगा। डाईटिशियन अनुसार ही सम्बन्धित मरीज को जो भोजन की आवश्यकता होगी वह उसे मुहैया करवाई जायेगी। इससे निसंदेह मरीज को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने इस मौके पर अस्पताल में करोड़ों रुपए की लागत से स्थापित अल्ट्रा मॉडल लैब का भी उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि इस लैब से मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में पूरे हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुधार किए जा रहे हैं। मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले इसके लिए निरंतरता में कार्य हो रहे है।
इस मौके पर सीएमओ डा.कुलदीप, पीएमओ डा. संगीता गोयल, मेरा आसमान संस्था से रितेश गोयल, नरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, लकी, मुकेश जिंदल, रोहित अग्रवाल, गुरविंदर सिंह, पिंकू सूद, प्रीतम सिंह गिल सहित अन्य मौजूद रहे।

**मुहैया**
▶▶ डाईटिशियन अनुसार ही सम्बन्धित मरीज को जो भोजन की आवश्यकता होगी वह उसे मुहैया करवाई जायेगी

## दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई

**पानीपत/कमाल हुसैन**
स्थानीय भगत सिंह स्मारक सभागार में अखिल भारतीय नौजवान सभा की ओर से भगत सिंह नैशनल इम्पलाईमेंट गारंटी एक्ट के प्रारुप पर चर्चा करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता ए आई वाई एफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखजिन्द्र सिंह महेश्वरी ने की और संचालन प्रदेश महासचिव सत्येन्द्र गिरि ने किया। आल इंडिया यूथ फैडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं पंजाब इकाई के महासचिव श्री चरणजीत सिंह छांगा ने बनेगा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी युवाओं को बिना भेदभाव रोजगार देने की मांग की और रोजगार नही दिये जाने तक रोजगार इंतजार भत्ता देने की मांग की।

# युवा शक्ति संगठन नारायणगढ़ ने रक्तदान सेवा का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जिला** युवा शक्ति संगठन के कार्यालय नारायणगढ़ में रक्त दान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सवर्गीय ईश्वर चंद मित्तल की याद मे किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव मेहता, प्रधानाचार्य, ब्लू बेल्स स्कूल नारायणगढ़, द्वारा किया गया। राजीव मेहता ने बताया कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि रक्तदान शिविर के दौरान कस्बे व आसपास के युवाओं सहित महिलाओं ने स्वास्थ्य चेकअप व रक्तदान करने में बढ़ चढ़कर भाग लिया राजीव मेहता ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका मनोबल बढ़ाया और कहा की रक्तदान ऐसा दान है जो किसी व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है इसलिए प्रत्येक सवस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिये। शिविर मे कई युवाओं ने अपनी पत्नियों के साथ रक्तदान कियो राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता श्रीमति रानी देवी झिड़ीवाला ने बताया की जिला युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष बलजींदर सिंह नेकनावाँ ने 32वी बार रक्तदान कियो यह कैंप सिविल हॉस्पिटल अंबाला केंट की टीम के डॉ मुकेश कुमार एवं टेक्निकल सूपर्वाइजर संजय यादव के नेत्रत्व टीम ने रक्तदान शिविर मे 47 यूनिट रक्त एकत्रित किया गयो इस दौरान श्रीमति सुनीता नेकनावाँ शिविर मे उपस्थित रहीं कार्यक्रम का प्रायोजन अधिवक्ता श्री विनोद मित्तल, अधिवक्ता श्री निखिल मित्तल द्वारा किया गयो कार्यक्रम में युवा विकास मण्डल नेकनावाँ के सदस्य श्री इंद्रजीत सिंह आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिला युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष श्री बलजींदर सिंह नेकनावाँ ने जानकारी देते हुए बताया की उपरोक्त शिविर में गुप्ता नर्सिंग होम नारायणगढ़ द्वारा फ्री हैल्थ चेकअप कैंप लगाया गया जिसमे 67 मरीजो को फ्री टेस्ट व दवाइयाँ दी गयी जिसमे डॉ अनीश गुप्ता, डॉ धीरज स्यान, स्टाफ नर्स मधु एवं सरिता आदि द्वारा अपनी सेवाएँ प्रदान कि गयी जिला युवा शक्ति संगठन के महासचिव सोहन लाल झिड़ीवाला ने बताया कि लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल कि बीमारियों एवं स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है खून में आयरन कि ज्यादा मात्रा होने से दिल के दोरे का खतरा बढ़ सकता है।

**महादान**
▶▶ रक्तदान शिविर के दौरान युवाओं सहित महिलाओं ने स्वास्थ्य चेकअप व रक्तदान करने में बढ़ चढ़कर भाग लिया

# 'भाजपा सरकार ही कर सकती है विकसित राष्ट्र का रास्ता प्रशस्त'

## बौखलाए कांग्रेसी अब मंच से ही दे रहे हैं जनता को गाली: धनखड़




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भारतीय जनता** पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का रास्ता भाजपा सरकार में ही प्रशस्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए बार-बार भाजपा सरकार को चुनना होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ जींद जिला की सफीदो विधानसभा पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कांग्रेस पर भी हमला करते हुए कहा कि बौखलाए कांग्रेसी अब मंच से खुलेआम जनता को भी गाली दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं को 2024 में फिर से जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि आप अपने अपने पन्ने के मतदाताओं के लिए पीएम मोदी के प्रतिनिधि हो। इसलिए आपका दायित्व बनता है कि मोदी सरकार की नीतियों का लाभ हर पात्र नागरिक तक पंहुचे। उन्होंने कहा कि भाजपा में हर नेता पन्ना प्रमुख है। भाजपा में पन्ना प्रमुख ही मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और प्रधानमंत्री बनते हैं। इस मौके पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन के संयोजक व जिला अध्यक्ष राज कुमार मोर व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रूव पर पहुंचाने वाला भारत विश्व का पहला देश बन गया है। अब तो चंद्रमा को देखने का नजरिया भी बदल गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि अब चंदा मामा दूर के नहीं टूर के हो गए हैं, यह बड़ा बदलाव है। आज मोदी जी ने घोषणा की है कि जिस प्वाइंट पर विक्रम लैंडर ने लैंड किया है उस जगह का नाम शिव शक्ति होगा। अब 23 अगस्त इतिहास में दर्ज हो गया है और यह दिन अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि भारत की अगली तैयारी सूर्य के नजदीक और मंगल ग्रह पर जाने की है। भारत की इस यात्रा को अब कोई रोक नहीं सकता।

**आत्मनिर्भर**
▶▶ भारत की अगली तैयारी सूर्य के नजदीक और मंगल ग्रह पर जाने की है: भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

# महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता की अध्यक्षता में हुई मीटिग

**नतीजे**
▶▶ जजों द्वारा कनिष्ठ और वरिष्ठ प्रतिभागियों में प्रताम द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं के नतीजे घोषित किए गए



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पीडब्ल्यूडी** रेस्ट हाउस में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता डांगी ने जिला महिला मोर्चा सोनीपत की एक मीटिंग ली। जिसकी अध्यक्षता सोनीपत जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा इंदु वलेचा ने की। सुनीता डांगी ने बताया कि 29 अगस्त को प्रदेश महिला मोर्चा की समीक्षा पदाधिकारी बैठक सोनीपत में की जानी है जो की चौकीधानी होटल जीटी रोड गन्नौर मे की जाएगी। जिसमें पूरे प्रदेश महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रहेगी। बैठक में प्रदेश सचिव महिला मोर्चा किरण बाला, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका दहिया, अंजू दहिया, महामंत्री दीपा जिंदल, सीमा गोयल, कौशल्या, प्रेमा,भावना, दीक्षा कुकरेजा, ओमल देवी, सुनीता गाँधी आदि मौजूद रहे।

# नूंह: बल्क एसएमएस व मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित

## हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग की ओर से आदेश पारित

**एहतियात**

**घरेलू ब्रॉडबैंड व लीज लाइनों द्वारा प्रदान की जाने वाली इंटरनेट सेवाओं को इसमें छूट दी गई है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग टीवीएसएन प्रसाद की ओर से जिला नूंह में भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की धारा 5 के साथ दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन (सार्वजनिक आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा) नियम, 2017 के नियम (2) के तहत मोबाइल इंटरनेट सेवाएं 2जी, 3जी, 4जी, 5जी, सीडीएमए व जीपीआरएस व बल्क एसएमएस (बैंकिंग व मोबाइल रिचार्ज को छोडकर) तथा मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाओं को निलंबित करने के आदेश पारित किए गए हैं। इस संबंध में उचित कार्यवाही के लिए हरियाणा की सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को इन आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नूंह के उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि अतिरिक्त गृह सचिव विभाग हरियाणा द्वारा जिला नूंह क्षेत्र में शांति व सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए यह आदेश जारी किए गए हैं। जिला में यह आदेश आज 26 अगस्त को 12 बजे से 28 अगस्त 2023 को रात्रि 12 बजे तक लागू रहेंगे। इन आदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त को कुछ संगठनों द्वारा निर्धारित शोभा यात्रा के मद्देनजर तनाव, आंदोलन, क्षति होने की आशंका के मद्देनजर सार्वजनिक व निजी संपत्ति की सुरक्षा तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आदेश पारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनेट सेवाओं के दुरुपयोग से भडकाऊ सामग्री, झूठी अफवाहों के प्रसार से जिला नूंह में सार्वजनिक संपत्तियों व सुविधाओं को नुकसान, कानून एवं शांति व्यवस्था में गड़बड़ी की संभावना रहती है। इसके अलावा मोबाइल फोन, एसएमएस, व्हाट्सएप, फेसबुक ट्विटर आदि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से भी गलत सूचना व अफवाहों के प्रसार के साथ भीड़ को इकट्ठा व संगठित कर किसी अन्य को गंभीर क्षति पहुंचाने, आगजनी या बर्बरता व अन्य प्रकार की हिंसक गतिविधियों में शामिल होकर सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की संभावना को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं प्रतिबंधित की गई हैं। सार्वजनिक सुविधा व लोगों की बुनियादी घरेलू जरूरतों के अनुसार व्यक्तिगत एसएमएस, मोबाइल रिचार्ज, बैंकिंग एसएमएस, वॉयस कॉल, कॉर्पोरेट और घरेलू ब्रॉडबैंड व लीज लाइनों द्वारा प्रदान की जाने वाली इंटरनेट सेवाओं को इसमें छूट दी गई है।



## नूंह में 28 अगस्त तक ठीकरी पहरा लगाने के दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में नूंह के जिलाधीश धीरेंद्र खडगटा ने पंजाब विलेज एंड स्माल टाऊन पैट्रोल एक्ट, 1918 की धारा 3(1) के तहत नूह जिला के सभी गांवों व शहरों में 26 अगस्त से 28 अगस्त 2023 तक ठीकरी पहरा लगाने के आदेश पारित किए हैं। इन आदेशों की अनुपालना करवाने के लिए जिला परिषद नूंह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओवरऑल इंचार्ज होंगे तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार व उप-तहसीलदार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकाय उनका सहयोग करेंगे। ठीकरी पहरा के लिए सभी गांवों व शहरों में स्थानीय निवासियों में से सक्षम लोगों की ड्यूटी लगाई जाए। सभी थाना प्रबंधक भी इस मामले में संबंधित नगरपरिषद, नगरपालिकाओं व ग्राम पंचायतो से संपर्क बनाये रखेंगे। उपायुक्त ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि सर्वजातीय हिंदू महापंचायत के 28 अगस्त 2023 के पुन: ब्रजमंडल शोभायात्रा के आह्वान के मद्देनजर ठीकरी पहरा लगाने के आदेश पारित किए हैं। उन्होंने बताया कि जिला नूंह में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 28 अगस्त 2023 तक धारा 144 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों के आसपास पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।

# साहित्यकार, कथाकार समाज के संत: कंवर पाल



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने पंचकूला में तीन दिवसीय नौटंकी महोत्सव के मंच पर देशभर से आये साहित्यकारों को सम्मानित किया। रंगकर्म के क्षेत्र में प्रवीण कुमार गुंजन बेगूसराय, बिहार, साहित्य लेखन के लिए डा. ज्योतिष जोशी, नई दिल्ली को अवार्ड दिया गया। वहीं साहित्य संवर्धन के लिए साहित्य अकादमी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. माधव कौशिक को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष संगीत नाटक अकादमी चंडीगढ़, ललित कलाओं के लिए दीवान मन्ना, अध्यक्ष, ललित कला अकादमी पंजाब, लोक नृत्य के लिए शीशपाल सिंह रोहतक, साहित्य, संस्कृति उत्थान के लिए धर्मवीर सिंह पूर्व प्रशासक, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को मुख्य अतिथि कंवर पाल जी ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहित्यकार, कथाकार समाज के संत होते हैं जो कि समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पंचकूला उत्तर भारत का श्रेष्ठ सांस्कृतिक शहर बनेगा। तीन दिवसीय नौटंकी महोत्सव ट्राईसिटी के लिए सांस्कृतिक उपहार जैसा है। प्रख्यात निर्देशक अतुल यदुवंशी एवं उनके पूरे टीम को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। आयोजन के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण एवं विद्युत विभाग हरियाणा के रचनात्मक सहयोग की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 1 नवम्बर से आरंभ हुए सांस्कृतिक अभियान का मैं साक्षी हूं। पंचकूला में सांस्कृतिक उत्सव, पुस्तक मेला और अब यह नौटंकी महोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार करने की पहल है।

# विधायक ने झूठ बोलकर लोगों को किया गुमराह: इनेलो

**आरोप**

**आज भी फतेहाबाद के बाईपास और रतिया रोड पर खेतों में कई-कई फुट बाढ़ का पानी खड़ा है**



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**फतेहाबाद** शहर के बाईपास और रतिया रोड पर खड़े बाढ़ के पानी का मुद्दा विधानसभा में गूंजा। इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला ने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया तो उनकी फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम के साथ जमकर बहस हुई। अभय चौटाला द्वारा पानी निकासी न होने के सवाल पर विधायक दुड़ाराम ने फतेहाबाद में बाढ़ का पानी खड़ा होने की बात कही। हालांकि सच्चाई यह है कि आज भी फतेहाबाद के बाईपास और रतिया रोड पर खेतों में कई-कई फुट बाढ़ का पानी खड़ा है और किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। बता दें कि घग्घर में आई बाढ़ के कारण फतेहाबाद जिले के जाखल, रतिया, टोहाना व फतेहाबाद खंड के खेतों में बाढ़ का पानी भर गया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार बाढ़ के कारण जिले में 1 लाख एकड़ से ज्यादा फसल बर्बाद हो चुकी है। जाखल में घग्घर के तटबंध टूटने से बाढ़ का पानी रतिया होते हुए फतेहाबाद शहर के साथ बाईपास की एक तरफ खड़ा हो गया है। हालांकि प्रशासन द्वारा बाढ़ के इस पानी को यहां से निकालने के लिए कई मोटरें लगाई गई हैं लेकिन अभी तक खेतों से पूरी तरह बाढ़ का पानी नहीं उतर पाया है। इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला द्वारा विधानसभा में इसी मुद्दे को उठाया गया था। इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता विकास मेहता ने कहा कि फतेहाबाद शहर में बाईपास के साथ लगते खेतों में आज भी कई-कई फुट बाढ़ का पानी खड़ा है। बाढ़ के पानी के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है लेकिन प्रदेश सरकार और विधायक इन किसानों को मुआवजा देने की बजाय विधानसभा में सफेद झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

# उकलाना में बनेगा आधुनिक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस: श्रम मंत्री अनूप

**मांग पूरी**

**निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। हाउस के बनने से उकलाना हल्के की जनता की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के श्रम मंत्री अनूप धानक ने कहा है कि उकलाना में लगभग 11 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से करीब डेढ़ एकड़ जमीन में आधुनिक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बनवाया जाएगा। यह रेस्ट हाउस पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। सरकार द्वारा इसकी प्रशासनिक अनुमति प्रदान कर दी गई है।

जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस रेस्ट हाउस के बनने से उकलाना हल्के की जनता की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो रही है। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बनाने के लिए सिरसा-चंडीगढ़ मुख्य मार्ग पर ही उकलाना में उप-तहसील के साथ लगती लगभग डेढ़ एकड़ जमीन को चिन्हित करके प्रयास शुरू किए गए हैं। उनके कड़े प्रयासों के बाद अब सरकार द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बनाने को मंजूरी दी गई है। धानक ने बताया कि लगभग डेढ़ एकड़ जमीन में लगभग 11 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से उकलाना में बनने वाले इस आधुनिक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक सीएम सुइट, दो वीआईपी सुइट, पांच ऑफिस रूम, 35 व्यक्तियों के बैठने के लिए कॉन्फ्रेंस हाल, चार-चार बेड के दो शेयरिंग रूम, छह बेड का एक डॉरमेट्री रूम, एक ड्राइंग रूम, एक जेई मेन्टेन्स रूम, एक बिजली कक्ष, डाइनिंग रूम, किचन, जनरल टॉयलेट, दिव्यांग टॉयलेट का निर्माण करवाया जाएगा।




## मेवात दंगों: साधु के खिलाफ मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**कैथल** के जवाहर पार्क में मेवात दंगों पर विवादास्पद बयान देने वाले एक साधु के खिलाफ थाना शहर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जिस वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वह दो अगस्त की बताई जा रही है। पुलिस के सिक्योरिटी अस्सिटेंट विक्रम ने बताया कि वह कानून व्यवस्था पर निगरानी रखने के लिए शहर में ड्यूटी पर था।

## मंत्री संदीप केस में चार्जशीट पेश, रेप अटेंप्ट की धारा शामिल नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
महिला कोच द्वारा छेड़छाड़ व यौन उत्पीड़न को लेकर लगाए गए आरोपों के आधार पर हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करने वाली चंडीगढ़ पुलिस ने केस में चार्जशीट फाइल कर दी है। चंडीगढ़ पुलिस ने यह चार्जशीट करीब आठ माह बाद दायर की है। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अमन इंदर सिंह संधू की अदालत में शुक्रवार की शाम यह चार्जशीट फाइल की गई है। चार्जशीट में पुलिस ने मंत्री के खिलाफ सिर्फ छेड़छाड़ की धारा ही लगाई है, जबकि रेप अटेंप्ट की धारा 376 को शामिल नहीं किया है।

# रॉल्स रॉयस कार दुर्घटना मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**जांच जारी**

**मेदांता मेडिसिटी में उपचाराधीन विकास मालू से पूछताछ अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद ही होगी**

**टीम एक्शन इंडिया**/गुरुग्राम
दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नूंह जिला में कुबेर समूह के मालिक विकास मालू की 10 करोड़ रुपये की रॉल्स रॉयस कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की जांच पुलिस कर रही है। मेदांता मेडिसिटी में उपचाराधीन विकास मालू से पूछताछ अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद ही होगी। एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी से यह साफ नहीं हो पाया है कि कार को चला कौन रहा था। पुलिस गहनता से अन्य जगह लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार कुबेर समूह के मालिक अपनी रॉल्स रॉयस गाड़ी में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जयपुर में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने जा रहे थे। उनके साथ अन्य गाड़ियों का काफिला चल रहा था। उनकी गाड़ी 200 किलोमीटर प्रति घंटा से भी अधिक रफ्तार पर थी। जैसे ही उनकी गाड़ी नूंह जिला के गांव उमरी के पास पहुंची तो गलत दिशा से आ रहे टैंकर के साथ जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि रॉल्स रॉयस कार में तेज धमाके के साथ आग लग गई और टैंकर पलट गया। टैंकर के चालक और सह-चालक की मौके पर ही मौत हो गई। टैंकर चालक रामप्रीत मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आंबेडकर नगर जिला के गांव बेला का व उसका सह-चालक कुलदीप अयोध्या जिला के गांव महराजीपुर का रहने वाला था।

# अभय चौटाला के निशाने पर बिग बॉस विनर एल्विश



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता और ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने बिग बॉस ओटीटी-2 विनर एल्विश यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अभय चौटाला ने कहा कि जब किसी राज्य का सीएम कहीं जाता है तो उससे पहले बहुत सारी बारीकियां देखी जाती हैं। यूट्यूबर एल्विश यादव टाइगर नामक कंपनी के लिए काम करता है, जो सट्टे की सबसे बडी कंपनी हैं। अभय चौटाला ने कहा कि हरियाणा के सीएम मनोहर लाल बतौर यूथ आइकन एल्विश यादव को प्रमोट करने के लिए 20 अगस्त को गुरुग्राम में जिस जगह गए, वहां टाइगर कंपनी के बैनर लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि अगर सीएम इस तरह के काम करेंगे तो युवा बर्बाद हो जाएगा। यूट्यूबर एल्विश यादव के बिग बॉस ओटीटी-2 का विजेता बनने की खुशी में 20 अगस्त को गुरुग्राम के सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में प्रोग्राम आयोजित किया गया था। इसमें खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहुंचे थे और स्टेज पर एल्विश यादव का हाथ पकड़कर लोगों का अभिनंदन किया था। इसी प्रोग्राम में सीएम ने 1 नवंबर को हरियाणा दिवस के दिन प्रदेशस्तरीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम कराने और राज्य की मेधावी युवा प्रतिभाओं का सम्मान करने का ऐलान किया था। सीएम ने एक नवंबर को हरियाणा दिवस के दिन एल्विश यादव का विशेष सम्मान करने की बात भी कही थी। अब इसी प्रोग्राम में मुख्यमंत्री के शामिल होने पर अभय चौटाला ने सवाल उठाए हैं। चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अभय चौटाला ने कहा कि इन दिनों हरियाणा में बेरोजगारी बड़ा मुद्दा बन रहा है। राज्य के गांव के गांव खाली होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल यह मुद्दा मैंने विधानसभा में भी उठाया था कि रोजगार न होने कि वजह से यह हो रहा है। पढ़ा लिखा युवा परेशान है। युवा रोजगार के लिए विदेश का रुख कर रहा है।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा है आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE

ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# 'सरहद पार से आई महिला ने किया तिरंगे का अपमान'

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा : पाकिस्तान** से आई सीमा हैदर और रबूपुरा के सचिन मीणा की लव स्टोरी के बीच अभी भी मिथिलेश भाटी सुर्खियां बटोर रही हैं।

**लप्पू और झिंगूर जैसे नामों पर रखी मन की बात:** मिथिलेश भाटी ने कहा कि हमारे इलाके में लप्पू और झिंगूर जैसे नामों का खूब इस्तेमाल होता है। लप्पू उसे कहते हैं जो बच्चा ज्यादा नहीं बोलता है। मैंने सचिन को देखकर नहीं बोला। मैंने बस कह दिया। मेरे मुंह में जो आया, वो मैंने बोल दिया। मैं अपने बेटे को लप्पू कहती हूं। तीन चार दिन बाद पता चला कि चाची तुम तो छा गई हो। तुम्हारे ऊपर रील बन रही हैं।



**सीमा से ज्यादा खूबसूरत बताया भारतीय लड़कियों को:** आगे मिथिलेश भाटी ने कहा कि क्या वो ज्यादा मलूक है। उससे अच्छी तो हमारे यहां की लड़कियां हैं। सचिन भाइया समय काट रहे हैं। पता नहीं हमारे सचिन पर क्या कर दिया। हमारा सचिन फंस गया।

**15 नहीं 13 अगस्त को सीमा ने फहराया तिरंगा:** 15 अगस्त पर सीमा हैदर के तिरंगा फहराने वाले वीडियो पर मिथिलेश भाटी और उनकी बहन ने बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहती हूं कि क्या कभी 13 अगस्त को हिंदुस्तान में तिरंगा फहराया गया। सीमा ने 15 को नहीं 13 अगस्त को झंडा फहराया है। आप तो पाकिस्तान से भी एक कदम आगे हो गए हो। देश के जवान जब शहीद हो जाते हैं तो तब उन्हें तिरंगे में लपेटा जाता है, उन्हें वह सम्मान दिया जाता है।

> **आरोप**
> ▶▶ सीमा ने हमारे तिरंगे का अपमान किया। जिंदा व्यक्ति को तिरंगा पहनने की इजाजत नहीं होती है: सीमा

**सीमा ने किया तिरंगे का अपमान, भाभी ने दिया चैलेंज:** आगे कहा कि सीमा ने हमारे तिरंगे का अपमान किया। जिंदा व्यक्ति को तिरंगा पहनने की इजाजत नहीं होती है। उस महिला ने तिरंगे की साड़ी पहनकर रील बनाई। आगे कहा कि मैं कहना चाहती हूं अपने देश को लोगों से। अगर वही सीमा हैदर पाकिस्तान का झंडा पहनकर दिखा दे। हो सकता है कि पाकिस्तान के लोग उसे जिंदा न छोड़ें। वो कहीं भी रह रही हो। मिथिलेश से सीमा हैदर के द्वारा सीएम योगी को राखी भेजे जाने पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि सीमा का तो ये है कि अगर उसे छिंक भी आ गई तो मीडिया पहुंच जाता है। सीमा कपड़े भी धो रही है तो उस पर भी खबर बन रही है।

# फाउंडेशन ने दृष्टि सेवा समिति के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/राई ।** शनिवार को क्षेत्र के जाटी कलां गांव में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन की तरफ से दृष्टि सेवा समिति के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों के नेत्रों की जांच की और उनकों दवाई वितरित की गई। नेत्र जांच शिविर में करीब 40 मरीज ऐसे मिले, जिनकी आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए और उनके आप्रेशन किए जाएंगे।

नेत्र जांच शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा माखने भोग वाले ने कहा कि इस समय आई फ्लू



संक्रमण की वजह से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। उसके लिए नियमित रूप से आंखों की जांच हो उसके लिए क्षेत्र में नेत्र जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। अब जाटी कलां में शिविर लगाया गया है, जिसमें 250 से ज्यादा ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच करवाई है। इससे पहले भी कई गांव में शिविर लगाए गए हैं।

शिविर में डा.धीरेन्द्र, नरेन्द्र भुटानी, डा.रीतिका बत्रा, रामपाल, धर्मपाल, जगदीश पाल, सुरेश, कृष्ण, राजपाल, रमेश, मांगेराम, ब्रहम सिंह, रामनिवास, दीपक शर्मा, अशोक, नंदराम, जयभगवान, सतभगवान पांचाल व रूपकला आदि ने अपना सहयोग दिया।

# जी20- खिड़की और रोशनदान को बंद करा दिया गया

**टीम एक्शन इंडिया/साहिबाबाद जी20** बैठक को लेकर जीडीए और एयरपोर्ट प्रबंधक ने एयरपोर्ट की ओर कुटी गांव के मकानों की खुलने वाली खिड़की और रोशनदान को बंद करा दिया है, जबकि कुछ घरों के ओपन एरिया को बंद करने में सक्षम नहीं होने की रिपोर्ट लगाई गई है। जीडीए अधिकारियों की ओर से तीन दिन पहले आठ भवन स्वामियों को नोटिस दिए गए थे।

आठ से 10 सितंबर तक दिल्ली में होने वाली जी20 बैठक में देश विदेश से प्रतिनिधि मंडल प्रतिभाग करेंगे। दिल्ली के अलावा हिंडन एयरपोर्ट पर भी विदेशी मेहमानों के विमान उतरेंगे। यहां से मेहमान वाया एलिवेटेड रोड होते हुए दिल्ली जाएंगे।

एलिवेटेड रोड से गुजरते हुए दिल्ली जी20 समिट में शामिल होने के लिए जाने वाले विदेशी मेहमानों को हिंडन नदी नहीं बल्कि जलकुंभी और गंदगी के दर्शन होंगे, जबकि रेलवे पुल और हिंडन बैराज के पास हिंडन नदी बड़े नाले के रूप में नजर आएगी। वहीं नालों को रोकने के लिए 1904 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी हिंडन नदी गंदी बनी हुई है।

# शहर नई अनाज मंडी में किसानों का धरना रहा जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर की अनाज मण्डी में किसानों द्वारा कई दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। जिसके बाद माना जा रहा था कि किसान जत्थे बंदियों की अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त करने तक का निर्णय लिया जा सकता है लेकिन खबर लिखे जाने तक किसानों का धरना जारी था। इस दौरान डयूटी मेजिस्टेट नवीन शरयोण सहित भारी पुलिस बल भी उक्त स्थान पर तैनात था। किसान नेता जय सिंह जलबेड़ा, बिजेन्द्र सिंह कम्बोज, बलजिन्द्र चुडयाला, मंजीत मछौंड़ा, बलकार सिंह,



गुरदास, सुखदेव जलबेड़ा, तेजवीर पंजोखरा सहित अनेक किसान मौजूद थे।

किसानों का कहना था कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएगी तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि आज डीसी ने भी उक्त स्थान पर आना था लेकिन अभी तक डीसी यहां नहीं आए। किसानों ने स्पष्ट किया की वह तब तक धरना समाप्त नहीं करेंगे जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं मानी जाती ।

किसान लगातार सरकार तक अपनी मांगे पहुंचाने का काम कर रहे है और धरने पर डटे हुए हैं बीते दिनों भी अंबाला पुलिस प्रशासन और किसानों के बीच तनातनी देखने को मिली शंभू टोल प्लाजा छावनी में तब्दील नजर आया है इस दौरान किसानो को चंडीगढ जाने से रोका गया और हाइवे पर ट्रेक्टर ट्रॉली दौड़ाने वाले लड़कों को पुलिस द्वारा काबू किया ट्रैक्टर ट्रॉली दौड़ाने के दौरान एक ही युवक की टांग कट गई जिसके लिए किसान सरकार से उसके इलाज व नौकरी की मांग कर रहे हैं और आज भी धरने पर डटे हुए है। लेकिन उसके बाद भी डीसी मौके पर नहीं पहुंचे।

# दादरी में दूसरे समुदाय की युवती को भगा ले गया युवक

**टीम एक्शन इंडिया/दादरी (ग्रेटर नोएडा)**

गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी कोतवाली क्षेत्र के एक नगर स्थित मोहल्ले से युवक दूसरे समुदाय की युवती को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। परिजनों ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं इस घटना के बाद से विश्व हिंदू परिषद् के कार्यकताओं रोष है। वहीं दादरी के एक दूसरे मामले में किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई है। पुलिस ने बताया कि नगर के मोहल्ले में अलग-अलग समुदाय के दो परिवार रहते हैं। गुरुवार को एक समुदाय की युवती को दूसरे समुदाय का युवक बहला फुसला ले गया और दिल्ली के आर्य समाज मंदिर में दोनों ने शादी कर ली है। सूचना पाकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता कोतवाली में पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद करने की मांग की। पुलिस ने विहिप के कार्यकताओं को समझा बूझकर शांत किया। दादरी में ही जीटी रोड स्थित छपरौला गांव के पास किराए के मकान में रह रही किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई।

# 'एसोसिएशन एक व्यक्ति के कहने से नहीं होगा भंग'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के सेक्टर 9 में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सेक्टर 9 की वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पी के सचदेवा ने प्रैस वार्ता रखी जिसमें उन्होनें कहा कि बीते दिनों सोशल मीडिया पर उन्ही की एसोसिएशन के उच्च अधिकारी उन्ही की एसोसिएशन को भंग करने की भ्रांतियां फैला रहा है। उन्होनें कहा कि इस प्रकार से अपनी ही एसोसिएशन पर इस तरह के आरोप लगाना सरासर गलत है। वहीं वेलफेयर एसोसिएशन के भंग होने की बात को खारिज करते हुए सचदेवा ने कहा कि उन्होनें सेक्टर वासियों की आवाज प्रशासन व सरकार तक पहुंचाने के लिए 2013 में इस एसोसिएशन को जिला रजिस्ट्रार से रजिस्ट्रर करवाया था। जिसके बाद इस एसोसिएशन में 1 हजार के करीब मैंबर है। उन्होनें कहा कि एसोसिएशन को भंग करने के लिए एजीएम के एक तिहाई सदस्यों का प्रस्ताव लाना जरूरी है। लेकिन किसी एक व्यक्ति के कहने से कि



एसोसिएशन भंग की जा रही है ऐसा कभी नहीं हो सकता। यह नियमों के भी पूरी तरह से खिलाफ है। उन्होनें कहा कि यदि किसी व्यक्ति को कोई नाराजगी है या संबंधित कोई सवाल है तो वह मीटिंग के दौरान अपने सवाल पूछ सकता है। उन्होनें कहा कि सेक्टरों में विकास कार्य सुचारू रूप से हो रहें है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर कार्यकारिणी भंग करने संबंधी ब्यान देता है तो वह पुरी तरह से निराधार है।

उन्होनें कहा कि जिस अधिकारी ने उनकी एसोसिएशन पर पैसे खाने व अन्य निराधार आरोप लगाए उसे उसके पद से हटा दिया गया है। इसके साथ ही उसकी सदस्यता भी रदद कर दी गई है। ऐसे में वह अधिकारी एसोसिएशन को भंग कैसे कर सकता है।

उन्होनें कहा कि कुछ एसोसिएशन सदस्य अपने निजी स्वार्थ के लिए उनकी एसोसिएशन की कार्यकारिणी पर झूठे आरोप लगा रहे है। जिनका कोई भी सबूत उन लोगो के पास नही है। उन्होनें कहा कि उनकी एसोसिएशन ने सदा ही सेक्टर वासियों के लिए आवाज उठाई है और सेक्टरों के विकास के लिए सदा ही आगे आएं है। सचदेवा ने कहा कि उनकी एसोसिएशन जहां विकास के कार्यों में आगे रहती तो वहीं सामाजिक कार्यो में भी बढ़ चढ़ कर भाग लेती। एसोसिएशन 26 जनवरी , 15 अगस्त व अन्य त्यौहारों पर भी कार्यक्रम आयोजित करती है। वहीं पानी निकासी की समस्या को लेकर उन्होनें कहा कि इस समस्या को लेकर वे लगातार प्रयासरत है। वे कई बार इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों से लेकर विधायक असीम गोयल से भी मिल चुके है।

## दोस्ती के बाद बढ़ीं नजदीकियां, वीडियो कॉल पर फंसा पेंच

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सौरभ कुमार ने क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र निवासी युवती पर हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। मामले में युवक ने कोर्ट का सहारा लेकर युवती समेत उसके माता-पिता और भाई के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोप है कि युवती ने ब्लैकमेल करके कई बार उनसे रकम ली। इसके बाद उसने बहाने से घर बुलाकर परिवार के साथ मिलकर उनकी पिटाई की। सौरभ कुमार का कहना है कि 2020 में चचेरी बहन की शादी में उसकी मुलाकात युवती के साथ हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। आरोप है कि युवती ने वीडियो कॉलिंग के दौरान अश्लील फोटो व वीडियो बना ली।

इसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करके शादी करने का दबाव बनाने लगी। आरोप है कि 31 मई 2023 को युवती ने उन्हें फोन करके घर आकर अश्लील फोटो और वीडियो ले जाने के लिए कहा।

# पुलिस ने अमेरिकी नागरिक सहित दो को लिया हिरासत में

**नई दिल्ली :** जी 20 की सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस इन दिनों हाई अलर्ट पर है। राजधानी की सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन, एरियल और खिलौना हेलिकॉप्टर वगैरह उड़ाने पर पूरी तरह पाबंदी लगी हुई है। इस दौरान आदर्श नगर इलाके में एक विदेशी के जरिए ड्रोन उड़ाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस के होश उड़ गए। कंट्रोल रूम में मैसेज फ्लैश होते ही पुलिस अधिकारी मौके की ओर भागे। वहां एक अमेरिकी नागरिक ड्रोन के जरिए वीडियो बना रहा था। पुलिस ने फौरन विदेशी नागरिक और उसके सहयोगी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। साथ ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के साथ खुफिया एजेंसियों ने उससे पूछताछ की। फिलहाल आदर्श नगर थाना पुलिस ने सरकारी आदेश का उल्लंघन करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अमेरिकी दूतावास को सूचना देकर मामले की छानबीन



कर रही है। कौशलपुरी आजादपुर की झुग्गी में रहने वाले संजय वेल्डिंग का काम करता है। गुरुवार दोपहर में वह खाना खाने के लिए घर आया था। तभी उसने देखा कि दो व्यक्ति एक छत पर खड़े होकर ड्रोन उड़ा रहे हैं। आस पास के लोग उन्हें ड्रोन उड़ाते हुए देख रहे थे। ड्रोन उड़ाने वाला एक व्यक्ति विदेशी था। उनसे इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि इनके पास ड्रोन उड़ाने का कोई सरकारी आदेश नहीं था। ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी होने की वजह से पुलिस ने विदेशी शख्स और उसके सहयोगी को हिरासत में ले लिया। दोनों उन्हें लेकर आदर्श नगर थाने पहुंची। उसके बाद दोनों से पुलिस ने पूछताछ शुरू की। पूछताछ में विदेशी शख्स की पहचान कैलिफोर्निया अमेरिका निवासी जस्टिन एंड्रयू ले (27) और ओल्ड चंद्रावल हरिजन बस्ती निवासी जितेंद्र (33) के रूप में हुई। जांच में पता चला कि जितेंद्र किसी संस्था में काम करता है। वह विदेशी युवक को इलाके के स्लम दिखाने के लिए आया था। जिसका वह ड्रोन के जरिए वीडियो बना रहा था। सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय पुलिस ने स्पेशल सेल और खुफिया एजेंसियों को इसकी जानकारी दी। संयुक्त टीम ने दोनों से पूछताछ की। पुलिस ने इनके खिलाफ सरकारी आदेश का उल्लंघन का मामला दर्ज कर इन्हें पाबंद किया है। पुलिस ने अमेरिकी दूतावास को इसकी जानकारी देकर मामले की जांच कर रही है।

# श्री फाउंडेशन ट्रस्ट ने आसनकलां में विकलांग व्यक्ति को ई-ट्राईसाईकल भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम आसनकलां में विकलांग व्यक्ति को ई-टाईसाईकल भेट की गई। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उपझमहाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की सरपंच, ग्राम आसनकलां एवं ग्रामवासियों के आग्रह पर श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा ग्राम आसनकलां के एक विकलांग




व्यक्ति संदीप तनय , वेदप्रकाश को ई-टाईसाईकल भेट की गई।

उक्त समारोह में आसनकलां ग्राम के जोगेन्द्र सिंह, सरपंच, वीरेन्द्र एवं अन्य गणमान्य ग्रामवासी एवं श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, सोमबीर सिंह, एवं रंजीत सिंह भी मौजूद रहें। सरपंच आसनकलां एवं समस्त ग्रामवासियो श्री सीमेन्ट, पानीपत को धन्यवाद एवं साधुवाद दिया एवं उनके द्वारा समय समय पर किये जा रहें सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मैं शाहनवाज पुत्र कासिम मलिक फर्म में शाहनवाज फजल एलआईसी नं. 6417 दुकान. बी-936 नई सब्जी मंडी आजादपुर दिल्ली-110033 ने अपनी फर्म का नाम परिवर्तित मैं अंसारी फ्रुट कंपनी रख लिया है। इस संदर्भ में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर उपरोक्त पते पर लिखित में संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### कोरिया और कोरियाई संस्कृति को दशार्न वाले महोत्सव का सफल समापन



**गुरुग्राम ।** ऐम्बियेंस मॉल, गुरुग्राम में आयोजित दो दिवसीय कोरिया संस्कृति एवं पर्यटन उत्सव 2023 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में आगंतुकों को कोरिया की संस्कृति, वहां के खानपान तथा संगीत व नृत्य को जानने का अवसर मिला। इस फेस्टिवल का आयोजन कोरिया टूरिज्म ऑगेर्नाइजेशन (केटीओ) द्वारा किया गया। यह आयोजन भारत और कोरिया के मध्य गहरे संबंधों का जीवंत उत्सव था जहां पर आगंतुकों ने कोरियाई संस्कृति एवं पर्यटन का परिचन प्राप्त किया। इस फेस्टिवल की शुरूआत प्रेरणास्पद के-परफॉरमेंस से हुई जिसमें वनवे क्रू द्वारा शानदार बी बॉइंग प्रदर्शन किया। इसके बाद ताइक्वाँकर नामक ग्रुप ने ताइक्वांडो का दमदार प्रदर्शन किया, उन्होंने सटीकता व शक्ति के साथ इसे कला में तब्दील कर दिया।इसके साथ ही भारतीय नृत्य एवं कोरियन पॉप साँग्स के अनूठे फ्यूजन ने स्टेज पर जादू बिखेरा। जो लोग इस फेस्टिवल के जादू को तस्वीरों में कैद करना चाहते थे उनके लिए खास तौर पर के-फोटो बूथ डिजाइन किया गया, जिसका बैकड्रॉप मौके के मुताबिक था। बायोफेस और इन्निसफ्री के-ब्यूटी स्टॉल आंगतुकों के बीच हिट रहे, यहां आकर लोगों ने बेदाग कोरियाई खूबसूरती के रहस्यों को जाना। दुनिया भर को प्रभावित करने वाले ब्यूटी प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट का अनुभव करने का मौका यहां पर लोगों को मिला। कोरियाई खानपान का सेक्शन बेमिसाल था। लोटे और ओरियन जैसे जानेमाने नाम यहां स्टॉल लगाकर पारंपरिक कोरियाई व्यंजन परोस रहे थे जिनका आगंतुकों ने भरपूर आनंद लिया।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
**(मो. नं. : 9813507693)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# गोरक्षनाथ के प्रमुख शिष्य थे जाहरवीर गोगा: योगेंद्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री जाहरवीर गोगा** जी की 10वीं पर (स्वप्त श्री लाला साधू राम सिंगला जी) की याद में हनुमान कुश्ती अखाडा कमेटी द्वारा 16वां विशाल कुश्ती दंगल गांव गोन्दर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सर्वप्रथम गोगा मेडी में मत्था टेक भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात कुश्ती अखाडा में रिबन काटकर दंगल की शुरूआत की।

योगेंद्र राणा ने कहा कि दंगल एक पुरानी परंपरा है। ऐसे आयोजन से ग्रामीण इलाकों की प्रतिभाओं को उभरने और राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों के दांव-पेंच की बारीकियों को देखने और सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल प्रत्येक मानव जीवन के लिए बहुत आवश्यक है, जो उन्हें स्वस्थ और शारीरिक शक्ति प्रदान करता है। जीवन के प्रत्येक चरण में इसका बहुत महत्व है। इससे लोगों के व्यक्तित्व में भी निखार आता है। खेल हमारे सभी अंगों को सचेत रखते हैं और नियमित रूप से कोई न कोई खेल खेलने से हमारा दिल मजबूत होता है। इस तरह के आयोजन आज भी हमारे इलाकों में कायम है उन्होंने इसके लिए आयोजकों को बधाई दी । जाहरवीर गोगा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए योगेंद्र राणा ने बताया कि गोगाजी चौहान राजस्थान के लोक देवता हैं, जिन्हें



जाहर पीर के नाम से भी जाना जाता है। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले का एक शहर गोगामेड़ी है। यहां भादों कृष्णपक्ष की नवमी को गोगाजी देवता का मेला भरता है। इन्हें हिन्दू, सिख और मुसलमान तीनों पूजते हैं।

गुजरात मे रेबारी जाति के लोग गोगाजी को गोगा महाराज के नाम से बुलाते है।

उन्होंने कहा कि लोकमान्यता व लोककथाओं के अनुसार गोगाजी को साँपों के देवता के रूप में भी पूजा जाता है। लोग उन्हें गोगाजी, गुग्गा वीर, जाहिर वीर, राजा मण्डलिक व जाहर पीर के नामों से पुकारते हैं। यह गुरु गोरक्षनाथ के प्रमुख शिष्यों में से एक थे। राजस्थान के छह सिद्धों में गोगाजी को समय की दृष्टि से प्रथम माना गया है।

इस मौके पर किसान मोर्चा जिला महामंत्री विनय संधू गगसीना, विनोद राणा गोन्दर, गांव गोन्दर के सरपंच मोहन शर्मा, स. परमजीत सिंह गिल, नम्बरदार वेद प्रकाश त्यागी, पूर्व सरपंच राजिन्द्र राणा, प्रधान व्यापार मंडल बलबीर राणा, शिवकुमार राणा, राजिन्द्र राणा, वाईस चेयरमैन ब्लॉक समिति नवीन राणा, एमडी ग्लोरियस पब्लिक स्कूल ईश्वर राणा, पूर्व सरपंच बलविन्द्र राणा, माण रण सिंह, समाजसेवी, बिजेन्द्र राणा, जिन्दर पाल शर्मा, प्रधान राजकुमार राणा, समाजसेवी ईश्वर सिंह राणा, रमेश राणा, राजिन्द्र राणा, कमेटी के सदस्य संयोजक संजय पहलवान, परविन्द्र पहलवान, हरिओम पहलवान, राहुल पहलवान, कुलदीप राणा, गौरव शर्मा, राहुल राणा, सतीश कुमार, महिपाल पहलवान, बिट्ठू शर्मा, अनिल राणा, अनुज पेरा कमांडो, गौरव राणा, कृष्ण राणा, रविन्द्र राणा, मेहर सिंह राणा, प्रभात राणा, दीपक राणा, बिल्लू राणा, शिव कुमार मास्टर, विक्की मैम्बर, प्रदीप शर्मा, सुमित राणा आदि मौजूद रहे।

## 76 ग्राम 25 मिलीग्राम चरस सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**एंटी नारकोटिक** सेल करनाल की टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 76 ग्राम 25 मिलीग्राम चरस बरामद की गई।
पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी भीम पुत्र शंभू वासी ओगंध थाना निसिंग को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 76 ग्राम 25 मिलीग्राम चरस बरामद की गई । इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट 20 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस जांच के दौरान पाया गया



कि आरोपी पिछले कई सालों से चरस बेचने का काम करता है। वह गांव में आने वाले एक अनजान व्यक्ति जो की सिलाई मशीन ठीक करने का काम करता है।

## निगदू नहर में डूबे दिल्ली के दो चचेरे भाई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिले** की निगदू नहर में 4 चचेरे भाई डूब गए। इनमें से 2 सुरक्षित बाहर निकल गए, लेकिन 2 युवक डूब गए। डूबने वाले दोनों चचेरे भाई दिल्ली से आए थे। दोनों के परिवार करीब 15 साल से दिल्ली में रह रहे हैं। वह करनाल स्थित पैतृक गांव में धार्मिक स्थल पर प्रसाद चढ़ाने के लिए आए थे।
प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली के मंगोलपुरी निवासी सुनील उर्फ अनिल, आनंदपुर धाम दिल्ली के बॉबी और साहिल निगदू के गांव बीड-बड़ालवा में अपने चचेरे भाई अमित के पास आए हुए थे। उन्होंने पहले अपने गांव के धार्मिक स्थल पर प्रसाद चढ़ाया।



इसके बाद वे दोपहर करीब एक बजे गांव के पास स्थित हाबड़ी नहर आ गए थे। चारों युवक नहर की पटरी से गुजर रहे थे तो इस दौरान सभी नहर किनारे बैठकर अपने हाथ पांव पानी से साफ कर रहे थे। इसी बीच अचानक चारों युवक संतुलन बिगडने से नहर में गिर गए।
नहर में गिरे अमित व साहिल ने तैर कर अपनी जान बचाई, जबकि सुनील व बॉबी देखते ही देखते उनके सामने पानी में डूब गए। उन्हें डूबता देख दोनों युवकों ने आसपास के लोगों को आवाज लगाई। लेकिन तब तक सुनील व बॉबी पानी में गायब हो चुके थे। दोनों युवकों द्वारा आवाज लगाने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। टीम देर रात नहर में दोनों की तलाश करती रही, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। निगदू थाना के प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस व गोताखोरों की टीम नहर में सर्च अभियान चलाकर दोनों की तलाश कर रही है।

## सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं आम नागरिक : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** अनीश यादव ने आम नागरिकों से केंद्र सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक नाममात्र राशि में अपना बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर 2 लाख रुपए तक का बीमा होता है। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है।

## रक्षाबंधन पर रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा सरकार** ने महिलाओं को रक्षाबंधन का तोहफा देते हुए हरियाणा परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है ताकि बहनें अपने भाइयों के घर जाकर उन्हें राखी बांध सकें। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि महिलाओं को फ्री यात्रा की सुविधा 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से मिलनी आरम्भ होगी, जो 30 अगस्त रक्षाबंधन के दिन मध्य रात्रि 12 बजे तक जारी रहेगी। महिलाओं को यह सुविधा साधारण व स्टैंडर्ड बसों में दी जाएगी।

## 'युवा संरक्षित खेती का प्रशिक्षण लेकर बढाए अपनी जीविका'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने बताया कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को संरक्षित खेती के लिए तैयार किया जा रहा है। इस कड़ी में घरौंडा स्थित इंडो इजरायल परियोजना के तहत संचालित किये जा रहे सब्जी उत्कृष्टद्दता केंद्र में संरक्षित क्षेत्र में सब्जियों की खेती के लिए योग्यता पैक कराया जाना है। इसमें जो युवा 10 वीं पास कर चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 29 अगस्त निर्धारित है। इसके संबंध में काउंसलिंग 31 अगस्त को प्रशिक्षण स्थल घरौंडा में होगी।
उन्होंने बताया कि 10 वीं पास विद्यार्थियों को पॉली हाऊस व नेट हाऊस का 40 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। चयनित विद्यार्थियों का प्रशिक्षण के बाद वायवा व आनॅलाईन परीक्षा भी होगी।
सरकार ने किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के लिए कई ठोस कदम उठाये हैं। सरकार किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक तरीका से खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।
उन्होंने बताया कि संरक्षित खेती आज के दौर में ऐसी खेती है, जिसके साथ किसान अपने आप को जोडकर. अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। इसमें अंतर्गत पौधों को विपरीत प्राकृतिक परिस्थितियों या प्रतिकूल वातावरण

**संरक्षित खेती**

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को संरक्षित खेती के लिए तैयार किया जा रहा है**

जैसे तेज गर्मी, तेज सर्दी, तेज हवा, तेज प्रकाश की तीव्रता, अतिवृष्टि, अनावृष्टि इत्यादि से पौधों का बचाव किया जाता है व पौधों को संरक्षण दिया जाता है और उन्हें अनुकूल परिस्थितियाँ प्रदान की जाती है, जो कि उनकी बढ़वार में सहायक होती है और इस तरीके से उनसे अच्छी गुणवत्ता की और ज्यादा पैदावार प्राप्त की जाती है।

उन्होंने बताया कि 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक पॉली हाऊस व नेट हाऊस का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को विषय के विशेषज्ञ फार्म की जानकारी भी देंगे। उन्होंने बताया कि संरक्षित क्षेत्र का प्रशिक्षण लेने के लिए आवेदक की योग्यता कम से कम दसवीं पास होगी व उसकी आयु 18 वर्ष निर्धारित है। आवेदक का हरियाणा का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक ऑनलाइन कौशलहोर्टिहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## सोपान स्काउट्स एवं गाइड्स प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला करनाल की ओर से वी.यू.एम.एम जैन पब्लिक स्कूल में तृतीय सोपान स्काउट्स एवं गाइड्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, शिविर की अध्यक्षता जिला संगठन आयुक्त सियाराम शास्त्री ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रधानाचार्या तनुजा सचदेवा ने शिरकत करते हुए बताया कि हमारे विद्यालय के 267 स्काउट्स एवं गाइड्स इस प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं,, जिससे मैं समझती हूं कि हमारा विद्यालय एवं स्काउट एवं गाइड्स



समाज में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे व हमारे संस्कारों को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे।


जिला संगठन आयुक्त सियाराम शास्त्री ने बताया कि तीन दिवसीय इस शिविर में बच्चों को स्काउट्स इतिहास की जानकारी दी जाएगी एवं अनेक प्रकार की जीवन रक्षक उपयोगी जानकारियां बच्चों को दी जाएंगी। विद्यालय निदेशक वीना गुप्ता ने बताया कि स्काउट गाइड हमेशा ही एक प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं। विद्यालय मैनेजर शीतल जैन ने बताया कि स्काउट्स गाइड्स यूनिट का विद्यालय में आना हमारे बच्चो के लिए शुभ संकेत है। स्काउट एवं गाइड्स युवाओं के साथ मिलकर लोगों को जागरूक कर उनको समाज में फैली कुरीतियों के प्रति सचेत कर रहे हैं स्काउट हमेशा अपना कार्य बखूबी निभाते हैं। जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रवण सिंह ने आज बच्चों को प्रार्थना झंडा गीत नियम व प्रतिज्ञा की विशेष जानकारी देते हुए टेंट बनाने के लिए नोट का अभ्यास कराया, जिसमें सर्वप्रथम रिफ नॉट, सीट बैंड, क्लो हिच का अभ्यास कराया गया। राकेश प्रवक्ता प्राथमिक सहायता ने प्राथमिक सहायता की जानकारी देते हुए उन्हें अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक किया, डीओसी बुल बुल शीला देवी ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## डा. अजय की कर्म भूमि पर ऐतिहासिक रैली करेगी जेजेपी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। जननायक** जनता पार्टी ने लोकसभा की रैलियों के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अगली रैली की घोषणा कर दी है। जेजेपी अब 17 सितंबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डा. अजयसिंह चौटाला की कर्म भूमि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा में रैली करेगी और यह रैली दादरी जिले स्थित नई अनाज मंडी में होगी। इस रैली के साथ जेजेपी भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव तैयारियों का बिगुल बजा देगी। यह जानकारी जेजेपी जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि बताया कि पार्टी मिशन-2024 में जुट चुकी है। इसके मद्देनजर सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में रैलियां की जा रही है। अभी तक जेजेपी ने सोनीपत और फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में सफल रैली की है। उन्होंने कहा कि अब 17 सितंबर को दादरी जिले में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा की रैली होगी और इस रैली में पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनाव तैयारियों, सरकार के कार्यों, संगठन मजबूती आदि के बारे में कार्यकताओं को अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहा कि साल 2009 में डा. अजयसिंह चौटाला ने प्रदेश के अंतिम छोर नांगल चौधरी से पदयात्रा की शुरूआत की थी जो चंडीगढ़ तक थी।

## विधानसभा: यमुना बाढ़ बचाव का विधायक कल्याण ने उठाया मुद्दा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**घरौंडा के** विधायक हरविंदर कल्याण ने चंडीगढ़ विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में बाढ़ के विषय पर लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए यमुना नदी के बाढ़ बचाव की आगामी ठोस योजना बनाने के लिए एक राज्य स्तरीय कमेटी के गठन की मांग की।
विधानसभा में पेश किए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि जुलाई महीने में भारी वर्षा के कारण हथनी कुंड बैराज से 360000 क्युसिकस पानी छोडा गया था, जिसके कारण यमुना नदी के बांध के अंदर का पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया था और कुछ स्थानों पर बाढ़ का पानी



ठोकरों तथा बांध को तोडकर खेतों व आबादी क्षेत्र में भी चला गया था, जिससे यमुना क्षेत्र के किसानों की फसलों तथा जान.माल का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में बाँध के अन्दर पानी से काफी उपजाऊ भूमि के कटाव होने का भी जिक्र किया, जिससे सैकडों एकड खेती योग्य भूमि नदी में समा गई है और नदी का बहाव कई स्थानों पर बिल्कुल बांध के नजदीक बहने लगा है। उन्होंने प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से कहा कि बाँध के ऊपर तथा बाँध तक पक्के रास्ते न होने के कारण भी बाढ बचाव कार्यो में देरी होती है, जिसके चलते बाँध की पटरी का भी पक्का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में लोगों को बाढ की मार से बचाने के लिए प्रभावी बाढ़ बचाव की योजना बनाई जानी चाहिए। विधायक कल्याण ने विधानसभा में सरकार को सुझाव दिया कि यमुना क्षेत्र के लिए राज्य स्तरीय समिति बनाकर एक ठोस योजना बनाई जाए, ताकि यमुना नदी के बांध को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि योजना बनाने में उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए बाढ बचाव कार्यों का भी अवलोकन होना चाहिए और आईआईटी रूडकी की नदी व बाढ़ विशेषज्ञ टीम की भी सलाह ली जानी चाहिए।
विधानसभा में बोलते हुए विधायक ने घरौंडा के गांव लालूपुरा में यमुना बाँध को बचाने के लिए 15 दिनों तक प्रशासन द्वारा की गई कड़ी मशक्कत का जिक्र किया और उस दौरान बचाव कार्यों में आई दिक्कतों और लोगों को हुए नुकसान के बारे में भी जानकारी दी।

## संपादकीय

# चंद्रयान भारत के कीर्तिमान का नया गान

**भारत में** उत्सव का माहौल है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कामयाबी का नया गीत लिखा है। भारत चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान उतारने वाला पहला देश बन गया है। अभी पिछले सप्ताह रूस का लूना 25 असफल होकर गिर गया था। भारत ने उसी स्थान पर चन्द्रयान उतारने की सफलता पाई है। ये बड़ी सफलता है। राष्ट्रीय प्रसन्नता के अनेक अवसर आते जाते रहते हैं। वैसे भी भारत उत्सव प्रिय राष्ट्र है। लेकिन जैसा राष्ट्रीय उल्लास चन्द्रयान की सफलता को लेकर प्रत्यक्ष हुआ है वैसा किसी अन्य अवसर को लेकर प्रायः नहीं हुआ। भारतीय राष्ट्रभाव मुद मोद प्रमोद के साथ प्रकट हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये और खुशी की बात है कि चन्द्रयान की तरह सूर्य अभियान की घोषणा भी हो गई है। इसरो सूर्य को लेकर 'आदित्य एल 1' मिशन लांच करने जा रहा है। बताया गया है कि शुक्र भी इसरो के लक्ष्यों में सम्मिलित है। भारत आनंदमगन है। सारी दुनिया भारत की ओर देख रही है। दर्शन और अनूठी संस्कृति के लिए विश्वविख्यात भारत अंतरिक्ष विज्ञान में भी पंख फैला कर उड़ रहा है। अंतरिक्ष की हलचल भारत में हजारों वर्ष पहले से पूर्वजों की जिज्ञासा रही है। वैदिककाल में भी सूर्य, पृथ्वी, सोम, मंगल, बुद्ध, बृहस्पति, शुक्र और शनि जैसे ग्रह वैदिक ऋषियों की जिज्ञासा रहे हैं। इनकी गति के विज्ञान से ही ज्योतिर्विज्ञान का विकास हुआ। भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा हैं। वे प्रतिष्ठित वैदिक देवता हैं। सूर्य संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, 'जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है।' सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, 'मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है।' गीता (8-24) में कहते हैं, 'अग्नि ज्योति के प्रकाश में शुक्ल पक्ष सूर्य के उत्तरायण रहने वाले 6 माहों में शरीर त्याग कर ब्रह्म को प्राप्त करते हैं।' उत्तरायण शुभ काल है। ऋग्वेद से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं, 'आदित्य ही प्राण हैं।' छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, 'जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।' सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। उनका ईंधन अक्षय है। इसरो के प्रस्तावित सूर्य अभियान से इस तरह के तमाम रहस्यों का अनावरण संभावित है। सूर्य अजर अमर हैं। सभी प्राणी सूर्य पर निर्भर हैं। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के सूक्त 36 के देवता विश्वदेवा हैं। इस सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में ऊषा और रात्रि देवी का आह्वान करते हैं। पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं।

# राखी है आदर्शों का हिमालयः संकल्पों का सोपान



ललित गर्ग

"राखी के बारे में प्रचलित ये कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब उसमें प्रदर्शन का घुन लग गया है। पर्व को सादगी से मनाने की बजाय बहनें अपनी सज-धज की चिंता और भाई से राखी के बहाने कुछ मिलने के लालच में ज्यादा लगी रहती हैं। भाई भी उसकी रक्षा और संकट हरने की प्रतिज्ञा लेने की बजाय जेब हल्की कर इतिश्री समझ लेता है। अब राखी में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा"

**भारत** धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों का देश है, यहां के हर त्योहार का अपना एक मकसद और रंग होता है, जो विभिन्न धर्मों, समाजों एवं लोगों को करीब ले आता है। रक्षा-बंधन भी ऐसा ही अनूठा सांस्कृतिक पर्व है। राखी के धागें बहन के पवित्र प्रेम और रक्षा की डोरी भर नहीं है, बल्कि यह धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता एवं एकसूत्रता का अमोघ साधन है। राखी का त्योहार महिलाओं को समानता एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिये संकल्पित होने का अवसर प्रदान करता है। क्योंकि अगर नजर उठाकर देखें, तो कठिनाइयों और चुनौतियों से भरे क्षेत्रों में महिलाएं अब अपनी अद्भुत कार्यशैली से चमत्कृत बुलंदियां छू रही हैं। चाहे सेना हो या पहलवानी के अखाड़े, हर जगह समूची दुनिया उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत करती है। बंधनों, उत्पीड़न एवं उपेक्षा से नारी को मुक्ति दिलाने की प्रेरणा राखी के धागों में गूंथी हुई है। रक्षाबंधन स्नेह का वह अमूल्य बंधन है, जिसका बदला धन तो क्या सर्वस्व देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है, वही लगातार असुरक्षा एवं अस्मिता के लिये जूझती नारी को एक आश्वासन है उसकी रक्षा का। राखी के जरिये बहनें भाई की सलामती की दुआ मांगती हैं तो भाई ताउम्र बहन की हिफाजत का बीड़ा उठाते हैं, फिर चाहे रिश्ता खून का हो या सिर्फ कच्चे धागे का या फिर मानवीय संबंधों का। निश्चित ही नारी अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़ा राखी का त्योहार आदर्शों का हिमालय है और संकल्पों का सोपान है।

रक्षाबंधन प्यार के धागों का एक ऐसा पर्व है जो घर-घर ही नहीं, समाज एवं राष्ट्र में मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचरित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के हाथ में राखी बांधने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन और सात्विक यह पर्व सदियों पुराना है- तब से अब तक नारी सम्मान एवं सुरक्षा पर केन्द्रित यह विलक्षण पर्व है। सगे भाई बहन के अतिरिक्त अनेक भावनात्मक रिश्ते भी इस पर्व से बँधे होते हैं जो धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे हैं। यह पर्व आत्मीयता और स्नेह के बन्धन से रिश्तों को मजबूती प्रदान करने का पर्व है। रक्षा बंधन मानवीय भावों का बंधन है। यह प्रेम, त्याग और कर्तव्य का बन्धन है। इस बंधन में एक बार भी बंध जाने पर इसे तोड़ना बड़ा कठिन है। इन धागों में इतनी शक्ति है, जितनी लोहे की जंजीर में भी नहीं।

राखी के इस अभूतपूर्व पर्व को समझने के लिए इसके ऐतिहासिक प्रसंगों को समझना बेहद जरूरी है वरना इस पर्व की रंगत अधूरी रह जायेगी। भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी होते नजर आने लगे। भगवान इन्द्र घबरा कर बृहस्पति के पास गये। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बाँध दिया जिसके बाद इंद्र विजयी हुए। इस पर्व के अनेक ऐतिहासिक प्रसंग भी हैं। राजपूत जब लड़ाई पर जाते थे तब महिलाएँ उनको माथे पर कुमकुम तिलक लगाने के साथ-साथ हाथ में राखी भी बाँधती थी।

मुगल काल के दौर में जब मुगल बादशाह हुमायूँ चितौड़ पर आक्रमण करने बढ़ा तो राणा सांगा की विधवा कर्मवती ने हुमायूँ को राखी भेजकर रक्षा वचन ले लिया। हुमायूँ ने इसे स्वीकार करके चितौड़ पर आक्रमण का ख्याल दिल से निकाल दिया और कालांतर में मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज निभाने के लिए चितौड़ की रक्षा हेतु बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती और मेवाड़ राज्य की रक्षा की। इसी तरह सिकंदर की पत्नी ने अपने पति के हिंदू शत्रु पुरू को राखी बांध कर अपना मुंहबोला भाई बनाया और युद्ध के समय सिकंदर को न मारने का वचन लिया। पुरू ने युद्ध के दौरान हाथ में बंधी राखी का और अपनी बहन को दिये हुए वचन का सम्मान करते हुए सिकंदर को जीवदान दिया। सिकंदर ने भी पोरस के रक्षा-सूत्र की लाज रखते हुए और एक योद्धा की तरह व्यवहार करते हुए उसका राज्य वापस लौटा दिया।

राखी एक धागा प्रेम का है, जो इस पर्व को एक लौकिक महत्व प्रदान करता है, यह धागा भाई-बहन के रिश्तों को और मजबूत करता है। जो सिर्फ प्यार और अपनेपन का संदेश ही नहीं देता बल्कि कर्तव्यों का भी बोध कराता है। राखी के धागे को देखकर हर भाई को अपनी बहन के प्रति कर्तव्यों का आभास होता है। राखी का त्योहार सावन महीने के अंतिम दिन मनाया जाता है। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब ज्येष्ठ पाण्डव युधिष्ठिर ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूँ तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर आपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित श्रीकृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त है। जब श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई।

द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उँगली पर पट्टी बाँध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। श्रीकृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। इस तरह राखी के दो धागों से भाई-बहन का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा नाता रहा है।

राखी के त्योहार का ज्यादा महत्व पहले उत्तर भारत में था। आज यह पूरे भारत में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इसे नारली पूर्णिमा के नाम से मनाया जाता है। लोग समुद्र में वरुण राजा को नारियल दान करते हैं। नारियल के तीन आंखों को भगवान शिव की तीन आंखें मानते हैं। दक्षिण भारत में इसे अवनी अविट्टम के नाम से जाना जाता है। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। कथा कुछ इस प्रकार है- दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं में खलबली मच गयी और वे सभी भगवान विष्णु से प्रार्थना करने पहुंचे। तब भगवान वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा माँगने पहुँचे। गुरु के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश पाताल और धरती नापकर राजा बलि को रसातल में भेज दिया। इस प्रकार भगवान विष्णु द्वारा बलि राजा के अभिमान को चकनाचूर कर देने के कारण यह पर्व बलेव नाम से भी प्रसिद्ध है।

राखी के बारे में प्रचलित ये कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब उसमें प्रदर्शन का घुन लग गया है। पर्व को सादगी से मनाने की बजाय बहनें अपनी सज-धज की चिंता और भाई से राखी के बहाने कुछ मिलने के लालच में ज्यादा लगी रहती हैं। भाई भी उसकी रक्षा और संकट हरने की प्रतिज्ञा लेने की बजाय जेब हल्की कर इतिश्री समझ लेता है। अब राखी में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए राखी के इस परम पावन पर्व पर भाइयों को ईमानदारी से पुनः अपनी बहन ही नहीं बल्कि संपूर्ण नारी जगत की सुरक्षा और सम्मान करने की कसम लेने की अपेक्षा है। तभी राखी का यह पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार शाश्वत रह पायेगा।



## कविता

चमत्कारिक योग'
भारतीय वैदिक योग
जनमानस होता निरोग,
विश्व गुरु बनने की
प्रथम क्रिया तथा
प्रतिक्रिया में
पहला कदम है
वैश्विक योग दिवस,
भारत की पहल पर
विश्व में मनाया जाएगा
वैश्विक योग दिवस।
पहले निरोगी काया
फिर उस पर योग का साया,
पड़ जाए फिर स्वस्थ
जीवन की छाया।
योग ने किया सबको निरोगी
वैश्विक मुद्रा के लिए भी उपयोगी।
स्वस्थ रहेगा तन और मन
योग शिक्षा से ही
कमा पाएंगे हम
पोंड,डॉलर और धन,
विश्व के गुरु तो बनेंगे ही
देंगे दुनिया को दिशा दर्शन,
आओ अपनाएं योग को
दूर भगाएं सारे रोग को,
योग विद्या है भारत की संपत्ति,
अपनाने में किसी को नहीं है आपत्ति,
आओ हम सब लोग
योग सीखे और सिखाए

संजीव
---------

# कानून बनने पर बात न्यायालय तक आई

**किशन भावनानी गोंदिया**

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश भारत में पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया व्यवस्था एक बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज भारतीय संविधान के अनुसार चलती है और पूरे कानून नियम विनियम अधिनियम प्रक्रिया सबका बेस भी संविधान ही होता है।यदि किन्हीं कानून में कोई धारा या नियम इस दस्तावेज के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करता हैतो अनेक पिटीशन न्यायालय के द्वारा तक आ जाती है, जिसका अधिकार भी संविधान नें ही दिया है जो सबसे बड़ी खूबसूरती है। दूसरी ओर सोने पर सुहागा यह है कि यही कानून नियम विनियमन अधिनियम लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर राज्यसभा और लोकसभा में उच्च और निम्न सदन में ही पारित किए जाते हैं जो बेहद पारदर्शी प्रक्रिया से किया जाता है। परंतु कई वर्षों से जनता देख रही है कि जैसे-जैसे सरकारें और परिस्थितियां बदलती रहती है वैसे-वैसे इन कानून में संशोधन भी किया जाता है और उसकी प्रक्रिया सांसद के दोनों सदनों में ही पास करते हैं, जो संख्या बल का गेम होता है। यानें जिस पार्टी का दोनों सदनोंमें संख्या बल अधिक होगा वह उन संशोधनों विधेयको नियमों विनियमों को पारित कर कानून बना देते हैं, जो सारे देश के लिए बाध्य हो जाते हैं। ठीक उसी तरह संविधान में संशोधन भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा है जिसे उचित एक तिहाई, दो तिहाई इत्यादि नियमों से पारित किया जाता है जो संख्या बल का ही गेम होता है, मेरा मानना है कि इसी संख्या बल और अधिकार, पावर के आधार पर ही हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कहावत कही गई है जिसकी लाठी उसी की भैंस! जिसका सटीक उदाहरण अभी कुछ माह पूर्ण सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक फैसले के बाद नया अध्यादेश लाया गया और विपक्ष की जबरदस्तघेराबंदी एकता के बावजूद यह बिल दोनों सदनों में पारित होकर कानून बन गया। यानें सुप्रीम कोर्ट के दिए गए फैसले के बाद भी एक तरह से उस फैसले को पलट कर एक नया कानून बन गया है, जिसे अब दिनांक 25 अगस्त 2023 को माननीय उच्चतम न्यायालय में पेंडिंग विधायक को चुनौती देने वाली याचिका मेंसंशोधन कर अब कानून के खिलाफ चुनौती करने संशोधन की अनुमति कोर्ट ने दे दी है,क्योंकि केंद्र सरकार ने इस पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई थी। बता दें कि पहले विधेयक को चुनौती दी गई थी अब उसका कानून बनने पर संशोधन कर कानून को चुनौती दी जाएगी। चूंकि संशोधन को उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुमति दी गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावत जिसकी लाठी उसी की भैंस सटीक नजरआई,संसद में बिल से कानून बनने पर हुई लड़ाई, कानून बनने पर बात अब न्यायालय तक आई। साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावत जिसकी लाठी उसी की भैंस के सटीक नजर आने की करें तो,11 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की संविधान पीठ ने अफसरों पर कंट्रोल का अधिकार दिल्ली सरकार को दिया था।

## विचार

# चांद पर इंसानी बस्ती की बढ़ी उम्मीद

**प्रमोद भार्गव**

**चंद्रयान** तीन के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल प्रक्षेपण के बाद लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान ने पानी और खनिजों की खोज के उद्देश्य से काम शुरू कर दिया है। देश की समूची जनता इस सफलता से अति उत्साह में है। अब यह प्रश्न आम और खास आदमी के मन में सहज ही उत्पन्न होने लगा है कि क्या आगामी कुछ वर्षों में चंद्रमा पर मानव बस्तियां बसाई जा सकेगी ? इन्हीं संभावनाओं की तलाष में विक्रम और प्रज्ञान ने संयुक्त अभियान छेड़ दिया है। ये यहां पानी के साथ आग की भी तलाष करेंगे। यदि आग और पानी मिल जाते हैं तो चांद पर मनुश्य के आबाद होने की उम्मीद बढ़ जाएगी। लेकिन एकाएक चांद पर सुविधायुक्त घर बनाना तो संभव नहीं होगा, अतएव ऐसी गुफाओं या कोटरों में रहना होगा, जिनमें पाषाण युग का मनुष्य अग्नि के साथ रहता था।

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सघन रूपों में बड़ी मात्रा में पानी उपलब्ध होने के तत्व मिले हैं। लेकिन ये जहां इंसान रहेगा वहां से बहुत दूर भी हो सकते हैं। इसलिए आरंभ में चांद के मौसम की जानकारी के साथ वहां के वायुमंडल में गैसों की मौजूदगी का भी पता लगाना होगा, जिससे उनके अनुकूल जीवन को संभव बनाया जा सके। हालांकि कई शोधों से यह ज्ञात हुआ है कि चंद्रमा पर गुफाओं की अनेक संरचनाएं हैं।

कुछ गुफाओं में तापमान भी मनुष्य के अनुकूल है। इन गुफाओं के इर्द-गिर्द गड्ढे हैं और इन गड्ढों में पृथ्वी जैसा तापमान है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार वहां 17 डिग्री सेल्सियस तापमान पाया गया है। परंतु चंद्रमा की सतह पर तापमान बदलता रहता है। दिन के समय यह 260 डिग्री तक और रात में यह तापमान षून्य से 280 डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। इसलिए प्रज्ञान ऐसे स्थलों की खोज भी करेगा जहां तापमान स्थिर रहता हो। चंद्रमा पर एक दिन या रात पृथ्वी के दो सप्ताह से थोड़े ज्यादा होते हैं। इस कारण भी मनुश्य का रहना आसान नहीं हो पा रहा है। हालांकि नवीनतम अनुसंधानों से पता चला है कि 200 से अधिक ऐसे गड्ढे हैं, जो लावा फूटने के कारण बने है। इनकी तलाश 2009 में ही कर ली गई थी। 2009 में ही भारत के चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी के साक्ष्य लिए थे।

नौवें दषक से चंद्रमा को लेकर दुनिया के सक्षम देषों की दिलचस्पी इसलिए बढ़ी, क्योंकि चंद्रमा पर बर्फीले पानी और भविश्य के ईंधन के रूप में हीलियम-3 की बड़ी मात्रा में उपलब्ध होने की जानकारियां मिलने लगीं थीं। वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि हीलियम से ऊर्जा उत्पादन की फ्यूजन तकनीक के व्यावहारिक होते ही ईंधन के स्त्रोत के रूप में चांद की उपयोगिता बढ़ जाएगी। यह स्थिति आने वाले दो दषकों के भीतर बन सकती है। गोया, भविश्य में उन्हीं देशों को यह ईंधन उपलब्ध हो पाएगा, जो अभी से चंद्रमा तक के यातायात को सस्ता और उपयोगी बनाने में जुटे हैं। मंगल हो या फिर चंद्रमा कम लागत के अंतरिक्ष यान भेजने में भारत ने विशेष दक्षता प्राप्त कर ली है। दूसरी तरफ जापान ने चंद्रमा पर 50 किमी लंबी एक ऐसी प्राकृतिक सुरंग खोज निकाली है, जिससे भयंकर लावा फूट रहा है। चंद्रमा की सतह पर रेडिएशन से युक्त यह लावा ही अग्नि रूपी वह तत्व है, जो चंद्रमा पर मनुष्य के टिके रहने की बुनियादी शर्तों में से एक है। इन लावा सुरंगों के इर्द-गिर्द ही ऐसा परिवेश बनाया जाना संभव है, जहां मनुष्य जीवन-रक्षा के कृत्रिम उपकरणों से मुक्त रहते हुए, प्राकृतिक रूप से जीवन-यापन कर सके। 2009 के आस-पास भारत के चंद्रयान-1 और अमेरिकी नासा के लूनर रीकॉनाइसेंस ऑर्बिटर ने ऐसी जानकारियां भेजी हैं, जिनसे चंद्रमा पर चौतरफा पानी उपलब्ध होने के संकेत मिलते हैं। गोया, चंद्रमा की सतह पर पानी किसी एक भू-भाग में नहीं, बल्कि हर तरफ फैला हुआ है। इससे पहले की जानकारियों से सिर्फ यह ज्ञात हो रहा था कि चंद्रमा के ध्रुवीय अक्षांश पर अधिक मात्रा में पानी है। इसके अतिरिक्त चंद्रमा पर दिनों के अनुसार भी पानी की मात्रा बढ़ती व घटती रहती है। पृथ्वी के साढ़े उनतीस दिन के बराबर चंद्रमा का एक दिन होता है। मसलन यहां पृथ्वी के साढ़े 14 दिन के बराबर एक दिन और इसी अनुपात में रातें होती हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# शिक्षा सुधार की आवश्यकता

**विजय गर्ग**

**हम सभी** जानते हैं कि भारत की शिक्षा प्रणाली हर पाँच साल में बदल जाती है जब कोई नई सरकार शासन करती है। यह एक तथ्य है जिसे हम सभी ने पिछले कुछ वर्षों में विशेष रूप से देखा है। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि जब से भारत ने वर्तमान संविधान को अपनाया है, नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा शुरू करने के सभी प्रयासों को अवरुद्ध करने के लिए धर्मनिरपेक्षता शब्द को गलत तरीके से प्रचारित किया गया है। भले ही एक के बाद एक शिक्षा आयोग ने नैतिक शिक्षा शुरू करने की सिफारिश की है, सरकार झूठी धर्मनिरपेक्षता के काल्पनिक हित में उनकी सिफारिशों की उपेक्षा कर रही है। नतीजा यह है कि चीजें पहले से भी अधिक तेजी से बिगड़ती जा रही हैं।

श्री अरबिंदो ने स्पष्ट रूप से कहा था कि "नैतिक और धार्मिक शिक्षा की पूरी तरह से उपेक्षा करना जाति को भ्रष्ट करना है। स्वदेशी आंदोलन के बचत स्पर्श से पहले हमारे युवाओं में कुख्यात नैतिक भ्रष्टाचार, दिए गए विशुद्ध मानसिक निर्देश का प्रत्यक्ष परिणाम था। उन्हें शिक्षा की अंग्रेजी प्रणाली के तहत।" इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा से रहित व्यक्ति एक अमानवीय व्यक्ति है जिसके जीवन का मूल्य एक पैसा भी नहीं है। उपरोक्त तर्क के समर्थन में कई अन्य राष्ट्रीय नेताओं जैसे डॉ. राधाकृष्णन, विनोबा भावे आदि के विचारों को बड़े पैमाने पर उद्धृत किया जा सकता है। लेकिन इसकी कोई जरूरत नहीं लगती क्योंकि नीति-निमार्ताओं को इन सभी विचारों के बारे में भली-भांति पता है. तो फिर अड़चन कहां है? यह केवल एक सुसंगत शिक्षा नीति बनाने की आवश्यकता के अहसास की कमी है जिसमें नैतिक शिक्षा और ध्यान का अभ्यास हमारी शैक्षिक प्रणाली का हिस्सा है। हालाँकि, अगर इसे जल्द ही महसूस नहीं किया गया, तो इससे नैतिक शून्यता पैदा हो सकती है जो आगे चलकर अपराध, भ्रष्टाचार, क्रूरता, हिंसा और उग्रवाद को जन्म दे सकती है।

समय की मांग सिर्फ नैतिक शिक्षा शुरू करने की नहीं है, बल्कि चेतना या स्वयं की प्रकृति को जानने की भी जरूरत है क्योंकि भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और विज्ञान पढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है। शिक्षा को व्यक्ति को स्वयं या मन के बारे में प्रबुद्ध करना चाहिए।

# लूटन भैया का भाषण

**लूटन भैया का भाषण**

**एक** हैं लूटन भैया। औपचारिक रूप से राजस्व विभाग और अनौपचारिक रूप से लेन-देन विभाग में काम करते हैं। वे अपनी करनी के लिए कम और कथनी के लिए अधिक जाने जाते हैं। ऊपर से खुद को सर्वज्ञ और दूसरों को अनभिज्ञ समझने का अहंकार अलग से पाल रखा है। हैं तो सरकारी कर्मचारी लेकिन व्यवहार किसी तरकारी बेचने वाले से कम नहीं है। हमेशा दिमाग में लेन-देन के इलेक्टॉन कुलबुलाते रहते हैं। इसी कुलबुलाहट की बदौलत चार कोठियाँ खड़ी कर दी हैं। घर में सभी सदस्यों के लिए चार चक्का गाड़ियों का इंतजाम है। कुल मिलाकर आँखें जमीन पर कम आसमान पर ज्यादा टिकी रहती हैं। पिछले कुछ दिनों से लूटन भैया के मेज के नीचे वाली कमाई में बहुत कमी आ गयी थी। यही वजह थी कि बीच-बीच में अपने कर्मचारियों पर झल्ला उठते थे। एक दिन किसी ने उन्हें असहिष्णुता का पुलिंदा कह दिया। धीरे-धीरे दबी जुबान से सभी लोग यही कहने लगे। जब यह खबर लूटन भैया तक पहुँची तब उनकी उठी भौंहे, चौड़ाई आँखें और लाल-पीली नाक ने कर्मचारियों को सबक सिखाने की ठान ली। आनन-फानन में बैठक का आयोजन किया गया। लूटन भैया कर्मचारियों को शहद लगी छुरी से अपनी बातों का मजा चखाना चाहते थे। शहद लगी छुरी का खेल शुरू हुआ। कहने लगे - एक थाल मोतियों से भरा, सबके सर पर औंधा धरा वाली पंक्ति इंसानी मस्तिष्कीय कणों पर फिट बैठती है। यदि इन कणों की गिनती करने बैठ जाएँ, तो यह जीवन पर्याप्त नहीं होगा। चूंकि कण अनंत हैं इसलिए हमारी समस्याएँ भी अनंत हैं। कण की समस्या और समस्या के कण में केवल दृष्टिकोण का अंतर होता है। वैसे तो ये कण धधकते शरीर के शांत पड़ जाने पर भी होते हैं, किंतु जो मूल्य जीते जी कुछ करने का है वह मरने के बाद करनी को चिढ़ाने भर के लिए काम आते हैं। एक ही तरह का मस्तिष्क दुनिया भर को मिला है, लेकिन कोई उसे जोड़ने के लिए इस्तेमाल करता है तो कोई तोड़ने के लिए। कोई शैतान में इंसान ढूँढ़ने के लिए तो कोई इंसान में शैतान के लिए। यह दुनिया छह को नौ और नौ को छह कहने में इतनी व्यस्त है कि उसे हमेशा अपना नजरिया ही सच लगता है।

# बुजुर्ग हमारे लिए अनमोल धरोहर: आरती राव

## आरती सिंह राव ने स्वर्गीय चितरू राम व भाती देवी किया की प्रतिमा का किया अनावरण

**टीम एक्शन इंडिया संजय शर्मा**
**नारनौल**

**भाजपा प्रदेश** कार्यकारिणी सदस्य आरती राव ने कहा कि युवा शक्ति को नई ऊर्जा प्रदान करने के साथ ही सामाजिक पहलुओं का ज्ञान कराने में बड़े बुजुर्गों का अहम योगदान होता है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से जीवन में सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ने की सीख मिलती है। इनका सदैव मान-सम्मान व आदर सत्कार करते हुए सुखद समाज की संरचना करने में भागीदार बनना चाहिए। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरती सिंह राव शनिवार को नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव रामबास में स्वर्गीय चितरू राम व भाती देवी की प्रतिमा का अनावरण करने उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। आरती सिंह राव ने कहा कि बधाई के पात्र हैं चितरू राम व भाती देवी के पुत्र वीरेंद्र सिंह,महेंद्र सिंह व महिपाल जिन्होंने अपने माता-पिता की याद में उनकी मूर्तियों का निर्माण करवाया। इस मौके पर प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि चितरू राम व भाती देवी बहुत ही नेक दिल इंसान थे। वे समाज सेवा से जुड़े कार्यों में बढ़चढकर भाग लेते थे। उनके परिजन व ग्रामीण भी अब उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय सहभागिता एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वृद्ध जन हमारे परिवार की शोभा, ज्ञान का भंडार होते हैं। जीवन के विपरीत हालातों में वे हमें अपने जीवन अनुभव का लाभ प्रदान करते हैं। हमारे लिए वो किसी धरोहर से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में वृद्धों की सेवा को ईश्वर की पूजा के समतुल्य माना गया है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार के बच्चों को बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलता है निश्चय ही वे भाग्यशाली होते हैं। वे एक शिक्षक की तरह उन्हें जीवन में शिक्षा के अमूल्य ज्ञान एवं अनुभव का निरंतर लाभ देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें हमेशा अपने माता-पिता व बुजुर्गों का आशीर्वाद और साथ मिला। उन्होंने कहा कि चितरू राम व भाती देवी के पुत्रों ने गांव में प्रतिमा लगवाकर बहुत ही नेक एवं पुण्य का कार्य किया है। उनकी प्रेरणा से आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहेगी।



**अनुभव**

बुजुर्गों के आशीर्वाद से जीवन में सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ने की सीख मिलती है। समाज की संरचना करने में भागीदार बनना चाहिए

## न्यूज फ्लैश

### डॉक्टर जेएस यादव कि सोच थी कि विज्ञान आम आदमी तक पहुंचे: कमलेश सैनी



**संतोष कुमारी/टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल।।प्रख्यात शिक्षाविध्द एवं** कुरुक्षेत्र विश्वद्यालय के पूर्व डीन डॉ जे एस यादव की स्मृति में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीरपुर में प्रेरणा दिवस का आयोजन किया किया गया। इस अवसर पर डॉ जेएस यादव मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रेरणा स्कॉलरशिप दी गई। साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने पर रघुविन्दर यादव को छठे प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने क्विज और भाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में नगर परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती कमलेश सैनी मुख्य अतिथि थी व अध्यक्षता प्राचार्य दयानंद ने की व सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता सुखबिंदर यादव विशिष्ट अतिथि थे। गौरतलब है कि पर्यावरणविद्ध डॉ जे एस यादव की स्मृति में प्रतिवर्ष गाँव नीरपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10वीं कक्षा में ० 12वीं कक्षा के तीनों संकायों में प्रथम, द्वितीय ० तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को प्रेरणा स्कॉलरशिप दी जाती है। इसके अलावा सामाजिक कार्यो ० उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रतिवर्ष प्रेरणा पुरस्कार भी दिया जाता है।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए श्रीमती कमलेश सैनी ने कहा कि शिक्षा वह प्रकाश है जो जीवन से हर तरह के अंधेरे को दूर करता है। स्व. डा. जेएस यादव ने जीवन भर शिक्षा का प्रचार और प्रसार किया तथा बच्चों के साथ युवाओ का भी मार्गदर्शन किया। नीरपुर जैसे छोटे से गांव से निकलकर विश्व भर में विज्ञान के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले डा. जेएस यादव के जीवन से बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए तभी प्रेरणा दिवस का आयोजन सफल होगा। उन्होंने कहा कि डा.यादव ने विज्ञान और शिक्षा के अलावा सामजसेवा के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान कायम की। उनका प्रयास था कि विज्ञान आम आदमी तक पहुँचे तभी देश उन्नति करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे माता-पिता की सेवा करें और इस स्तर पर पहुंचे की उनके नाम से उनके गांव को जाना जाए। डॉ जेएस यादव मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान डॉ अतुल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि डा.जेएस यादव कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में पढ? वाले दक्षिणी हरियाणा के सभी विद्यार्थियों के सरंक्षक थे। उनके आवास से लेकर फीस व खाने तक की समस्याओं का वो हमेशा ध्यान रखते थे और उनका समाधान करते थे। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों का आह्वान किया की वे अपने अंदर कभी भी नकारात्मकता ना लाएं और अपने लक्ष्य के प्रति दिल से मेहनत करे तो सफलता उनके कदम चूमेगी। उन्होंने बच्चो को डॉ कलाम की के जीवन से प्रेरणा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य दयानंद यादव ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि डा. यादव जैसे शिक्षाविद्व और समाजसेवी समय से पहले ही हमसे बिछड़ गए लेकिन यह खुशी की बात है कि उनके परिजन उनकी स्मृति में प्रेरणा दिवस का आयोजन करने की सकारात्मक पहल की है। उन्होंने आशा व्यक्त की डा. जेएस यादव के अधुरे सपनों को यहां के विद्यार्थी अवश्य पुरा करेंगे। उन्होंने कहा कि डा. यादव को शुरू से ही पर्यावरण व जीवों से विशेष लगाव था जिसका परिणाम यह रहा कि आज विश्व भर में उनको पर्यावरण व जीव वैज्ञानिक के रूप में जाना जाता है।

सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता सुखबिंदर यादव ने बच्चों का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें जीवन में केवल तीन बातों पर ध्यान देना है उसके बाद कोई भी लक्ष्य मुश्किल नही है। उन्होंने कहा कि गुरूजनों का आदर, माता-पिता का कहना मानना और थोड़ी सी मेहनत करने भर से स्वर्णिम भविष्य के रास्ते खुलते है। कार्यक्रम में शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए रघुविन्दर यादव को स्मृति चिन्ह व शाल ओढाकर प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय में रवि, महक व आयुष को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रेरणा स्कॉलरशिप दी गई। इसी प्रकार कॉमर्स संकाय में रोहित व संजना को प्रथम, यशोदा और पायल को द्वितीय और तृतीय तथ आर्ट्स में राखी, खामोश व पुष्प को स्कॉलरशिप दी गई। इसी कड़ी में दसवीं कक्षा में प्रथम रहने पर यश, द्वितीय स्थान के लिए कुसुम व तृतीय स्थान के लिए प्रीति को प्रेरणा स्कॉलरशिप दी गई। क्विज प्रतियोगिता में कलाम हाउस प्रथम व भाभा हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। भाषण प्रतियोगिता में प्रीति व मोनिका अव्वल रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार धर्मनारायण शर्मा को भी शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ सुरेश कुमारी, पार्षद प्रतिनिधि सुमेर कांडा, नम्बरदार असीम यादव, कप्तान बीरेंद्र सिंह, करतार सिंह प्राध्यापक मंजू यादव, नीतू यादव, कुलदीप शर्मा, प्रतिभा, राकेश, रजनी, संगीता, सुमन, राजबाला, उर्मिला, शशि, देवकीनंदन, मनीषा व सुनीता आदि अध्यापकगण भी उपस्थित थे।

## गांव रसोई में फौजी के घर से डबल बैरल गन व छह हजार रुपये ले गए

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली थाना** क्षेत्र के गांव रसोई में सेवानिवृत फौजी के घर से हजारों रुपयों की नकदी व डबल बैरल गन के चोरी होने का मामला सामने आया है।वह रात को प्लॉट में किराए के लिए बनाए कमरों में जाकर सो गए थे। सुबह उठकर वह घर पहुंचे तो चोरी का पता लगा। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस ने को दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव रसोई निवासी रणधीर सिंह ने बताया कि वह फौज से सेवानिवृत्त है। उन्होंने अपने गांव में प्लॉट के अंदर किराए के लिए कमरे बना रखे हैं। वह रात को अपने घर से जाकर किराए के लिए बनाई गई कॉलोनी में जाकर सो गए। वह सुबह उठकर जब अपने पर घर पहुंचे तो देखा कि सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने जांच की तो घर के अंदर से उनकी 12 बोर की डबल बैरल गन और छह हजार रुपये की नकदी चोरी मिली। उन्होंने अपने स्तर पर चोरों का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। जिस पर उन्होंने कुंडली थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## डेंगू का प्रकोप-प्रशासन की तरफ से जारी किया हेल्पलाइन नंबर, जिला उपायुक्त ने एक दिन ड्राई-डे मनाने की अपील

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिले में डेंगू** का प्रकोप क्षेत्र में हर दिन बढ़ता जा रहा है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मरीजों की मदद के लिए हेल्पलाइन 8607187505 जारी किया है। डेंगू संभावित मरीज हेल्पलाइन पर कॉल कर उपचार से संबंधित जानकारी ले सकते है। इसके साथ डेंगू पर कंट्रोल करने के लिए सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाने की अपील की। ताकि डेंगू के प्रकोप को कम किया जा सके।

**सावधानी बरतें**

डेंगू संभावित मरीज हेल्पलाइन पर कॉल कर उपचार से संबंधित जानकारी ले सकते है

जिला डेंगू अधिकारी डा. अनविता कौशिक ने बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए जन समुदाय की सहभागिता बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर तथा मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों के बारे में आमजन को जागरूक किया जा रहा है। नागरिकों को पानी की टंकी तथा घरों के पानी के बर्तनों को ढक कर रखने चाहिए। दिन में मच्छरों के काटने से बचाव को लेकर व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाएं। जिले में 52 डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। वहीं जिला उपायुक्त ने लोगों से अपील कि सप्ताह में एक दिन को अपने घर में ड्राई डे के तौर पर मनाएं। सभी पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमलों को खाली करके सुखाएं। ऐसा करने पर मच्छर के अंडे व लार्वा मर जाते हैं। इसके साथ डेंगू रोकने के लिए घरों के आस-पास गड्ढे को मिट्टी से भरवा दें, पूरी बाजू के वस्त्र पहनें, मच्छर रोधी दवा या क्रीम का उपयोग करें। कीटनाशक दवाई से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करें, छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर बंद रखें। बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

## मादक पदार्थ के दोषी को एक साल कैद व एक लाख रुपये जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली थाना** क्षेत्र में मादक पदार्थ के मामले के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. संजीव आर्य ने आरोपित को दोषी करार देते हुए एक साल कैद व एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। दोषी शिक्षण संस्थान में हेरोइन बेचने के लिए आया था। एसटीएफ यूनिट सोनीपत में नियुक्त तत्कालीन एसआई नरेश कुमार ने 27 जुलाई, 2018 को कुंडली थाना पुलिस को बताया था कि वह अपनी टीम के साथ बारोटा चौकी के पास मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक मादक पदार्थ लेकर आए और एक शिक्षण संस्थान में सप्लाई करने जाएगा। जिस पर टीम ने नाकाबंदी कर दी थी। इसी बीच एक युवक थ्री-व्हीलर से उतरकर जाने लगा तो पुलिस टीम ने उसे शक के आधार पर रोक लिया था। उसके पास मादक पदार्थ होने की आशंका जताई गई थी। युवक ने अपनी तलाशी राजपत्रित अधिकारी से कराने को कहा था। जिस पर पुलिस ने तत्कालीन डीएसपी राहुल देव को मौके पर बुलाया था। उनके सामने तलाशी लेने पर आरोपित की पेंट की जेब से हेरोइन मिली थी। जिसका वजन 34 ग्राम मिला था। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया था। उसकी पहचान अंबाला की त्रिखा परशुराम कॉलोनी निवासी प्रिंस उर्फ सुखविंदर के रूप में दी थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था, जहां उसे जेल भेज दिया गया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे डॉ. संजीव आर्य ने आरोपी प्रिंस को दोषी करार दिया।

## आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में अध्यापक अभिभावक सम्मान दिवस समारोह मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,**
**कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल में महिला समानता दिवस एवं अध्यापक अभिभावक सम्मान दिवस समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप कादियान रहे। विशिष्ट अतिथि गांव थिराना के सरपंच कुलदीप थिराना रहे। उपप्राचार्य आचार्य राजकुमार शास्त्री और आर्य समाज काबड़ी के उपप्रधान ओम दत्त आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। इस मौके पर कक्षा पांचवी के छात्र अक्षर खन्ना की मां हनी खन्ना और पिता अजय खन्ना और छात्र जय श्री कृष्णा के पिता एडवोकेट पुनीत कौशल ने बताया कि वे अपने पुत्र को इंजीनियर बनाना चाहते हैं। उन्हें इस विद्यालय की अध्ययन अध्यापन की कार्यशैली बहुत पसंद आई वे अपने अन्य बच्चों का प्रवेश भी अगले वर्ष इसी विद्यालय में करवाएंगे। वरिष्ठ प्रवक्ता रेखा शर्मा और पूनम रानी ने सभी अभिभावकों की समस्याओं का समाधान किया। सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानन्द और आचार्य बलदेव को भी याद किया।



## जिले में शनिवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पॉजिटिव केस

**सोनीपत: उपायुक्त डॉ०** मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है।

उपायुक्त ने कहा कि अब तक जिला में 60 हजार 85 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करें।

## ऑटो के अगले टायर में फंसा कुत्ता, अनियंत्रित होकर ऑटो पलटी

### हादसे में ऑटो सवार बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत-गोहाना सड़क** मार्ग पर गांव बड़वासनी के पास ऑटो के सामने आया कुत्ता टायर में फंस गया। जिसके चलते ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो में सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव करेवड़ी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसका चाचा बिजेंद्र सिंह (53) गांव के ऑटो में सवार होकर घर आ रहा था। गांव बड़वासनी के पास सीएनजी पंप के सामने अचानक ऑटो के सामने कुत्ता आ गया। कुत्ता टायर में फंस गया। जिसके चलते ऑटो अनियंत्रित होकर फुटपाट की तरफ पलट गया। ऑटो में सवार कई यात्री घायल हो गए। राहगीरों की मदद से ऑटो को सीधा करके उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां बिजेंद्र सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में भादंसं की धारा-174 के कार्यवाही अमल में लाते हुए शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## कार चालक सहित तीन की हो गई थी मौत

### मृतक के परिजनों को मृतक चालक के खिलाफ करवाया मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर थाना** क्षेत्र के गांव ककरोई में नहरों के बीच तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे में कार सवार तीन की मौत हो गई। मामले में नया मोड़ आया है। मृतक अकाउंट मैनेजर के बेटे ने कार चालक पर लापरवाही का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत पर कार के ड्राइवर नीरज पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सदर थाना प्रभारी दिलबाग ने बताया कि पहले 174 के तहत कार्रवाई की थी। हादसे में ड्राइवर की भी मौत हो चुकी है। मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
संजय कॉलोनी नरेला दिल्ली निवासी मंयक ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। उसके पिता प्रमोद कुमार नर्मदा पोलीमर्स कंपनी सेक्टर 4 आईएमटी मानेसर जिला गुरुग्राम में अकाउंट मैनेजर थे। 5 जून को पिता को अपने सहकर्मी की बारात में जाना था । पिता अपनी कंपनी का काम करके शाम को अपनी कंपनी से कैलाश शर्मा सेक्टर -1 मानेसर गुरुग्राम के साथ निकले थे। कार को ड्राइवर नीरज सकलानी उतम विहार भगवती विहार नई दिल्ली चला रहा था। यह बारात के लिए गांव जाफराबाद भटाना सोनीपत आए। शादी में भाग लेने के बाद पिता व कैलाश शर्मा छह जून रात एक बजे वापिस आ रहे थे। ड्राइवर नीरज सकलानी गाड़ी चला रहा था। रास्ते से पिता प्रमोद कुमार ने उसे रात के समय वाट्सअप द्वारा फोन करके कहा कि वह घर नहीं आएगा, कैलाश के साथ वापिस मानेसर जा रहा है। पिता ने कहा ड्राईवर नीरज सकलानी गाड़ी तेजगति से चला रहा है और कहने पर भी नहीं मान रहा है। इसके बाद फोन कट गया। छह जून की सुबह करीब 8 बजे उसके परिवार के पास फोन आया कि पापा का गांव ककरोई के पास एक्सीडेंट हो गया। उसे बताया गया कि गांव ककरोई के पास गाड़ी नहर में गिर गई थी, जिस कारण पिता प्रमोद कुमार, कैलाश की मौत हो गई। वह और उसकी मां सदमें में हो गए थे। कुछ समय बाद वह व परिवार से बुआ का लड़का पंकज मामचंद कालोनी सोनीपत गांव ककरोई गए। वहां पर उसे विनोद ककरोई नाम का व्यक्ति मिला। उसने बताया कि 5-6. जून की रात करीब 1 बजकर 30 मिनट पर लाईट न होने के कारण वह नहर के साथ साथ घूम रहा था, कि अचानक एक गाड़ी बड़वासनी की तरफ से तेज रफ्तार से आती दिखाई दी थी। उसी दौरान उसे अचानक तेज आवाज आई, उसने सोचा शायद उस गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है। वह भाग कर पुल की तरफ गया।

## रक्षाबंधन के दिन बहनों को फ्री सफर करवाने की कवायद में जुटा रोडवेज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भाई-बहन के** पवित्र पर्व रक्षाबंधन पर महिला यात्रियों को बेहतर परिवहन सेवाएं देने के लिए रोडवेज विभाग अभी से तैयारियों में जुट गया है। इस कड़ी में रक्षाबंधन के दिन सभी बसों का संचालन करने के लिए चालक व परिचालकों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। वहीं बसो में आने वाली तकनीकी खामियों को दूर करने की कवायद भी तेज कर दी है, ताकि महिला यात्रियों को रक्षाबंधन पर्व पर रोडवेज बस में यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना झेलनी पड़े। बता दें कि रक्षाबंधन पर्व 30 अगस्त को मनाया जाएगा। इस पर्व पर बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों के घर राखी बांधन जाती है। हर बार की तरफ इस बार भी रोडवेज बसों में महिलाओं व उनके साथ 15 साल तक के बच्चों को निशुल्क यात्रा की छूट दी गई है। सरकार की तरफ से दी गई यह छूट 29 अगस्त दोपहर 12 बजे से शुरु होकर 30 अगस्त की रात 12 बजे तक रहेगी। रोडवेज व परिवहन समिति की बसों में महिलाओं व उनके 15 साल तक के बच्चों को निशुल्क छूट दिए जाने से बसों में यात्रियों कभी भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में रोडवेज विभाग ने अभी से अपनी तैयारियां करनी शुरू कर दी है।

**लोकल रूटों पर रहेगा फोकस-**
वर्तमान समय में सोनीपत रोडवेज डिपो में 120 बसें है। मार्च माह के बाद से डिपो में शामिल हुए नई बसों को लंबे रूटों पर भेजा जाता है। सोनीपत डिपो से चंडीगढ, हरिद्वार, जयपुर, आगरा सहित कई रूटों पर बसों को भेजा जाता है। रक्षाबंधन पर बस अड्डे में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रोडवेज अधिकारियों ने लंबे रूटों की बसों का परिचालन भी लोकल रूटों पर करने का निर्णय लिया है, ताकि महिला यात्रियों को भीड़ भाड़ का सामना न करना पड़े। रक्षाबंधन पर्व पर महिला यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से चालक-परिचालकों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। बसों में आने वाली तकनीकी खामियों को भी दूर किया जा रहा है। महिला यात्रियों को ज्यादा भीड़ का सामना न करना पड़े, इसके लिए लंबे रूटों की कुछ बसों को लोकल रूटों पर चलाने की योजना है।
**राहुल जैन, महाप्रबंधक रोडवेज डिपो, सोनीपत**

**पहले की अश्लील वीडियो कॉल फिर खुद को पुलिस का एसआई बता मामला सुलटाने के नाम पर मोबाइल नंबर देकर ऐंठ लिए रुपये**

## एसबीआई के मुख्य प्रबंधक को ब्लैकमेल कर ऐंठ लिए 4.16 लाख रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र के सेक्टर-12 में भारतीय बैंक (एसबीआई) के मुख्य प्रबंधक को ब्लैकमेल कर 4.16 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। मुख्य प्रबंधक के पास पहले अश्लील वीडियो कॉल की गई और फिर खुद को दिल्ली पुलिस का एसआई बता मामला सुलटाने के नाम पर वीडियो डिलीट कराने का दबाव डाला गया। सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड नहीं करने का झांसा देकर रुपये मांगे गए। रुपये देने के बाद भी ठग जब उनसे फिर से दो लाख रुपये देने की मांग करने लगे तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि ठग के बारे में कोई जानकारी जल्द से जल्द हासिल की जा सके।
सेक्टर-12 सोनीपत निवासी पीड़ित ने बताया कि वह भारतीय स्टेट बैंक कॉपोरेट सेंटर जयपुर में मुख्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उनके पास 21 अगस्त को रात साढ़े आठ एक अश्लील वीडियो कॉल आई थी। जिसे उन्होंने डिलीट कर दिया। उसके बाद 22 अगस्त को उनके पास कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का सब इंस्पेक्टर ऋषि कुमार शुक्ला बताया। उसने कहा कि आपके पास रात को एक वीडियो आई थी। जिस पर उन्होंने उसे बताया कि वीडियो को उन्होंने डिलीट कर दिया था। कॉल करने वाले ने उन्हें कहा कि उन्होंने आपका रिकॉर्ड खंगाल लिया है। आप बुजुर्ग और समझदार है। अब आपका वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड होगा, जिससे बदनामी हो जाएगी। खुद को एसआई बताने वाले व्यक्ति ने कहा कि वीडियो को आपका परिवार, बच्चे देखेंगे तो क्या कहेंगे। वह आपको एक मोबाइल नंबर भेज रहे हैं। उस नंबर पर कॉल कर अपना वीडियो डिलीट करा लेना। वीडियो अपलोड होने में केवल 40 मिनट का ही समय बचा है। बैंक मैनेजर का कहना है कि उन्होंने जब दिए गए नंबर पर कॉल किया तो वहां से इसकी जुमार्ना राशि 70 हजार रुपये मांगी गई। उन्होंने 70 हजार रुपये उनके दिए खाते में जमा करा दिए। इसके बाद फिर से उन्हें कॉल आई और वह कहने लगे कि यह वीडियो तब डिलीट होगा जब सिक्योरिटी राशि जमा करा दी जाएगी। उन्हें झांसा दिया गया कि सिक्योरिटी राशि वापस कर दी जाएगी। जिसके बाद उन्हें किसी गोविंद वर्मा का खाता दिया गया। वह एचडीएफसी बैंक का था। उन्होंने उसमें 1,35,500 रुपये जमा करा

**फर्जीवाड़ा**

पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि ठग के बारे में कोई जानकारी जल्द से जल्द हासिल की जा सके

# जी20-प्रदूषण रोकने के लिए सड़कें रखी जाएंगी साफ

## ये मशीनें जिन सड़कों से विदेशी मेहमानों को गुजरना है, उनकी सफाई व धुलाई करेंगी

**खेल को बढ़ावा**

▶▶ दो मैकेनिकल रोड स्वीपर के साथ एंटी स्माग गन, वाटर स्प्रिंकलर मशीनें की तैनात करने की योजना बनाई





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**राष्ट्रीय** राजधानी में वायु प्रदूषण एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन मानसून के चलते अभी वायु प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित है। फिर भी जी-20 शिखर सम्मेलन में उपयोग होने वाली सड़कों पर धूल न उड़े, इसके लिए भी एनडीएमसी और एमसीडी ने एक्शन प्लान बनाया है। एनडीएमसी ने दो मैकेनिकल रोड स्वीपर के साथ एंटी स्माग गन और वाटर स्प्रिंकलर मशीनें की तैनात करने की योजना बनाई है, ये मशीनें जिन सड़कों से विदेशी मेहमानों को गुजरना है, उनकी सफाई व धुलाई करेंगी। एमसीडी ने प्रत्येक सड़क पर अधिशासी अभियंता को इसके लिए नोडल अधिकारी बनाया है। एंटी स्माग गन के साथ मैकेनिकल रोड स्वीपर, स्प्रिंकलर की तैनाती सड़कों पर की है।

**दो शिफ्ट में हो रही सड़कों की सफाई:** एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एलजी के दिशानिर्देश पर जी-20 को लेकर 44 सड़कों की सफाई के लिए एक्शन प्लान बनाया गया है। इन सड़कों की प्रतिदिन सफाई हो रही है और सेंट्रल वर्ज से लेकर फुटपाथ को भी साफ रखा जा रहा है। प्रत्येक सड़क पर 15 कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जो सफाई और उद्यान से संबंधित कार्यों को देखेंगे। दो शिफ्ट में इन सड़कों की सफाई करा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि हम विभिन्न एजेंसियों से समन्वय कर कार्य कर रहे हैं। निगम के आदेश में अधिकारियों को कहा गया है कि प्रतिदिन होने वाले सफाई कार्य की रिपोर्ट मुख्यालय को दें। अगर किसी अधिकारी ने कोई लापरवाही की है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखा है कि सम्मेलन के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से कर्मचारियों के लिए पहचानपत्र जारी किए जाएं। सभी कर्मचारी हरे रंग की एमसीडी लोगो लगे हुए जैकेट में नजर आएंगे। हम एनडीएमसी की सड़कों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य कर चुके हैं। विदेशी मेहमानों के गुजरने वाली सड़कों की सफाई व्यवस्था और ज्यादा दुरुस्त रहे, इसके लिए विशेष योजना बनाई गई है।

### जी20: हिंडन एयरपोर्ट के आसपास घरों के खिड़की-रोशनदान बंद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी20** बैठक को लेकर जीडीए और एयरपोर्ट प्रबंधक ने एयरपोर्ट की ओर कुटी गांव के मकानों की खुलने वाली खिड़की और रोशनदान को बंद करा दिया है, जबकि कुछ घरों के ओपन एरिया को बंद करने में सक्षम नहीं होने की रिपोर्ट लगाई गई है। जीडीए अधिकारियों की ओर से तीन दिन पहले आठ भवन स्वामियों को नोटिस दिए गए थे।

**एयरपोर्ट पर उतरेंगे विदेशी मेहमान:** आठ से 10 सितंबर तक दिल्ली में होने वाली जी20 बैठक में देश विदेश से प्रतिनिधि मंडल प्रतिभाग करेंगे। दिल्ली के अलावा हिंडन एयरपोर्ट पर भी विदेशी मेहमानों के विमान उतरेंगे। यहां से मेहमान वाया एलिवेटेड रोड होते हुए दिल्ली जाएंगे।



**एलिवेटेड रोड से गुजरते हुए मेहमान हिंडन नहीं देखेंगे जलकुंभी:** एलिवेटेड रोड से गुजरते हुए दिल्ली जी20 समिट में शामिल होने के लिए जाने वाले विदेशी मेहमानों को हिंडन नदी नहीं बल्कि जलकुंभी और गंदगी के दर्शन होंगे।

# दीवार गिरने से मौत के मामले में संपत्ति मालिक गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ओखला** औद्योगिक क्षेत्र फेज दो में बेसमेंट की दीवार गिरने के मामले में हादसे के बाद से फरार बताए जा रहे गार्ड और संपत्ति मालिक में से संपत्ति मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान पंचशील एन्क्लेव के तरुण गर्ग (42) के रूप में हुई है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। दूसरी ओर घायलों का एम्स ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है जबकि दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम अभी तक नहीं कराया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम एक साथ कराने की बात कह रही है लेकिन मृतक रमन के स्वजन खबर लिखे जाने तक दिल्ली नहीं आए थे इसलिए हादसे के 24 घंटे बाद तक दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया था। गौरतलब है कि मृतकों में शामिल रमन बिहार के मुंगेर जिले के कथनी गांव के रहने वाले थे। उनके परिवार में एक भाई और माता-पिता हैं जोकि बिहार में ही रहते हैं। दूसरे मृतक मिंटू बिहार के भागलपुर जिले के शाहकुंड प्राखंड स्थित घुसकी टोला के रहने वाले थे। परिवार में उनके दो बेटे, एक बेटी और पत्नी हैं। उनका बड़ा बेटा गूंगा है। वहीं, घायलों में शामिल देवेंद्र बिहार के मुंगेर के धौरी गांव व नितीश कल्याणपुर गांव और गुलशन भागलपुर जिले के सुल्तानपुर गांव के रहने वाले हैं। तीन अन्य घायल भी बिहार के ही मूल निवासी हैं।

**गिरफ्त में**

▶▶ गार्ड और संपत्ति मालिक में से संपत्ति मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

# अब एमसीडी के स्कूलों का प्रतिदिन होगा निरीक्षण औक निगरानी

**गठन**

▶▶ साथ ही इसकी निगरानी होगी, इसके लिए एमसीडी ने एक निरीक्षण निगरानी सेल का गठन कर दिया है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम के स्कूलों को ठीक करने के साथ ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अब स्कूलों का प्रतिदिन निरीक्षण होगा। साथ ही इसकी निगरानी होगी। इसके लिए एमसीडी ने एक निरीक्षण निगरानी सेल का गठन कर दिया है। इसमें पांच सदस्य बनाए गए है। इसमें अतिरिक्त शिक्षा निदेशक, उप निदेशक, प्रशासनिक अधिकारी, मेंटर शिक्षक और डाटा एंट्री आपरेटर की नियुक्ति की गई है। यह टीम स्कूल निरीक्षकों और मेंटर शिक्षकों द्वारा किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार करेंगे। निगम का दावा तो इससे शिक्षा व्यवस्था को ठीक करने का है, लेकिन शिक्षकों को डर है कि निरीक्षण के नाम पर कहीं, शोषण न होने लग जाए। दिल्ली नगर निगम के पास 1534 स्कूल हैं। साथ ही आठ लाख से ज्यादा विद्यार्थी अध्ययन भी करते हैं। चूंकि निगम में सत्ता परिवर्तन के बाद सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी सरकार का जोर दिल्ली सरकार की तर्ज पर निगम स्कूलों में सुधार करने का है।

## दिल्ली में खून खराबा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के नरे**ला इलाके में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया गया। यहां एक सिरफिरे ने एक स्कूली छात्र समेत दो लोगों पर चाकू से तोबड़तोड़ कई वार कर सभी को घायल कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए हमलावर को पकड़कर पहले जमकर पीटा फिर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल पुलिस ने यह जानकारी नहीं दी है कि आखिर इस सिरफिरे ने इन तीनों पर हमला क्यों किया। बस इतना ही बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन की जा रही है।

# जी-20 मय नजर आएगी राजधानी दिल्ली

## दिल्ली में आइजीआइ एयरपोर्ट, राजघाट, मुख्य कार्यक्रम स्थल प्रगति मैदान समेत 20 जगहों इस समूह के देशों के झंडे लगाए जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में दो दिन तक चलने वाले जी-20 सम्मेलन को लेकर तैयारी जोरों पर है। शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 29 देशों के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेने आ रहे हैं। इस दौरान दिल्ली में आइजीआइ एयरपोर्ट, राजघाट, मुख्य कार्यक्रम स्थल प्रगति मैदान समेत 20 जगहों इस समूह के देशों के झंडे लगाए जाएंगे।

**इन जगहों पर लगेंगे झंडे:** आगंतुकों को एयरपोर्ट पर उतरने से लेकर उनके होटलों और प्रगति मैदान तक हर तरफ जी-20 मय नजर आएगा। इन जी-20 समूह के सभी देशों के झंडे लगने से अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में सभी सदस्य देश खुद को जुड़ा हुआ अनुभव करेंगे। आइजीआइ व पालम टेक्निकल एयरपोर्ट और छावनी क्षेत्र में 11 जगहों पर इन देशों के झंडे एक साथ लगाए जाएंगे। वहीं, मुख्य कार्यक्रम स्थल प्रगति मैदान के आसपास तीन जगहों पर इसी तरह से झंडे लगेंगे। इन झंडों को लगाने के लिए पोल गाड़ने और झंडे लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम ये झंडे राजधानी के प्रमुख स्थलों और एयरपोर्ट से प्रगति मैदान आने वाले रूट पर जगह जगह लगाए जाएंगे। इसमें प्रमुख रूप से राजघाट और अक्षरधाम भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि भारत पहली बार जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए जी-20 के सदस्य व आमंत्रित सदस्य मिलाकर कुल 29 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को बुलाया गया है। बैठक में अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन भी शामिल होंगे। महमानों के स्वागत के लिए पिछले एक माह से दिल्ली को चमकाने में तमाम विभाग के कर्मी सड़कों पर काम कर रहे हैं। इसके अंतर्गत दिल्ली में करीब 60 सड़कों पर सुंदरीकरण का काम अंतिम चरण में है।



**तैयारी**

▶▶ मुख्य कार्यक्रम स्थल प्रगति मैदान के आसपास तीन जगहों पर इसी तरह से झंडे लगेंगे

# दो महिला साथियों की मदद से नेपाल से दबोचा गया सेंधमार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिणी** जिले की एएटीएस की टीम ने सेंधमारों के एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो महिलाओं समेत कुल तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। महिला आरोपितों की पहचान कोटला मुबारकपुर की सरिता और प्रेमावती के रूप में और अन्य बदमाश की पहचान उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित आलमबाग के सुमित के रूप में हुई है। सुमित को पुलिस ने नेपाल स्थित नेपालगंज से गिरफ्तार किया है। पुलिस को उनके पास से चोरी के एक किलो और 100 ग्राम वजन के सोने को दो बिस्किट बरामद हुए हैं।

**सोना और कैश लेकर हुए गायब:** पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि 24 जुलाई को एनडीएसई पार्ट एक स्थित टॉप फ्लोर हाउसिंग सोसाइटी के एक घर में सेंधमारी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि कुछ अज्ञात लोग उनके घर से उक्त सोने के बिस्किट और साढ़े तीन लाख नकद उड़ा ले गए हैं।

**गिरफ्तार**

▶▶ पुलिस को उनके पास से चोरी के एक किलो और 100 ग्राम वजन के सोने को दो बिस्किट बरामद हुए हैं

# दिल्ली के फुटबॉलर खेलेंगे तो देखेगी दुनिया और तालियां बजाकर करेगी प्रशंसा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के चैंम्पियन फुटबॉल खेलेंगे तो पूरी दुनिया देखेगी और तालियां बजाकर इनकी प्रशंसा करेगी। अगले कुछ सालों में ये कामयाबी मिलने की उम्मीद है। यदि ऐसा हुआ तो दिल्ली में बड़ी संख्या में फुटबॉल के चैंम्पियन खिलाड़ी और इनकी कई टीमें नजर आएंगी। एमसीडी के ग्रास रूट फुटबॉल प्रोजेक्ट का पहला चरण सफल होने के बाद इसकी उम्मीद बढ़ गई है। निगम आयुक्त ने इस परियोजना के विस्तार को मंजूरी दे दी है। जल्द ही छह और जोनों में हर एक के दो-दो क्लस्टर में निगम स्कूलों के बच्चों को फुटबॉल की ट्रेनिंग देनी शुरू की जाएगी। निगम ने करीब साल भर पहले 12 जोन में से केवल नजफगढ़ जोन में अपने स्कूलों के बच्चों को फुटबॉल की ट्रेनिंग देना शुरू किया था। पहले बैच के बच्चों की अब फुटबॉल की एक मजबूत टीम बन गई है। ये टीम देशभर में जाकर जूनियर लेबल के टूर्नामेंट खेल रही है और धूम मचा रही है। इस सफलता को देखते हुए निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने छह जोनों पश्चिमी, रोहिणी, नरेला, केशवपुरम, सिविल लाइन व शाहदरा उत्तरी में इस परियोजना का विस्तार करने का आदेश जारी कर दिया है। हरेक जोन में दो-दो क्लस्टर में निगम स्कूलों के बच्चों को फुटबॉल की ट्रेनिंग जल्द दी जाएगी। शीघ्र ही यहां पर फुटबॉल कोच व खेल के सामान का इंतजाम हो जाएगा। इससे खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा।

**हेल्थ, फिटनेस बढ़ाने के लिए शुरू किया प्रोजेक्ट:** निगम के शिक्षा विभाग की मानें तो बच्चों का हेल्थ व फिटनेस ठीक रहे इसके लिए ग्रासरूट फुटबॉल प्रोजेक्ट शुरू किया था।

बच्चे खेलेंगे तो न केवल स्वस्थ होंगे, बल्कि उनकी पढ़ाई अच्छी होगी। बच्चों को एक दिशा मिलेगी। अब इसकी सफलता के बाद लगता है कि यदि इनमें से अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे तो वे ओलंपिक्स के लिए तैयार होंगे। बच्चों को सुबह शाम ट्रेनिंग कराई जाएगी। एमसीडी के तीन हिस्से थे, तो दक्षिणी निगम में ग्रास रूट फुटबॉल प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। तब नजफगढ़ जोन में ककरौला स्टेडियम में बच्चों को फुटबॉल व अन्य खेलों की ट्रेनिंग शुरू की गई थी।

बाद में फुटबॉल की ट्रेनिंग के लिए मजबूत बंदोबस्त किया गया। अब शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जिन जोनों में स्टेडियम हैं और जहां नहीं हैं वहां स्थानीय खेल मैदानों में बच्चों की ट्रेनिंग शुरू की जाएगी। बाद में क्लस्टर की संख्या बढ़ाई जा सकती है।



**ग्रास**

▶▶ एमसीडी के ग्रास रूट फुटबॉल प्रोजेक्ट का पहला चरण सफल होने के बाद इसकी उम्मीद बढ़ गई ह

# पीएम मोदी के संबोधन के दौरान बेहोश हुआ शख्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को चार दिनों की ग्रीस यात्रा के बाद दिल्ली पहुंचे। यहां पालम एयरपोर्ट पर जेपी नड्डा समेत तमाम नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी वैज्ञानिकों को मेरा सैल्यूट है। हम वहां पहुंचे जहां कोई नहीं पहुंचा था। उन्होंने कहा कि हमने वो कर दिया जो आज तक कोई नहीं कर पाया था। पीएम के संबोधन के दौरान एक शख्स बेहोश हो गया। इसके बाद पीएम मोदी के डॉक्टरों की टीम ने उसका इलाज किया। इससे पहले पीएम मोदी बंगलुरू में इसरो के वैज्ञानिकों से मिले। इसके बाद दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरते ही जेपी नड्डा समेत तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि आपके मार्गदर्शन में मिशन सफल हुआ। पीएम मोदी की अगुवाई में देश का विकास हो रहा है। चंद्रयान-3 की सफलता पर देश को गर्व है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 23 अगस्त को अब नेशनल स्पेस डे मनाया जाएगा। नेशनल स्पेस डे हमेशा प्रेरित करेगा। इसरो ने मेक इन इंडिया अभियान को चांद तक पहुंचाया है। वैज्ञानिकों ने तपस्या से विश्वास कमाया है। चंद्रयान 2 के पदचिन्हों वाली जगह का नाम तिरंगा प्वाइंट रखा है। चंद्रयान 3 के लैंडिंग प्वाइंट का नाम शिव-शक्ति प्वाइंट रखा है।

# महिला बैंक कर्मचारी के घर से लाखों की नकदी-गहने उड़ाए




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिणी** दिल्ली के लाजपत नगर पार्ट दो स्थित विनोबापुरी में रहने वाली खुशबू रोज की तरह ड्यूटी के लिए बैंक गई थी। वहीं, उनके पति सौरभ अग्रवाल किसी काम से मुबंई गए थे।

**शिकायत के बाद दर्ज किया गया मामला:** इसी बीच उनके घर से एक लाख नकद, 200 यूएस डालर, तीन सोने की अंगूठी, एक कान की रिंग, एक सोने की चेन, एक मंहगी घड़ी और 500 ग्राम चांदी के सिक्के चोरी कर चोर फरार हो गए। फिलहाल शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़िता कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित एक निजी बैंक में कार्यरत हैं। 21 अगस्त की सुबह 11 बजे वह ड्यूटी के लिए बैंक चली गई थी। उनके पति काम से मुबंई गए थे। रात करीब 8.15 बजे वापस आई तो देखा कि मुख्य द्वार टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो आलमारी टूटी हुई थी। आलमारी के अंदर रखे एक लाख नकद, यूएस डालर व उक्त सामान गायब थे। इस पर उन्होंने तुरंत कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**केस दर्ज**

▶▶ आलमारी के अंदर रखे एक लाख नकद, यूएस डालर व उक्त सामान गायब थे, जांच जारी

# एम्स का नया अध्ययन: दृष्टिबाधितों को मिल जाएं साधन...रोशनी खोने के बाद भी चूम लेंगे आसमां

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नन्ही** उम्र में आंखों की रोशनी खोने के बाद भी अंशु ने हार नहीं मानी। सीखने का जज्बा उसे दिल्ली के एक दृष्टिबाधित विद्यालय तक ले आया। यहां दो साल की मेहनत के बाद उसमें काफी सुधार हुआ। इसी बीच वह एम्स के एक अध्ययन का हिस्सा भी बनी। इसमें दृष्टिबाधित बच्चों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक की तहत 54 तरह के सहायक प्रौद्योगिकी उपलब्ध करवाए गए। विशेषज्ञ यह देखकर हैरान हो उठे कि साधन मिलते ही दृष्टिबाधित बच्चों की सीखने की गति में तेजी आई और उनमें तीव्रता से विकास हुआ। नतीजतन उनकी जिंदगी भी बेहतरी की तरफ बढ़ चली। एम्स ने 54 तरह के दृष्टिबाधित के लिए सहायक प्रौद्योगिकी से होने वाले फायदे पर एक अध्ययन किया। इस अध्ययन के लिए लाजपत नगर और विकासपुरी स्थित एक-एक दृष्टिबाधित विद्यालय को चुना गया। इनमें से एक स्कूल लड़कों का और दूसरा लड़कियों का था। अध्ययन से पूर्व बच्चों की सीखने की कला और उनके कौशल विकास की समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से 54 तरह के सहायक प्रौद्योगिकी उपलब्ध करवाए गए। इनमें ब्रेल, बोलने वाली छड़ी और घंडी, टाइप राइटर सहित अन्य उपकरण शामिल रहे। अध्ययन के दौरान बच्चों में सीखने की कला, उनके कौशल विकास में काफी सुधार हुआ।

**सभी उपकरण जरूरतों के आधार पर किए गए तैयार:** इस अध्ययन के संबंध में एम्स के डॉ. आरपी सेंटर के प्रोफेसर डॉ. सूरज सिंह सेनजम ने बताया कि अध्ययन में पाया गया कि यदि बच्चों को सभी उपकरण उपलब्ध करवाए जाते हैं तो बच्चों में सीखने की गति बढ़ जाती है। यह सभी उपकरण बच्चों की जरूरतों के आधार पर तैयार हैं। जबकि कुछ समय पहले एम्स के ही एक अध्ययन में पाया गया था कि दृष्टिबाधित को पर्याप्त उपकरण उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे, जिससे उनके सीखने की गति, कौशल विकास प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि अध्ययन के बाद सभी नेत्रहीन स्कूलों में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया है।

**आधे से ज्यादा बच्चों को हुआ फायदा:** अध्ययन के दौरान आधे से अधिक छात्रों में दृष्टि तीक्ष्णता को सर्वोत्तम रूप से सुधारा गया। वहीं पाया गया कि बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे हैं जिन्हें दृश्य-आधारित सहायक प्रौद्योगिकी से लाभ होगा।

### 1887 छात्रों पर हुआ अध्ययन

**साल** 2019-20 के तहत प्रमाण पत्र हासिल करने वाले बच्चों पर अध्ययन हुआ। इन छात्रों में से 25.7% रेटिना समस्याएं, 25.5% ग्लोब असामान्यताएं, 13.6% ऑप्टिक तंत्रिका शोष, 12% भेंगापन से पीड़ित थे। अध्ययन में शामिल छात्रों में पहचानी जाने वाली सामान्य नेत्र संबंधी समस्याएं थीं।




**अध्ययन**

▶▶ अध्ययन के दौरान आधे से अधिक छात्रों में दृष्टि तीक्ष्णता को सर्वोत्तम रूप से सुधारा गया: एम्स

## न्यूज फ्लैश

### रोटरी क्लब आफ गन्नौर रोयल का अधिष्ठापन समारोह आयोजित

गन्नौर: रोटरी क्लब आफ गन्नौर रोयल का अधिष्ठापन समारोह जीटी रोड स्थित कनक गोर्डन में आयोजित हुआ। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गर्वनर प्रियतोष गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जतिन जैन को क्लब के नए प्रधान, नितिन जैन को सचिव, गौरव जैन को कैशियर की शपथ दिलाई गई। क्लब ने प्रधान जतिन जैन ने वर्ष भर किए जाने वाले सामाजिक कार्यों का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि क्लब के द्वारा नेत्रदान जागरूकता अभियान, नेत्रहीनों को स्मार्ट स्टीक, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, छात्रों की सहायता, 100 लोगों का मोतियाबिंद का अप्रेशन, रक्तदान शिविर समेत 50 से अधिक प्रोजेक्ट किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रशांत राज शर्मा, मनीष गोयल, सुभाष जैन, डॉ. मनोज भाटला, डा. मनोज विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। अजय त्यागी, अनिल जैन, रजत जैन, नितिन बंसल, प्रवीण मित्तल, सुरेंद्र शर्मा, अजय जैन, रोहित गोयल, अखिल जैन, श्वेत मित्तल, मोहनपाल, हिमांशु जैन आदि ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग दिया।

### विजेता टीम के साथ संचालक रविंद्र धनखड़ा व स्टाफ

गन्नौर: सोनीपत के इंडियन स्कूल में चल रही चार दिवसीय जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के पहले दिन रतिराम स्कूल व स्पोर्टस एकेडमी खुबड़ु की गर्ल्ज टीम ने वालीबाल में स्वर्ण पदक जीता है। एकेडमी की टीम अब प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। रतिराम मेमोरियल स्कूल एवं एकेडमी के संचालक रविंद्र धनखड़ ने बताया कि उनके स्कूल की गर्ल्ज टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक गोहाना की टीम को 12 अंको से करारी हार दी। रतिराम स्कूल की टीम को इस मैच में 15 अंक मिले जबकि प्रतिद्वंदी टीम 3 अंक ही हासिल कर पाई। विजेता टीम का स्कूल पहुंचने पर स्टाफ ने स्वागत किया।

### जन्माष्टमी महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 6 सितंबर को

**टीम एक्शन इंडिया/ दिनेश नौताना**

महेंद्रगढ़। स्थानीय यादव धर्मशाला के सभागार में यादव सभा की ओर से 6 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु स्वामी शरणाानंद महाराज के उत्ताराधिकारी आचार्य अभयदेव यज्ञ ब्रहमा के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं महाश्य भरत सिंह भजन कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभयसिंह यादव ने बताया कि विकास कार्यो में मुख्य रूप से सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय के 6 मंजिले पूरी हो चुकी हैं और भवन का कार्य पूरा होने वाला हैं। यादव सभा नि:शुल्क जनस्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने एवं सर्व समाज सेवा में अग्रिम भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होंने बताया कि 6 सितंबर को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह में क्षेत्र के प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड की बाहरवीं कक्षा, स्नातक व स्नातकोतर में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा आईएएस, आईपीएस, एचसीएस, आईआईटी, नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभाओं तथा राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यार्थी 25 अगस्त तक संस्थान के मुखिया से प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों के साथ यादव सभा में जमा करवा दें। यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभयसिंह यादव ने क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आह्वान किया हैं।

### यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में घुसकर पढ़ रहे छात्र पर जानलेवा हमला, जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा पीड़ित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

नारनौल। हरियाणा के महेंद्रगढ़ हरियाणाा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां के छात्रावास में घुसकर छह-सात लोगों ने बीटेक-द्वितीय वर्ष छात्र को पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ मारपीट भी की। जानकारी के अनुसार जब छात्र पर हमला हुआ वह पढ़ाई कर रहा था। अचानक हुए इस हमले की वजह से वह बचने के लिए भाग भी नहीं सका। उसे घायल अवस्था में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। दोनों ही पक्षों का पहले से कोई पैसे के लेनदेन का मामला चल रहा है। बाद में उसके साथ सभी ने मिलकर लाठी डंडो से हमला कर दिया। इसके बाद वो जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। छात्र की हालत इतनी गंभीर है कि वह इस समय जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित के पिता ने महेंद्रगढ़ सदर थाने में शिकायत दी है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपित नांगल चौधरी के पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष का बेटा बताया जा रहा है। जिसने गुंडों की टीम के साथ यूनिवर्सिटी में प्रवेश कर हॉस्टल के स्टडी रूम में छात्र पर हमला कर दिया। गांव कांवी-भोजावास निवासी सतबीर सिंह ने बताया कि उसका बेटा कौशल हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीटेक-द्वितीय वर्ष का छात्र है।

# दिनदहाड़े हुआ बच्चे का अपहरण, 1.5 घंटे में बरामद

## स्कूल से घर लौट रहा था बच्चा, सीसीटीवी से मिली पुलिस को मदद

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

**चौमुहां में** शनिवार को स्कूल से घर लौट रहे बच्चे का दिन दहाड़े मोटरसाइकिल सवार नकाबपोशों ने अपहरण कर लिया। पुलिस की सतर्कता के चलते करीब डेढ़ घंटे के अंदर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने भोगांव के पास से बच्चे को बरामद किया। कस्बा के मनी थोक निवासी बच्चू सिंह का छह वर्षीय पुत्र भानू चौमुहां के



राधा मोहन सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में कक्षा एक में पढ़ता है। उसकी बहन ज्योति भी इसी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ती है। शनिवार को करीब 12:10 बजे स्कूल की छुट्टी हुई थी। भानू अपने पड़ोसी प्रताप सिंह की पुत्री दिव्या की उंगली पकड़ कर घर जा रहा था, तभी घर से करीब 30 मीटर पहले ही करीब 12 बजकर 15 मिनट पर चेयरमैन सुषमा के घर के समीप खाली पड़े प्लॉट के पीछे से आए दो बाइक सवारों ने भानू का हाथ दिव्या से छुड़ाकर जबरन बाइक पर बैठा लिया। पीछे बैठे व्यक्ति ने नकाब लगा रखा था। बाइक चालक ने हेलमेट पहना हुआ था। उसके बाद में बाइक सवार गलत साइड से चलते हुए अकबरपुर की तरफ भाग गए। घटना नगर पंचायत कार्यालय पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। भानु के पिता एक साधारण किसान, उन्हें घर चलाने के लिए मजदूरी भी करनी पड़ती हैं। उनकी कोई किसी से रंजिश नहीं चल रही है। जैंत पुलिस सीसीटीवी कैमरा के आधार पर जांच पड़ताल में तेजी से जुटी हुई है। आझई चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि चौमुंहा के छल्लन ने घटना की सूचना दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा के आधार पर बाइक सवारों का पीछा किया गया।

## अपने ही बुने जाल में जा फंसा विद्यालय संचालक, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**कोसी शाहपुर** रोड स्थित गांव धानौता में दो विद्यालय संचालकों के बीच पनपी प्रतिस्पर्धा से रंजिश पनप गई। एक विद्यालय प्रबंधक ने दूसरे प्रबंधक को फंसाने के लिए ऐसी साजिश रची की खुद ही अपने जाल में जा फंसा। एक विद्यालय संचालक ने दूसरे के विद्यालय में बंदूक रख पुलिस को खबर दे दी। पुलिस ने जांच की तो मामले का खुलासा हुआ। जिसके बाद आरोपित विद्यालय संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटनाक्रम के अनुसार गांव धानोता में करीब एक माह पूर्व सरस्वती बाल विद्या मंदिर स्कूल में ग्रामीणों की सूचना पर बंदूक मिली थी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की। जांच में खुलासा हुआ कि

**रंजिश**

**एक विद्यालय प्रबंधक ने दूसरे प्रबंधक को फंसाने के लिए ऐसी साजिश रची की खुद ही अपने जाल में जा फंसा**

मामला विद्यालय संचालकों के बीच प्रतिस्पर्धा न रहकर साजिश में बदला था। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक केपी सिंह ने बताया कि जांच में पता चला कि आरोपित बीरबल भी गांव में विद्यालय चलाता है। उसने साजिशन अपने प्रतिद्वंदी सरस्वती बाल विद्या मंदिर के संचालक राम रतन को फंसाने के लिए विद्यालय में बंदूक रखी थी और पुलिस को सूचना दी थी।

## मुठभेड़ के बाद कंटेनर से बरामद की 72 लाख की शराब

## दो शराब तस्कर पुलिस ने दबोचे, एक को लगी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**पुलिस ने** तस्करी कर ले जाई जा रही करीब 72 लाख रुपये की कीमत की अंग्रेजी शराब पकडी है। शराब तस्करों से हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने तस्करी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एक युवक के पैर में गोली लगी है।

पुलिस की गोली लगने से घायल हुए शराब तस्करी के आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना जैत पुलिस व स्वाट टीम मुठभेड़ हाईवे से धौरेरा के जंगलों को जाने वाले रास्ते पर हुई। इनके कब्जे से गैर प्रांत की 451 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। शराब एक कंटेनर में लदी हुई थी। कंटेनर को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा के मुताबिक नयति हास्पिटल के पास लोहे के पुल के नीचे चैकिंग के दौरान एक केन्टर जिसमें अवैध अंग्रेजी शराब तस्करी कर ले जाई जा रही थी को घेरने का प्रयास किया गया। पुलिस को शराब तस्करी होने का इनपुट मिला था। जिसके बाद यह कार्यवाही अमल में लायी गयी। कंटेनर को हाथ देकर रुकवाया गया तो गाडी से उतरकर दशरथ त्यागी व रिंकू त्यागी ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया।

फायर करने के बाद ये लोग मेन रोड से धौरेरा जंगल की तरफ भागे। पुलिस मुठभेड में अभियुक्त दशरथ त्यागी घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।


## छाता में चोरों ने तीन घरों के चटकाए ताले

**मथुरा: छाता कोतवाली** क्षेत्र के छाता देहात में स्थित रामनगर कॉलोनी में एक ही रात में चोरों तीन घरों से को निशाना बना रात ही रात में लाखो की चोरी कर फरार हो गये। पीड़ितों ओमप्रकाश ने बताया कि आकाश नामक लड़का और उसका गिरोह देहात में सक्रिय है और आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। जब सुबह कॉलोनी के लोगों को पता चला कि एक साथ तीन घरो में चोरी हुई है तो लोग हैरान हो गये। आज रात को हम अपने घरों में सो रहे थे। उसी वक्त घर में रखे एक घर से दो मोबाइल, एक लैपटॉप, नगदी करीब 30 हजार और एक बैग और दूसरे घर से एक मोबाइल करीब 500 रुपए तथा तीसरे घर से सोने के कुंडल, सोने की अंगूठी, 12 हजार कैश और करीब 3 जोड़ी चांदी की तोड़िया को चोरी कर ले गए।

## नाडा इंडिया की ब्रांड एम्बेसेडर शिमला की रीता ठाकुर करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

28 अगस्त से 1 सितंबर तक थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित होने कैंपेन फॉर टोबैको फ्री किड्स रीजनल एशिया यूथ एम्बेसेडर समिट में नाडा इंडिया फाउंडेशन की ब्रांड एम्बेसेडर और हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में एमए सोशल वर्क की छात्रा रीता ठाकुर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। इस पांच दिवसीय सम्मेलन में एशियाई देशों के युवा तंबाकू से पेश आ रही सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों और उसके निवारण संबंधी उपायों पर गहन चिंतन मंथन कर सेहतमंद विश्व बनाने का प्रयास करेंगें। नाडा इंडिया फाउंडेशन के संयोजक व कर्मवीर पुरस्कार विजेता सुनील वात्सायन ने बताया कि विश्व में हर वर्ष आठ मिलियन तंबाकू सेवन से अपनी जान गवां बैठते हैं जिनमें से 13 मिलियन लोग नान स्मोकर



होते हैं जो कि न चाहते हुये भी तंबाकू के धुएं की चपेट में आ जाते हैं। आंकड़े चिंताजनक हैं और इन विकराल समस्या से निपटने के लिये ऐसे आयोजित फोरम में विभिन्न देशों के युवाओं को चिंतन मंथन अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है जिससे की आने वाली पीढ़ियों को पैदा होने वाले संकट से बचाया जा सके। उन्होंने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी एचपीयू और उनके वाइस चांसलर प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत में यूनिवर्सिटी के सहयोग और रीटा ठाकुर की सक्रिय भूमिका से नाडा इंडिया फाउंडेशन प्रदेश में स्थानीय युवाओं को तंबाकू के प्रति सजगता प्रदान करने में काफी सार्थक साबित हुआ। फाउंडेशन समय समय पर जीएसटी कौंसिल के समक्ष तंबाकू उत्पादों में टैक्स बढ़ाये जाने का अपना पक्ष रखता रहा है। देश का प्रतिनिधित्व करने पर हर्ष व्यक्त करते हुये रीता ठाकुर ने बताया कि उनके लिये यह पहला मौका है जब वह ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है।

## मजदूरों के लिये गठित बोर्ड करे मजदूर वर्ग का उत्थान: ट्रेड यूनियन लीडर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

ट्रेड यूनियन सीटू के अधीन संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा, हरियाणा ने निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड में पनप रहे भ्रष्टाचार के आरोप लगाये हैं। यूनियन नेताओं का आरोप है कि मजदूरों के कल्याण के उद्देश्य गठित इस बोर्ड में दिनोंदिन बढ़ रहे भ्रष्टाचार के चलते मजदूर वर्ग अपने हितों से वंचित है और निरंतर शोषित हो रहे हैं। शनिवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान सीटू के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह और महासचिव राममेहर सिंह, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष धर्मबीर लौहान, महासचिव कृष्ण नैन, एटक के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह और महासचिव विनोद दडोली सहित अन्य यूनियन लीडरों ने बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुये कहा है कि प्रदेश में निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड का गठन 2005 में हुआ था और अभी तक 18 साल बीत जाने के बावजूद भी आधे



मजदूर पंजीकृत नहीं हुये हैं। यूनियन लीडरों का तर्क था कि प्रदेश भर में 22 लाख से अधिक निर्माण मजदूर है। यदि मनरेगा को जोड़ दिया जाये तो यह गणना लगभग तीस लाख हो सकती है। बोर्ड में मजदूरों के उत्थान के लिये जमा लगभग 4500 करोड़ रुपये के बावजूद भी सरकार मजदूरों को उनको दी जाने वाली सुविधाओं से वंचित रख रही है। उनका आरोप है कि मजदूरों की फैमिली आईडी का लाभ मजदूर वर्ग को नहीं मिल रहा है। बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी गलत ओब्जेशन (आपत्ति) लगाकर मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रख रह हैं। उन्होंनें आरोप जड़े कि इसके साथ साथ बोर्ड के कर्मचारी फैमिली आईडी कार्ड में छेड़छाड़ करके भ्रष्ट तरीके से अपनों को लाभ दे रहे हैं। सभी ने रोष जताया कि बोर्ड सीधे तौर पर भ्रष्टाचार का केन्द्र बन चुका है जिसका सीधा खमियाजा मजदूर वर्ग को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंनें कहा कि यह घोटाला उजागर होने के बावजूद भी बोर्ड कार्यवाही करने की बजाय अपने कर्मचारियों को बचाने में लगी हुई है। यूनियन लीडरों ने यह भी आरोप लगाये कि प्रदेश भर में रोजाना बड़े बड़े कार्यक्षेत्रों पर मजदूर काल का ग्रास बन रहे हैं। अधिकतर साईटों का रजिस्ट्रेशन नहीं है जिससे की मजदूरों में असुरक्षा का आलम नजर आता है। उनकी मांग थी कि निर्माण साईटों पर सेक्योरिटी रजिस्ट्रेशन का कड़ाई से पालन हो ताकि मजदूर वर्ग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

यूनियन लीडरों ने बताया कि राज्य भर में कई जिलों में बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों के पद खाली पड़े हैं जिसके कारण मजदूर अपनी बात नहीं रख पाते है। कई जिलों में कल्याणकारी अधिकारियों की आईडी फंक्शनल नहीं है जिससे मजदूरों को अपनी शिकायतें व्यक्त करने का मौका नहीं मिलता और वे बदहाली में अपना जीवन यापन करने में मजबूर हैं। यूनियन लीडरों ने चेताया कि ऐसी परिस्थितियों में मजदूर वर्ग ऐसी अव्यावस्था के विरोध में एक बड़े आंदोलन का मन बना चुके हैं जिसमें प्रदेश के समस्त मजदूर भागीदारी बनेंगें। इससे पूर्व यूनियन लीडर हरियाणा विधान सभा में विपक्ष पार्टियों के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और किरण चौधरी से मिलकर पूरी स्थिति से अवगत करवाया। नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिलाया कि वे सदन में इस मुद्दे प्रति सवाल उठायेंगें और मजदूर वर्ग को हर संभव सहायता प्रदान करवाने के लिये प्रदेश सरकार पर दवाब बनायेंगें। प्रदेश में सीटू के अधीन लगभग बीस हजार हड़ताली आशा वर्कर्स ने भी अपने आंदोलन की अवधि 29 अगस्त तक बढ़ा दी है। आशा वर्कर्स यूनियन की प्रदेश महासचिव सुनीता और कोषाध्यक्ष ने पत्रकारों को बताया कि उनकी साथी बहनें प्रदेश की लगभग दो करोड़ की आबादी को स्वास्थ्य की हर संभव सेवायें देने में प्रयासरत है परन्तु सरकार उनकी आय में बढ़ोतरी नहीं कर रही है जिससे की उनका जीवन यापन करना ओर भी कठिन होता जा रहा है।

## मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** वित्तीय वर्ष 2021, 2022 और 2023 में राजस्व के मामले में भारत के सबसे बड़े हेल्थ बेनिफिट्स एडमिनिस्ट्रेटर और बेंगलुरु मुख्यालय वाली कंपनी मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी ने 5 रुपये अंकित मूल्य के 28,028,168 इक्विटी शेयरों (2.80 करोड़ या 28.03 मिलियन इक्विटी शेयर) की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) के माध्यम से धन जुटाने की योजना बनाई है। (कुल ऑफर आकार)

कंपनी रिटेल और ग्रुप पॉलिसियों के प्रीमियम अंडर मैनेजमेंट के मामले में भारत में सबसे बड़े हेल्थ बेनिफिट्स एडमिनिस्ट्रेटर के तौर पर प्रतिष्ठित है। कंपनी की रिटेल स्वास्थ्य बीमा बाजार में 14.83 प्रतिशत और समूह स्वास्थ्य बीमा बाजार में 41.71 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वित्तीय वर्ष 2022 में हेल्थ बेनिफिट्स एडमिनिस्ट्रेटर्स द्वारा प्रदान की गई सेवा के मामले में कंपनी की रिटेल और ग्रुप सेगमेंट में हिस्सेदारी 33.67 प्रतिशत है (एफ एंड एस रिपोर्ट के अनुसार)। बिक्री के प्रस्ताव में शामिल हैं – डॉ. विक्रमजीत सिंह छतवाल द्वारा 2,539,092 इक्विटी शेयर तक; मेडिमैटर हेल्थ मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 12,468,592 इक्विटी शेयर तक, बेसेमर हेल्थ कैपिटल एलएलसी द्वारा 6,606,084 इक्विटी शेयर तक (प्रमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरधारक), इन्वेस्टकॉर्प प्राइवेट इक्विटी फंड प्रथम द्वारा 6,275,706 इक्विटी शेयर तक (निवेशक सेलिंग शेयरधारक), विवेक पंडित द्वारा 26,382 इक्विटी शेयर तक, राहुल एम खन्ना द्वारा 22,613 इक्विटी शेयर तक, शंकर राव पालेपू द्वारा (पालेपु नीनाराव के साथ संयुक्त रूप से) 17,337 इक्विटी शेयर तक, प्रमोद मनोहर आहूजा द्वारा (ज्योति आहूजा के साथ संयुक्त रूप से) 17,337 इक्विटी शेयर तक, केशव सांघी (विनीता केशव सांघी के साथ संयुक्त रूप से) द्वारा 17,337 इक्विटी शेयर तक, अमितकुमार गजेंद्रकुमार पाटनी (रुचि अमितकुमार पाटनी के साथ संयुक्त रूप से) द्वारा 13,568 इक्विटी शेयर तक (अन्य बिक्री शेयरधारक)।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिए मांगे आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**उपायुक्त उद्योग** रामेंद्र कुमार ने बताया कि उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश कानपुर द्वारा प्रदेश के स्थानीय दस्तकारों एवं पारंपरिक कारीगरों के विकास के उद्देश्य से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की गयी है। योजनान्तर्गत पारम्परिक कारीगरों जैसे बढई, नाई, कुम्हार, लोहार टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई एवं धोबी के कार्य से जुड़े व्यक्तियों से उक्त समस्त ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिये, योजनान्तर्गत जाति एवं शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। योजनान्तर्गत आवेदन विभाग की वेबसाइट पर 31 अगस्त तक ऑनलाइन करना होगा।

## राष्ट्रीय मीणा महासभा का एक दिवसीय अधिवेशन सम्पन्न

**मथुरा। मीणा महासभा** जिला अध्यक्ष नरेंद्र मीणा के अध्यक्षता में मथुरा में राष्ट्रीय मीणा महासभा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज को जागरूक करने पर जोर दिया गया इस अवसर मुख्य अतिथि रघुवीर सिंह मीणा आईएस रिटायर्ड पूर्व कमिश्नर राजस्थान सरकार गज सिंह मीणा महासचिव राष्ट्रीय मीणा महासभा, मंगल सिंह मीणा और एमपी सिंह मीणा मौजूद रहे सभी ने मीणा समाज की समस्याओं को लेकर चर्चा की और मीणा समाज की खास



सर्टिफिकेट स्टेट कैटेगरी बनवाने में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा हुई यह मीटिंग समाज में बहुत सारी समस्याओं को निस्तारण हेतु ठोस कदम उठाकर समस्याओं का निदान करने के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया।

भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। जिसमें मोहन प्रसाद मीणा, बनी सिंह मीणा, भोपुरा मीणा, बबलू मीणा फकीरा मीणा, खेमचंद मीणा, बाबूलाल मीणा, दिलीप मीणा, परशुराम मीणा, बलराम मीणा, पूरन सिंह मीणा, प्रेम मीणा, देवेंद्र मीणा, अनूप कुमार मीणा, लखपति मीणा, भजन लाल मीणा, मोर सिंह मीणा, श्रीपाल मीणा, श्याम मीणा, राजू कुमार, लक्ष्मी नारायण मीणा, उपेंद्र मीणा, हरदेव मीणा आदि मौजूद रहे।

## जनपद की सड़कों को मॉडल रोड के रूप में किया जाएगा विकसित

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**मण्डलायुक्त** रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सभागार में वृन्दावन विकास प्राधिकरण, ब्रज तीर्थ विकास परिषद, पर्यटन, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई आदि विभागों द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। अवैध निर्माण को प्रतिबंधित करते हुए सभी अवैध निर्माण पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। अभियान चलाकर रूफटॉप पर नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद की सड़कों को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाए, रोड पर बेंच, फसाड़ लाइटिंग, चौराहों का डेवलपमेंट, स्ट्रीट लाइट, वृक्षारोपण, फूट पाथ, फाउंटेन, स्कल्पचर आदि की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में 10 स्कल्पचर बनाए जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करे। और घाटों को विकसित किया जाये और कल्चरल साइट के रूप में बनाया जाए, जहां पर निरंतर रूप से आरती एवं अन्य प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाये। बैठक में निर्देशित किया गया कि पीपीटी मॉडल पर पार्किंग को विकसित किया जाए। नई पार्किंग हेतु जमीन अधिग्रहण के कार्यों में तेजी लाए। इलेक्ट्रॉनिक मैनेजमेंट सिस्टम के अन्तर्गत स्मार्ट पार्किंग सुनिश्चित करे, जिससे श्रद्धालुओं को पार्किंग में उपलब्ध स्थान, किस पार्किंग में कितनी जगह है आदि सुविधाओं से लाभान्वित करें।

**ब्लैकलिस्ट की जाएंगी लापरवाह एजेन्सी:** मंडलायुक्त ने निर्देश दिये कि सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करें तथा कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा किये जा रहे कार्य ससमय पूर्ण नहीं होते हैं, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। लापरवाही पाई जाती है, तो निर्माण एजेन्सी को ब्लैक लिस्ट किया जाए और कांट्रेक्टर पर कार्यवाही की जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी प्रकार के निर्माणाधीन सड़क मार्गों के कार्यों में तेजी लाई जाए।

जनपद में निकास एवं प्रवेश मार्गों को मॉडल रोड़ के रूप में विकसित करें। बैठक में जिलाधिकारी पुलकित खरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, वीसी एमवीडीए नगेन्द्र प्रताप, नगर आयुक्त अनुनय झा, सचिव एमवीडीए राजेश कुमार, ओएसडी प्रसून द्विवेदी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**नए पार्क विकसित करेगा नगर निगम:** बृज तीर्थ विकास परिषद एवं पर्यटन विभाग जनपद में बने विभिन्न ओपन एयर थिएटर (ओएटी) में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए तथा नगर निगम नए पार्क विकसित करे। जनपद में फेमस फूड पॉइंट, फूड स्ट्रीट (चौपाटी) विकसित किया जाए, जहां पर जनपद के विभिन्न प्रकार के प्रसिद्ध व्यंजनों, भोजन, प्रसाद आदि की व्यवस्था हो।

श्रद्धालुओं को मंदिरों के दर्शन कराने के लिए गोल्फ कार्ट की सुविधा, पिंक टॉयलेट के निर्माण, इंटरएक्टिव म्यूजियम, पार्कों के निर्माण, विभिन्न स्थानों पर लाइट एंड साउंड शो कार्यक्रम आदि करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने केशी घाट पर लेजर शो, लाइट एंड साउंड शो की प्लानिंग करने के निर्देश दिए।

## बांके बिहारी लाल को महिलाएं भेज रही रक्षा सूत्र

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**भगवान को** भाव की डोरी से ही बांधा जा सकता है। जगप्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में प्रतिदिन आ रही सैकड़ों राखियां कुछ ऐसा ही संकेत कर रही है। देशभर की बहने जन जन के आराध्य को आस्था के बंधन में बांध कर अपनी सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांग रही है। राखियों के साथ आने वाले पत्रों में कोई बहन अपनी व्यथा लिख रही है। कोई अपनी खुशहाली का बखान कर रही है। प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के कार्यालय में रक्षाबंधन पर्व से हफ्ते भर पहले से सैकड़ों



की संख्या में राखी के लिफाफे आने शुरू हो जाते है। राखी के साथ आने वाली तमाम चिट्ठियो में देश के विभिन्न प्रांतों की बहने अपने आराध्य के साथ परिवार के सुख दुख साझा करती है। किसी बहन को नौकरी की चाहत है तो किसी को संतान की, कोई अपनी मनोकामना पूरी होने पर आभार जता रही है। मन्दिर के उप प्रबंधक उमेश सारस्वत ने बताया कि मंदिर के कार्यालय के अलावा सेवायत गोस्वामी जनों को भी राखियां भक्तों द्वारा भेजी जाती है।

# सुल्तानपुरी: तेजी से वार्ड-42 में हो रहा है विकास: राजेश कुमार

## पार्षद राजेश कुमार ने सुल्तानपुरी वार्ड में सफाई अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक





**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**सुल्तानपुरी** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर-42 से आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद राजेश कुमार ने सफाई अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों को जागरूक किया।

सफाई अभियान की शुरूआत सुल्तान पुरी के वाई ब्लॉक स्थित निगम के स्कूल से की गई, तत्पश्चात निगम के पार्कों में सफाई की गई। पार्षद ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई ढ़िलाई नहीं छोड़ रहें हैं और तेजी से विकास पथ पर अग्रसर हैं।

**वार्ड को क्या मिला नया:** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस 72 हजार वोटर वाली आबादी के क्षेत्र में पार्षद द्वारा पी-फॉर में नए छठ घाट का निर्माण करवाया गया हैं, चूंकि इस वार्ड में पूर्वांचल तबका भी काफी बडी संख्या में रहता हैं जिनको ध्यान में रखते हुए घाट का निर्माण करवाया गया हैं, तो वहीं वाई ब्लॉक और आई ब्लॉक में बच्चों के खेलने व मनोरंजन के लिए दौ बेडमिंटन कोर्ट का भी निर्माण करवाया गया, वहीं गरीब लोगों की सहुलियत के लिए मोहल्ला क्लीनिक की शुरूआत की गई। इसके अलावा पार्कों का नवीनिकरण, झुग्गी बस्तियों में लाईटें व गलियां भी बनवाई गई हैं। पार्षद राजेश ने बताया कि वह सप्ताह में चार-पांच दिन अपने क्षेत्र में दौरे पर रहकर लोगों की समस्या सुनकर उनका तुरंत निवारण करने के लिए तत्पर रहते है।

# रोहिणी : एमसीडी कॉलोनी में वाल्मीकि वीर सेना की हुई बैठक




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रोहिणी** के अवंतिका सेक्टर-1 स्थित एमसीडी कालोनी में वाल्मिकी वीर सेना ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें राय साहब अशोक कुमार पूर्व उपायुक्त व राष्ट्रीय अध्यक्ष वाल्मीकि वीर सेना, सत्यवान पवार दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में रिठाला विधानसभा से धर्मेंद्र टांक को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। तो वहीं दिलावर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रिठाला विधानसभा से नियुक्त किए गए।

मुख्य सलाहकार रामपाल चावरिया एवं महामंत्री सुरेश चौहान, चंद्रपाल, महासचिव निंदर वार्ड-24 एन अध्यक्ष रवि वेद प्रबंधक रविंद्र बहोत उपाध्यक्ष, राजेश वैद् प्रचार सचिव, शिवम टांक मीडिया प्रभारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला समानता दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्षा संत्रा दयानंद वत्स ने ट्रस्ट के मुख्यालय बरवाला में अंतरराष्ट्रीय महिला समानता दिवस पर सभी भारतीय महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत महिला समानता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। महिलाओं में उच्च शिक्षा के प्रति जो जिजीविषा पिछले कुछ वर्षों में दिखाई दी है उससे महिलाओं की लैंगिक समानता के साथ -साथ जीवन के हर क्षेत्र में उनकी बढ़ती भागीदारी इस बात का सशक्त प्रमाण है कि महिलाएं पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक समानता के क्षेत्र में नयी उर्जा से लबरेज हैं।

# सुल्तानपुरी: केजरीवाल ने नहीं रूकने दी दिल्ली में विकास की रफ्तार: खान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी की हमेशा से ही एक ही मंशा रही हैं कि वह दिल्ली वालों की सारी जरूरतों को पूरी करते हुए कैसे रेवन्यू को भी बढ़ाना हैं, दिल्ली में पिछले आठ वर्ष में विकास की गति कम नहीं हुई है। स्कूलों, अस्पतालों तथा फ्लाईओवरों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। ऐसा कहना हैं सुल्तानपुरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-42 में रहने वाले रियाजूद्दीन खान का। उन्होंने बताया कि मेरा जन्म उत्तर प्रदेश के फरूखाबाद में हुआ तथा साधारण किसान परिवार से संबंध रखता हूँ। वहीं आर डी खान ने बताया कि मैं पिछले बीस



साल से राजनीति में हूं। तथा शुरूआत में भाजपा में कार्यकर्ता के रूप में काम किया व बाद में अल्पसंख्यक मोर्चा में जिलाध्यक्ष के रूप मे काम किया, पांच वर्ष संगठन मंत्री, फिर प्रदेश में कार्यालय मंत्री के रूप में भी पदभार संभाला।

**पार्टी में सौंपी गई हैं गई जिम्मेदारी:** अन्ना हजारे आंदोलन के बाद से ही मैने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की, तथा जब से ही मैं निरंतर पार्टी में कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहा हूं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आरडी खान दिल्ली सरकार में माइनॉरिटी कमीशन एड़वाईज़र में मेंबर हैं तथा हाल फिल्हाल में दिल्ली सरकार के सुल्तानपुरी विधानसभा क्षेत्र स्थित आई ब्लॉक स्कूल में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया हैं व वाई ब्लॉक स्थित निगम के स्कूल में पार्षद प्रतिनिधि की जिम्मेंदारी सौंपी गई हैं। वहीं आर डी खान ने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में पिछले आठ वर्ष में विकास की गति धीमी नहीं पड़ने दी है।

# केंद्रीय विद्यालय बवाना में संभागीय खेलकूद की स्केटिंग प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** विद्यालय वायुसेना स्थल बवाना दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली संभाग की 52वीं खेलकूद स्केटिंग प्रतियोगिता (छात्र-छात्रा) का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में दिल्ली संभाग के केंद्रीय विद्यालय की 45 टीमों ने भाग लिया। केंद्रीय विद्यालय बवाना के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों से आए हुए 87 छात्र और 43 छात्राओं ने पिछले चार दिनों में क्वाड एवं इनलाइन की विभिन्न प्रतियोगिताओं के हिस्से बने।

प्राचार्य महोदय ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक तो होते ही हैं, साथ में वे आपसी सहयोग और नेतृत्व की भावना का भी विकास करते हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन दिल्ली संभाग की ओर से नियुक्त निरीक्षक मुन्ना लाल, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय नरेला ने लगातार छात्रों को प्रोत्साहित किया और सभी प्रतियोगियों की खेल भावना की सराहना की। उन्होंने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कठिन परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताया। विद्यालय के संयोजक मुकेश कुमार इस पूरी प्रतियोगिता के सूत्रधार रहे। प्रतियोगिता का समापन 26 अगस्त को किया गया। समापन समारोह में प्राचार्य वीरेंद्र कुमार ने सभी विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए और आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में सहयोगी व्यक्तियों को धन्यवाद दिया। समापन समारोह का संचालन अरुण कुमार ने किया।

# धूमधाम से मनाया गया आरके इंटरनेशनल स्कूल प्रमुख सुनीता शर्मा का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के सफियाबाद रोड़ स्थित आरके इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंध निदेशक सुनीता शर्मा का जन्मदिन समारोह आरके इंटरनेशनल स्कूल में भव्य तरीके से आयोजित किया गया। सुनीता शर्मा ने सभी की मौजूदगी में केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। सभी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर पूरा स्कूल हैप्पी बर्थडे टू यू सुनीता मैम की गूंज से गूंजायामान हो गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर समां बांधा, वहीं बच्चों ने उनके जीवन की विशेष बातों को लघु नाटिका द्वारा मंच पर प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दिया। बाहरी दिल्ली के नरेला में आरके इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंध निदेशक सुनीता शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर स्कूल प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सुनीता शर्मा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल पहुंचने पर सुनीता शर्मा का स्कूली बैंड द्वारा मनमोहक स्वागत धुन बजाकर, पुष्प वर्षा कर, पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्यो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां:** इस दौरान छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। सबसे पहले बच्चों ने जन्मदिन गीत गाकर खुशियों को दोगुना किया। इसके पश्चात हरियाणवी लोकगीतों पर छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्तिमय बनाया। अंत में छात्र-छात्राओं के समूह ने सुनीता शर्मा के जीवन की विशेष बातों को लघु नाटिका के जरिए मंच पर प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दिया।

**कृतज्ञता वृक्ष रहा आकर्षण का केंद्र:** कार्यक्रम में स्वागत कक्ष में लगाया गया कृतज्ञता वृक्ष सबके आकर्षण का केंद्र रहा। वृक्ष पर शिक्षक शिक्षिकाओं, स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए सैकड़ो की संख्या में जन्मदिन बधाई संदेश कार्ड को लगाया गया जिसको सब ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में सुनीता शर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन को इतना यादगार बनाने के लिए मैं आप सभी का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करती हूं और आशा व्यक्त करती हूं कि आप सभी का प्रेम, स्नेह, सहयोग हमेशा बना रहे। आज दिन भर जो खुशी का एहसास रहा उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। पुनः आप सभी का बहुत-बहुत आभार। इस दौरान पूरे स्कूल परिसर को गुब्बारों से भव्य रूप से सजाया गया। कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा, शिल्पी शर्मा, प्रधानाचार्य निधि मेहरा, सोनी झा सहित सभी स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।






# बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है चहुमुखी विकास कार्यों का क्रियान्वयन: मूलचंद शर्मा

**बल्लबगढ़/फरीदाबाद, 26 अगस्त (हरपाल सिंह यादव )।** नारियल फूटा काम भी शुरू बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में आज चहुमुखी विकास कार्यों के क्रियान्वयन हो रहा है। इसके लिए दूसरी सभी पार्टियों के नेता भी दबी जबान से स्वीकार करते हैं। यह बात प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को बल्लबगढ़ के दौरे पर कहीं है। इस दौरान उन्होंने करीब 30 लाख की लागत से बनने वाली 3 आरएमसी और टाइल्स की गलियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज बल्लभगढ़ विधानसभा की संजय कॉलोनी में बनने वाली गली नंबर 45 और उसके लगती अन्य



दो गलियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जहां उन्होंने स्थानीय लोगों के हाथ नारियल फुड़वाकर कार्य की शुरूआत की गई। काबिल ए गौर सबसे खास बात तो यह है कि परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा जहां भी शिलान्यास करते हैं वहां मौके पर काम भी अपने सामने शुरू कराते हैं। उन्होंने कहा कि बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में पहले अन्य पार्टियों के नेता नारियल तोड़कर और काम को भूल जाने वाले लोगो को जनता ने घर बैठने का काम किया है और जो बचे हैं वह भी आगे घर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता को काम चाहिए और भाजपा राज में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति को क्रियान्वित करते हुए जमकर काम हो रहे हैं। इसलिए वह किसी भी कार्य को नारियल तोडने के साथ साथ मौके पर काम की शुरूआत खड़े होकर कराते हैं। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बिना भेदभाव के जमकर विकास कार्य हो रहे हैं । बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में को चहुमुखी विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का भी आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में निवासियों को मूलभूत सुविधाएं देना उनका परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा बल्लभगढ़ की जनता के आशीर्वाद से आज वो प्रदेश सरकार में रहकर आमजन की सेवा का कार्य कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि संजय कॉलोनी और सेक्टर 23 में भरपूर स्वच्छ और मीठे पानी की सप्लाई देने के लिए कार्य चला हुआ है और दिपावाली से पहले पहले मीठा पानी की सप्लाई को यहां और भी बढ़ा दिया जाएगा। इस मोके पर भाजपा नेता टीपरचंद शर्मा, निर्वतमान पार्षद जयवीर खटाना, मंडल अध्यक्ष अनुराग गर्ग, रवि सोनी, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, दिपांसू अरोड़ा, दामोदर, पंडित परसराम,
राजेश लांबा, धनसिंह लांबा सहित कालोनी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वाहन चोरी करने वाले आरोपी को ऑटो सहित किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम शकील अहमद(20) है। आरोपी फरीदाबाद के गांव खोरी का रहने वाला है। आरोपी ऑटो ड्राइवर का काम करता है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम मुख्य सिपाही विकास औ? सिपाही शिव कुमार ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से चोरी के ऑटो सहित सूरजकुंड दिल्ली रोड से काबू किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने ऑटो को पल्ला के



सूर्य विहार से चोरी किया था। जिससे आरोपी बेचने की फिराक में था। आरोपी पहले भी ऑटो चोरी के मामले में जेल जा चुका है। जिसमें आरोपी अभी 2 अगस्त को जेल से आया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ का अधिवेशन संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ का 18वां राष्ट्रीय अधिवेशन जबलपुर मध्य प्रदेश में संपन्न हुआ। जिसमें अंबाला प्रलेस प्रधान तनवीर जाफरी सहित तीन प्रतिनिधियों ने शिरकत की। इस अधिवेशन में भारत के 23 राज्यों से 500 के करीब प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। तीन दिन तक चले इस अधिवेशन में वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों तथा राष्ट्रीय मुद्दों के अतिरिक्त ज्वलंत विषयों पर लेखकोंए कलाकारों व विद्वानों ने विस्तृत चर्चा की। प्रलेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अंबाला से वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रतन सिंह ढिल्लों को सदस्य तथा प्रो गुरदेव सिंह देव को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया। तेलुगु लेखक पी लक्ष्मी नारायण को अगले तीन वर्षों के लिए राष्ट्रीयअध्यक्षए विभूति नारायण राय को कार्यकारी अध्यक्ष तथा पंजाब से डॉक्टर सुखदेव सिंह सिरसा को दूसरी बार राष्ट्रीय महासचिव चुना गया। राष्ट्रीय महासचिव डा सुखदेव सिंह द्वारा प्रलेस का झंडा फहराने उपरांत जनगीत गायन से अधिवेशन का शुभारंभ हुआ।

### असीम गोयल ने किया करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** विधायक असीम गोयल विधानसभा क्षेत्र के तहत करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास व उदघाटन कर लोगों को इसकी सौगात देने का काम किया। इन विकास परियोजनाओं में 60 लाख रुपए की लागत से कंच घर के नजदीक नाले का निर्माण कार्य किया जाना, दुर्गानगर में 37 लाख रुपए की लागत से पेयजल नलकूप का उदघाटन के साथ-साथ लाखों रुपए की लागत से ओल्ड दिल्ली रोड़ का सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। गोयल ने इन विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने के लिए क्षेत्रवासियों व अन्य लोगों को बधाई देते हुए कहा कि दुर्गानगर में नलकूप की मांग बहुत पुरानी थी जोकि आज पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि इन नये नलकूप के लगने से दुर्गानगर, नसीरपुर, गणेशनगर, अशोक विहार, पीकेआर जैन वाटिका स्कूल के पीछे के हिस्से के साथ-साथ आस पास के क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा भाजपा पार्टी विकास कार्यों को करवाने में विश्वास रखती है। सभी को साथ लेकर विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। इसके उपरांत विधायक ने कंचघर में 60 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले नाले के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह भी इस क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतिक्षित मांग थी। इस नाले के बनने से पानी की निकासी बेहतर होगी तथा इस क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ आस पास स्थित लोगों को बरसाती पानी की निकासी के तहत सुगमता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास कार्यों को और तीव्रता से करवाया जायेगा। इसी प्रकार विधायक ने 3 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से ओल्ड दिल्ली रोड़ के सुदृढीकरण के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

### इनेलो की परिवर्तन पदयात्रा पहुंची नारायणगढ़

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल की परिवर्तन पद यात्रा आज यमुनानगर जिले से होते हुए अंबाला में प्रवेश कर गई। अभय सिंह चौटाला के विधानसभा सत्र में होने के कारण उनके बेटे अर्जुन चौटाला ने यमुनानगर के गांव पहाडिपुर से अंबाला के गांव गदौली यनारायणगढ़ से जिले में एंट्री की। यात्रा का 175वां दिन है। अर्जुन चौटाला 11 गांवों का दौरा करते हुए लोगों से रुबरू होंगे। परिवर्तन पद यात्रा को लेकर पार्टी के वर्कर्स में उत्साह है। इनेलो 9 सितंबर तक अंबाला के साथ-साथ पंचकूला जिले को भी कवर करेंगे। अर्जुन ने गांव गदौली और अम्बली में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कई बड़े वादे किए। चौटाला ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने 21 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने पोर्टल खत्म करने बिजली के मीटर को उतार नए मीटर लगवाने समेत कई वादे किए।

# लायंस क्लब ने चेतना स्कूल के बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

**पानीपत, कमाल हुसैन** लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा आज बबैल रोड स्थित काबुली बाग में चेतना स्कूल के 80 बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं मिठाइयां बाटी गई। कार्यक्रम में लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के पूर्व गर्वनर विनय गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं अध्यक्षता लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के प्रधान पवन ढींगडा ने की। क्लब के कोषाध्यक्ष सुखविंदर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। चेतन परिवार के संस्थापक दीपचंद निमोर्ही ने अतिथियों का स्वागत किया और चेतना परिवार की गतिविधियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि विनय गर्ग ने बच्चों को लायंस क्लब की गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि बच्चे मन पर लगाकर पढ़े क्लब उनकी हर संभव मदद करेगा।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर रखी जा रही है नजर

**फरीदाबाद, 26 अगस्त (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने अपने कार्यालय में पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की मीटिंग ली। इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर ओपी नरवाल, डीसीपी हेडक्वार्टर हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल, डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान, डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर मीटिंग रिव्यू कर मौजूदा हालात की जानकारी ली और कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक



खबरें फैला रहे हैं कि उन्हें यात्रा की मंजूरी मिल गई है। लोगों को वहां जाने के लिए उकसा रहे हैं। ऐसे लोगों पर निगरानी रखी जा रही है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सभी डीसीपी, एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने स्तर पर पीस कीपिंग कमेटियों के साथ मीटिंग की जाएगी। पुलिस द्वारा आज शाम से इंटर डिस्ट्रिक्ट व इंटर स्टेट पुलिस नाके लगाकर चेकिंग कर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी ।? फरीदाबाद पुलिस द्वारा करीब 500 पुलिस जवानों की दंगा निरोधक पुलिस टीम तैयार की गई है और इसके अलावा जोन के डीसीपी अपनी फोर्स के साथ मुस्तैद रहेंगे।

**भ्रामक**

**कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक खबरें फैला रहे हैं**

सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है। इन पर भड़काऊ न्यूज, हेट स्पीच से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री चलने वाले, प्रसारित करने वालों फेसबुक पोर्टल, फेसबुक यूजर और यूट्यूब चैनल सहित व्हाट्सएप ग्रुप ट्विटर और टेलीग्राम चैनलों पर निगरानी रखी जा रही है। सरकारी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी भड़काऊ सामग्री वाले यूट्यूब चैनल व फेसबुक पेज/ पोर्टल बंद कर दिए जाएंगे। आपत्तिजनक सामग्री इत्यादि पोस्ट करने या फॉरवर्ड करने वालों पर भी निगरानी रखी जा रही है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीमें सामाजिक सौहार्द खराब करने वाले असामाजिक तत्वो के व्हाट्सएप ग्रुप फेसबुक पोर्टल, यूट्यूब पर नजर बनाए हुए हैं ऐसे असामाजिक तत्वों की लिस्ट बनाई जा चुकी है जिसपर असामाजिक तत्वों की हर गतिविधि पर नजर रखने को कहा और गड़बड़ी दिखने पर उनके खिलाफ तुरंत सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन से अपील है कि वे कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करे और शांति-सद्भाव की भावना बनाए रखे।

# हारट्रोन कर्मचारियों के वेलफेयर के लिए हर संभव प्रयास करूंगा: राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, 26 अगस्त (हरपाल सिंह यादव** हरियाणा की हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने विधायक राजेश नागर को उनकी सेवाओं के नियमितिकरण व अन्य मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। आईटी प्रोफेशनल की बात सुनने के बाद विधायक राजेश नागर ने कहा कि वह उनके वेलफेयर के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2014 में हरियाणा सरकार नियमितिकरण की पॉलिसी बनाकर हारट्रोन के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवाएं नियमित कर



चुकी है। लेकिन अभी तक इस बारे में कोई पॉलिसी नहीं बनाई गई है। उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्टेट ऑफ कर्नाटक व अन्य बनाम उमा देवी में पारित निर्णय पूरे भारत वर्ष को प्रभावित करता है न कि अकेले हरियाणा प्रदेश को। जब हमारे ही देश के विभिन्न राज्यों (जैसे हिमाचल, दिल्ली, पंजाब, उड़ीसा, सिक्किम आदि) की सरकार अपने अधीन कार्यरत अनुबंधित आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए नियमितिकरण की पॉलिसी बना चुकी है तो हरियाणा सरकार क्यों नहीं बना सकती।

# गणित विज्ञान एवं संस्कृति महोत्सव का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज (विद्या भारती द्वारा संचालित) करनाल संकुल के द्वारा गणित, विज्ञान एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिरुद्ध कालड़ा उद्योगपति तथा गौरव टिन्ना व मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई।
कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रदर्शनी, गणित, कंप्यूटर, विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता, संस्कृति ज्ञान परीक्षा गणित, विज्ञान, कंप्यूटर, पत्रवाचन, कथाकथन तथा आशुभाषण रहे।

# वाहन चोरी करने वाले आरोपी को बाईक सहित किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, 26 अगस्त (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश की टीम ने चोरी के वाहन खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की गिरफ्तार आरोपी का नाम ताज मोहम्मद है। आरोपी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के पटवारी का नगला का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-17 वाईपास रोड़ के पास से रेड कर काबू किया गया। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी से पूछताछ में चोरी के 1 अन्य मामले का खुलासा हुआ जिसमें आरोपी ने एक ट्रक चोरी की वारदात को जुलाई में सेक्टर-3 एरिया से 1 ट्रक को चोरी किया था। आरोपी से चोरी किया गया ट्रक हरियाणा के हासी ट्रांसपोर्ट नगर से बरामद किया गया है। चोरी की मोटरसाइकिल को आरोपी ने 5000/-रु में किसी अंजान व्यक्ति से चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए खरीदा था। आरोपी से एक अन्य चोरी के मामले का खुलासा हुआ जिसमें आरोपी ने 1 टाटा 407 गाडी को थाना मुजेसर के एरिया से चोरी किया था। जिसको आरोपी ने किसी व्यक्ति को 60000/-रु में बेच दिया था। खरीदने वाले व्यक्ति ने आरोपी को अभी 10000/-रु नगद दिए थे। वाकी के पैसे अभी लेने बकाया है। वाहन खरीदने वाले आरोपी की क्राइम ब्रांच टीम तलाश कर रही है आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# नाबालिक लडकी को पुलिस चौकी की टीम ने दिल्ली से किया बरामद

**फरीदाबाद, 26 अगस्त (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लबगढ़ श्री राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना सिटी बल्लभगढ़ की टीम अग्रसेन पुलिस चौकी ने घर से लापता हुई नाबालिक लडकी को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नाबालिक लडकी अपने घर से बिना बताए कही निकलगई थी। गुमशुदा लडकी को परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया था। लडकी के नही मिलने पर परिजनों के द्वारा पुलिस चौकी अग्रसेन में गुमशुदगी की शिकायत दी गई। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी टीम ने मामला दर्ज कर लडकी की तलाश शुरू कर




दी। पुलिस टीम को गुमशुदा लडकी के संबंध में अपने सूत्रो से प्राप्त सूचना से दिल्ली का पता लगा। जिसके लिए प्रदीप कुमार चौकी इंचार्ज ने एक टीम गठित कर के दिल्ली के लिए रवाना किया।
दिल्ली के रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया। लडकी के परिजनों के सामने ब्यान कराए गए। जिसमें लडकी ने बताया कि वह किसी बात को लेकर परिजनों से नाराज थी। वह अब अपने परिजनों के साथ जाना चहाती है।

**बरामद**

**लडकी के नही मिलने पर परिजनों के द्वारा पुलिस चौकी अग्रसेन में गुमशुदगी की शिकायत दी गई थी**

# दंगा नियंत्रण के लिए बनाई गई 4 कंपनियों की पुलिस लाइन में हुई ड्रिल, पुलिस आयुक्त आर्य ने निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, 26 अगस्त (हरपाल सिंह यादव )।** दंगा नियंत्रण के लिए बनाई गई रैपिड एक्शन पुलिस फोर्स की आज पुलिस लाइन सेक्टर 30 में ड्रिल की गई जिसमें पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने निरीक्षण कर पुलिसकर्मियो के इक्विपमेंट चेक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ ज्वाइंट सीपी ओपी नरवाल, डीसीपी हेडक्वार्टर हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल, डीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा, डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान, तथा एसीपी क्राइम अमन यादव, एसीपी सिटी बल्लभगढ़ मुनीष, एसीपी सराय देवेंद्र यादव, एसीपी एनआईटी महेश स्योराण, व अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दंगा नियंत्रण के लिए गठित की गई चार कंपनियों की पुलिस लाइन सेक्टर 30 में ड्रिल आयोजित की गई जिसमें पुलिस आयुक्त ने निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को अहम दिशा निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार चार कंपनियों का गठन किया गया जिसमें प्रत्येक कंपनी में 100 से अधिक जवान होंगे और प्रत्येक कंपनी में तीन प्लाटून बनाई गई हैं। तीन कंपनियां तीनों जॉन के प्रत्येक डीसीपी तथा चौथी कंपनी डीसीपी क्राइम की अधीन कार्य करेगी। प्रत्येक कंपनी का कमांडर एसीपी रैंक तथा सेकंड कमांडर इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी होगा और प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर तथा सेकंड कमांडर एएसआई होगा। सेंट्रल जोन में एसीपी



देवेंद्र यादव, एनआईटी जोन में एसीपी महेश श्योराण, बल्लभगढ़ जॉन में एसीपी मुनीश सहगल तथा चौथी कंपनी में एसीपी अमन यादव को कंपनी कमांडर बनाया गया है। कंपनी के जवान लाठी डंडा, टियर गैस और सक्षम आधुनिक हथियार के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजिशन में रहेंगे। पुलिस आयुक्त ने आज रैपिड एक्शन पुलिस फोर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फोर्स के सभी जवानों को इक्विपमेंट दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई। सभी जवान स्मार्ट, अलर्ट और डिसिप्लिन में रहेंगे। ये कंपनी किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक या जातिगत हिंसा या किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत कार्य करेगी। सभी जवानों को एक साथ संदेश पंहुचाने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप के अलावा एक सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है जिससे सभी जवानों को एक समय पर निर्देश दिए जा सकेंगे जिससे सभी जवानों को तुरंत पता चल जाएगा की किसी स्थान पर भी प्रकार की विपरीत परिस्थितियों को तुरंत नियंत्रण में लाया जा सकेगा। पुलिस आयुक्त ने जवानों को ड्रिल के दौरान अहम दिशा निर्देश दिए और जवानों से उनकी ड्यूटी के बारे में समझाया गया। छोटी-मोटी कमियों को दूर करने को कहा। उन्होंने कहा कि जवान किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी के जवान स्मार्ट, अलर्ट और अनुशासन में रहेंगे तथा पुलिस अधिकारियों के निदेर्शों का पालन करेंगे। इन कम्पनियों को फरीदाबाद में किसी भी तरीके दंगे या धरना प्रदर्शन में बलवा, आंदोलन के साथ धार्मिक, साम्प्रदायिक, जातिगत अथवा विभिन्न प्रकार के नियंत्रण के लिए तैयार किया गया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 27 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'जनपद में होगी साइबर क्राइम थानों की स्थापना'

## सभी थानों में गठित होगी साइबर सेल, साइबर अपराधों पर लगाम लगाने मुख्यमंत्री ने बनाई रणनीति

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साइबर अपराधों पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए पुलिस को हर स्तर पर साधन-संपन्न करने का निर्णय लिया है। शनिवार को प्रदेश में साइबर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वर्तमान में परिक्षेत्रीय स्तर पर संचालित साइबर क्राइम पुलिस थानों को अब सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाए और वर्तमान में जिला स्तर पर संचालित साइबर सेल को आगे बढ़ाते हुए हर एक थाने में साइबर सेल गठित किया जाए। मुख्यमंत्री के इस निर्देश के बाद आगामी 02 माह के भीतर प्रदेश में 57 नए साइबर क्राइम थानों की स्थापना होगी, जबकि हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क के अलावा अब साइबर सेल भी क्रियाशील होगा। सभी साइबर पुलिस क्राइम



थाने स्थानीय पुलिस लाइन में स्थापित किए जाएंगे। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के समय में तकनीक के दुरुपयोग से अपराध की प्रकृति भी बदली है। आज कस्टमर केयर फ्रॉड, पेंशन फ्रॉड, बिजली बिल फ्रॉड, वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड, सेक्स्टॉर्सन फ्रॉड, लोन एप फ्रॉड, पार्सल फ्रॉड, फ्रेंचाइजी फ्रॉड, फेक बेटिंग एप, क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, पॉन्जी स्कीम फ्रॉड के मामले देखने को मिल रहे हैं। आम आदमी इसका सीधा शिकार हो रहा है। इससे बचाव के लिए हमें हर स्तर पर सतर्कता बरतनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता सबसे अहम माध्यम है। हमें स्कूली पाठ्यक्रमों में इसे शामिल करना चाहिए। इसके अलावा, बीएसए/डीआईओएस को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करते हुए चरणबद्ध रूप से प्रधानाचार्यों/शिक्षकों और फिर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने जागरूकता सामग्री तत्काल तैयार कर इसे क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। वहीं, साइबर अपराधों के अन्वेषण व विवेचना के लिये पुलिस बल के विधिवत प्रशिक्षण की आवश्यकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले से 05 पुलिसअधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षित पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने जिले के प्रत्येक थाने से 05 निरीक्षक/उपनिरीक्षक को साइट्रेन पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए।

## गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए नगरीय निकायों में 30 तक होगा सेल्फ असेसमेंट

**असेसमेंट**

**4 सितंबर को इसकी समीक्षा होगी। नगरीय निकायों में अप्रैल 2023 में मॉक असेसमेंट आयोजित किया गया था**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योगी** सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं गार्बेज फ्री सिटी बनाने का उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में सेल्फ असेसमेंट की व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए प्रत्येक नगरीय निकाय में 30 अगस्त तक सेल्फ असेसमेंट होगा। 4 सितंबर को इसकी समीक्षा होगी। नगरीय निकायों में अप्रैल 2023 में मॉक असेसमेंट आयोजित किया गया था, जिसने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को निरंतर बनाये रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया था।
**गूगल फॉर्म के माध्यम से किया जाएगा सेल्फ असेसमेंट:** नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि सेल्फ असेसमेंट डेडिकेटेड गूगल फार्म के माध्यम से किया जायेगा, जो गार्बेज फ्री सिटी के मूल्यांकन के प्रत्येक पैरामीटर के मानक को परिभाषित करेगा। यह फार्म नगरीय निकाय द्वारा भरा जायेगा। पूर्ण सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट को जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त की शाम 5 बजे तक है। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों से निर्धारित समय सीमा में इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। चार सितंबर (सोमवार) को सुबह 11 बजे सेल्फ असेसमेंट की समीक्षा की जायेगी।

**फास्ट न्यूज**

### 'निषाद जाति: आरक्षण देने वाले गठबंधन को ही समर्थन'

**टीम एक्शन इंडिया/सहरसा**
आगामी लोकसभा चुनाव में भले ही अभी देरी हो लेकिन सभी राजनीतिक दलों द्वारा संगठन का विस्तार कर तैयारी की जा रही है। उसी कड़ी में विकासशील इंसान पार्टी वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी द्वारा हर घर निषाद आरक्षण संकल्प अभियान के तहत पूरे बिहार का दौरा किया जा रहा है। उसी क्रम में भीषण बारिश के बावजूद हजारो लोगो की उपस्थिति में शनिवार को सुपर मार्केट स्थित कला भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी सुप्रीमो मुकेश सहनी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश सहनी,राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव मिश्रा, मधुकर आनंद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके सिंह, जिलाध्यक्ष रेशमा शर्मा,डॉ चंदन कुमार ने संयुक्त रुप सें दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।कार्यक्रम प्रभारी सह प्रधान महासचिव भोगी साहनी, जिलाध्यक्ष रेशमा शर्मा एवं सामंत कुमार रिंकू ने सभी अतिथियो को पाग चादर देकर सम्मानित किया। सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी ने कहा कि विगत 25 जुलाई से 3 नवंबर तक रथ यात्रा के माध्यम से पूरे बिहार,उत्तर प्रदेश तथा झारखंड का दौरा किया जा रहा है।जो नवम्बर तक चलेगा।इसके माध्यम से दो करोड़ लोगो संकल्प दिलाया जाएगा।जिसके माध्यम सें निषाद आरक्षण की मांग की जा रही है।उन्होंने कहा कि हमारा देश एक है सभी संस्थाएं एक है पद एक है तो फिर निषाद जाति के लोगों को दिए अलग-अलग व्यवहार क्यों किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल एवं दिल्ली में जो निषाद जाति के लोगों को आरक्षण दिया जा रहा है तो बिहार उत्तर प्रदेश एवं झारखंड में क्यों नहीं आरक्षण दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जो गठबंधन निषाद जाति के लोगों को आरक्षण देगी।वीआईपी पार्टी उसी गठबंधन को समर्थन करेगी। उन्होंने उपस्थित निषाद लोगों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को अवश्य पढाए तथा अपने संगठन को मजबूत करते हुए इसे ही वोट देने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपने कीमती वोट को चंद रुपए में बर्बाद ना करें।आपके शक्ति से 18 प्रतिशत वोट तक पहुंच गए हैं। आगे आपका सहयोग बना रहे तो एकदिन राज्य के मुख्यमंत्री तथा देश के प्रधानमंत्री भी अवश्य बन सकते हैं।

### बिहार: बारिश का येलो अलर्ट, उत्तर बिहार की नदियां उफनाई

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
उत्तर बिहार में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। पटना में शनिवार की सुबह से ही लगातार तीसरे दिन भी बारिश हो रही है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण, सारण, पश्चिम चंपारण सहित दरभंगा, मधुबनी और शिवहर के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। दूसरी तरफ लगातार बीते चार दिन से उत्तर बिहार और नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश की वजह से कोसी, बागमती, गंडक सहित कमला नदी उफान पर हैं। लगातार कोसी और गंडक बैराजों से पानी का डिस्चार्ज जारी है। कोसी बैराज ने बीते 13 अगस्त को अपने सभी 56 गेट खोल दिए थे। फिर राहत के बाद बीती रात को सभी फाटक को दुबारा खोला गया है।

## एमपी में चुनाव से दो महीने पहले तीन नए मंत्री बने



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**विधानसभा** चुनाव से करीब दो महीने पहले शिवराज मंत्रिमंडल में शनिवार को 3 नए मंत्रियों को शामिल किया गया। तीनों को राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने राजभवन में शपथ दिलाई। नए मंत्रियों में सबसे पहले महाकौशल से गौरीशंकर बिसेन, विंध्य से राजेंद्र शुक्ला और बुंदेलखंड से पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के भतीजे राहुल लोधी ने शपथ ली। बिसेन और शुक्ला को कैबिनेट मंत्री, जबकि लोधी को राज्यमंत्री बनाया गया है। शिवराज कैबिनेट में अब 33 मंत्री हो गए हैं। 1 पद अब भी खाली है। मंत्रिमंडल विस्तार पर कांग्रेस नेताओं के सवालों पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 75 दिन बाद भी हमारी सरकार आने वाली है। हम अभी विस्तार कर रहे हैं। बाद में फिर देखेंगे क्या करना है। उसके बाद भी हम ही आने वाले हैं और जरूरत पडेगी तो एक विस्तार अभी और करूंगा। इससे पहले मध्यप्रदेश कैबिनेट में 23 कैबिनेट मंत्री, 7 राज्य मंत्री थे।

**जातीय संतुलन**

**75 दिन बाद फिर बनेगी हमारी सरकार; जरूरत पड़ेगी तो एक विस्तार और करूंगा: शिवराज**

ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीजेपी में आने के बाद गठित मंत्रिमंडल को लेकर पूर्व सीएम उमा भारती कई मर्तबा कह चुकी थीं कि मंत्रिमंडल में जातीय संतुलन नहीं है। उमा के इस बयान के पीछे की वजह यह थी कि मंत्रिमंडल में लोधी समाज का एक भी मंत्री नहीं था, जबकि पिछली भाजपा की सरकारों में कुसुम महदेले और जालम सिंह पटेल मंत्री थे। 2014 में बनी केंद्र में मोदी सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती केंद्रीय कैबिनेट में शामिल थीं। विंध्य क्षेत्र में 2018 की विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित सफलता मिलने के बाद भी दमदार नेता राजेंद्र शुक्ला कैबिनेट में शामिल नहीं हो पाए थे।



भाजपा के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की भेंट, किसानों की समस्याओं को बताया।

## उत्तराखंड: अब प्रदेश में बारिश का दौर होगा कमजोर

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड** में अब बारिश से राहत मिलने के आसार हैं। प्रदेश में 28 अगस्त तक कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की बौछारों को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश कम होने की स्थिति में चारधाम सहित राज्य में अन्य स्थानों पर यात्रा कर सकते हैं। प्रदेश में 02 राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 158 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं। शनिवार को देहरादून सहित प्रदेश भर में सुबह धूप निकली। हालांकि आसमान में बादल बने हुए हैं। सूर्यदेव के बादलों के बीच निकल रहे हैं। राजधानी में चिलचिलाती धूप निकली हुई है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान में आज (शनिवार) और 28 अगस्त को उधमसिंह नगर और हरिद्वार को छोड़कर अन्य 11 जिलों में येलो अलर्ट और 27 अगस्त को राज्य भर के लिए येलो अलर्ट जारी है। इस दौरान बिजली चमकने के साथ कई दौर की बारिश होने की संभावना है।

उत्तराखंड में जुलाई में 552.7 एमएम बारिश हुई थी जो सामान्य से 32 फीसदी अधिक है। जबकि, 25 अगस्त तक 342.3 एमएम बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से पांच फीसदी अधिक है।

### 30 को रात्रि 9 बजे से ही रक्षाबंधन का शुभ मुहुर्त: मिश्रपुरी

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**भारतीय** प्राच्य विद्या सोसाइटी कनखल के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पं. प्रतीक मिश्रपुरी ने कहा है कि रक्षा बंधन का त्योहार इस बार 30 अगस्त को मनाना ही श्रेयस्कर होगा। बताया कि त्योहारों में शास्त्र के हिसाब से यदि चलें तो मतभेद हो जाते हैं। पिछली बार की तरह ही इस बार भी रक्षाबंधन के त्योहार में मतभेद हैं। शास्त्रों के अनुसार रक्षा बंधन का त्यौहार भद्रा रहित अपराह्न व्यापिनी पूर्णिमा में करना बताया गया है।

## रक्सौल: माहौल बिगाड़ने वाला पोस्ट डाले जाने के बाद इंटरनेट सेवा बंद

**टीम एक्शन इंडिया/पूर्वी चंपारण**
**जिले के रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र में** शनिवार सुबह 10 बजे के बाद दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने उक्त कारवाई असमाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाल कर लोगों की भावनाओं को भड़काने के प्रयास के बाद किया गया है। उल्लेखनीय है कि नागपंचमी के दिन दरपा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में आयोजित महावीरी झंडा जुलूस के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। इस दौरान दोनों तरफ से ईट पत्थर भी चलाये गये थे। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने 24 से ज्यादा नामजद और 100 से अधिक अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इस घटना के बाद राजनैतिक दलो के लोग भी यहां पहुंचे।जिनमे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व स्थानीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल, सिकटा के माले विधायक बीरेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल है। इन नेताओ ने पिपरा गांव का दौरा कर लोगो को शांति व सौहार्द बनाये रखने को कहा गया। वही कुछ शरारती व असमाजिक तत्व सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालकर लोगों की भावनाओ को भड़काने में जुटे है।




**आत्मनिर्भर** योगी सरकार ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना शुरू की

## स्वदेशी गाय की खरीद पर ट्रांसपोर्टेशन, बीमा का खर्च उठाएगी योगी सरकार

**गौधन**

**पहले चरण में 18 मंडल मुख्यालयों के जनपदों में लागू की जाएगी मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**प्रदेश** के गौ पालकों की आय बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना शुरू की है। इसको लेकर शासन ने शुक्रवार को शासनादेश जारी कर दिया है। शासनादेश में योजना से संबंधिति पात्रता, सब्सिडी के मानक, योजना का उद्देश्य और स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। इसके अनुसार गौ पालक द्वारा दूसरे



प्रदेशों से साहिवाल, थारपारकर, गिर एंव संकर प्रजाति की गाय खरीदने पर उन्हे ट्रांसपोर्टेशन, ट्रांजिट इंश्योरेंस एवं पशु इंश्योरेंस समेत अन्य मदों पर खर्च होने वाली धनराशि पर सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडी गौ पालकों को अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गायों की खरीद पर मिलेगी। यह सब्सिडी गौ पालकों को कुल व्यय धनराशि का 40 प्रतिशत यानी 80 हजार रुपये तक दी जाएगी। पहले चरण में यह योजना प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालय के जनपदों में लागू की जाएगी। इसके बाद इसे प्रदेश के सभी जनपदों में लागू किया जाएगा।